SUNDAY 08.09.2019

अमर उजाला

●● राजधानी वर्ष 17 | अंक 150 | पृष्ठ : 22+4 | मूल्य : साढ़े चार रुपये

नई दिल्ली

• 7 राज्य • 1 केंद्रशा

SCHOLARSHIP – Apply AIBFEE/GD-PI/MERIT

95% or above aggregate marks - 60% of Tuition Fee Waiver ● 90% – 94.99% aggregate marks - 40% of Tuition Fee Waiver
80% – 89.99% aggregate marks - 30% of Tuition Fee Waiver ● 70% – 79.99% aggregate marks - 20% of Tuition Fee Waiver

HURRY, LAST FEW SEATS LEFT CALL- 9719460515, 9997777828, 7300777709

Affiliations Approved by AICTE (All India Council for Technical Education Ministry of HRD, Govt of India) H.N.B. Garhwal Central University (Central Govt. University) UGC Approved University, Ministry of HRD, Govt of India NAAC 'A' Accredited University) Uttarakhand Technical University (State Govt. University) Uttarakhand Board of Technical Education (State Govt. Board), Pharmacy Council of India (PCI), Bar Council of India (BCI), National Council for Teacher Education (NCTE).

COURSES (Fee mentioned are - per year in INR)

SCHOOL OF LAW- SOL

LIBRA College of Law, Dehradun
Aff- HNB Garhwal Central University/UTU

Course		Fee Per Year
B.A. LLB-	5 Year	₹ 50,000/-
LLB-	3 Year	₹ 50,000/-
LLM-	1 Year	₹ 80,000/-

SCHOOL OF PHARMACY- SOP

KIPS JHAJRA DEHRADUN

Course	Fee Per Year
D.Pharma	₹ 45,000/-
B.Pharma	₹ 55,000/-
B.Pharma- Lateral Entry	₹ 55,000/-

SCHOOL OF HOTEL MANAGEMENT- SHM

Course	Fee Per Year
1 Yr Certificate Diploma in Hotel Management AHLEI (USA)	₹ 30,000
BHM Bachelor Hotel Mgmt.	₹ 59,500

SCHOOL OF POLYTECHNIC- SOP पॉलिटेक्निक

Diploma in Engg. (Qualification -Class X Pass)

Course	Fee Per Year
Civil /Mechanical /Electronics /Electrical /Computer Sc.	₹ 25,000
सिविल • मैकेनिकल • इलेक्ट्रानिक्स • इलेक्ट्रिकल • कंप्यूटर साइंस	
Lateral Entry in all Diploma Courses (10+2 PCM/ITI)	₹ 25,000

SCHOOL OF MANAGEMENT STUDIES- SMS

Course	Fee Per Year
B.B.A.+CMA/WCBA(U.S)	₹ 45,000
B.Com.+CMA(U.S)	
B.Com C.A.	₹ 35,000
M.Com	₹ 39,500

BUSINESS SCHOOL

MBA ₹ 97,500
+WCBA/Foreign Tour
APPROVED BY AICTE, MINISTRY OF HRD GOVT. OF INDIA

SCHOOL OF TECHNOLOGY, INFORMATION & COMPUTER SCIENCE- STICS

Course	Fee Per Year
B.Sc. IT+WCBA(U.S)	₹ 31,000
B.C.A.+WCBA(U.S)	₹ 33,000
M.Sc. IT+WCBA(U.S)	₹ 35,000
MCA+WCBA(U.S)	₹ 65,000
MCA+WCBA(U.S) Lateral Entry for (B.Sc IT/BCA)	₹ 65,000

SCHOOL OF LIFE & ALLIED SCIENCES- SLAS

Course	Fee Per Year	Course	Fee Per Year
B.Sc. BioTech./Micro Bio.	₹ 40,000	M.Sc. Micro Bio/Bio Tech	₹ 55,000
B.Sc. Geology	₹ 40,000	M.Sc. Bio Chem./Geology	₹ 49,500
B.Sc. Economics+WCBA (U.S)	₹ 31,000	M.Sc. Statistics+WCBA (U.S)	₹ 39,500
B.Sc. Statistics+WCBA (U.S)	₹ 31,000	M.Sc. Chem./Zoology	₹ 45,000
B.Sc. PCM/CBZ	₹ 28,000	M.Sc. Physics/Botany	₹ 40,000
B.Sc. Home Science	₹ 30,000	M.Sc. Math. / EVS	₹ 35,000

SCHOOL OF ARTS & JOURNALISM- SAJ

Course	Fee Per Year
B.A. (Hons.) Mass Comm.	₹ 40,000
B.A. Economics /English	₹ 28,000
B.A. Socio./Pol. Sc./ Hindi	₹ 28,000
M.A. (Hons.) Mass Comm.	₹ 49,500
M.A. Math.	₹ 35,000
M.A./M.Sc. Geography	₹ 35,000
M.A. Eco./Eng./Pol. Sc./Edu	₹ 35,000

SCHOOL OF AGRICULTURE SCIENCES- SAS

Course	Fee Per Year	Course	Fee Per Year
B.Sc. Agriculture	₹ 59,500	M.Sc. Agri./Agronomy	₹ 59,500
B.Sc. Forestry /Horticulture	₹ 49,500	M.Sc. Ag./Seed Sc.& Tech.	₹ 59,500
		M.Sc. Horticulture /Forestry	₹ 50,000

SCHOOL OF FOOD TECHNOLOGY

Course	Fee Per Year
B.Sc Food Technology	₹ 49,500
M.Sc Food Technology	₹ 59,500

HOSTEL FACILITY In Campus Separate Hostel For Boys & Girls
Fee Per Year Starting From : ₹ 50,000 (Inclusive of fooding)

CAMPUS PLACEMENT See BFITians Working in 400 MNC'S & World Renowned Organizations

CAMPUS EVENTS Gymnasium, Yoga, Music, Sports Clubs, & Many More...

युवाओं की प्रतिभा-ऊर्जा का देशहित में समुचित उपयोग करें : कोविंद

पावन चिंतन धारा की ओर से आयोजित ज्ञानोत्सव राष्ट्रीय युवा सम्मेलन का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत युवा शक्ति से भरा देश है। हमारे युवाओं में अपार प्रतिभा और ऊर्जा हैं, जिसका देशहित समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। युवा अपनी रचनात्मक शक्ति से देश की प्रगति और मानव सभ्यता को नई दिशा दे सकते हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को विज्ञान भवन में 9 वें ज्ञानोत्सव राष्ट्रीय युवा सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। सम्मेलन का आयोजन पावन चिंतन धारा चैरिटेबल ट्रस्ट, गाजियाबाद की यूथ विंग युवा जागृति मिशन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में 10 से अधिक राज्यों से आए युवा शामिल हुए।

राष्ट्रपति ने कहा हमें खुद की, समाज और देश की भलाई और कल्याण के लिए काम करना होगा। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सही दृष्टि और विवेक के लिए शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। एक आत्मनिर्भर और राष्ट्रप्रेमी व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में काम करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं की भूमिका का महत्व पहचानने वालों का देश रहा है। उन्होंने कहा कि पावन चिन्तन धारा आश्रम भी 'युवा अभ्युदय मिशन' के माध्यम से युवाओं के शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयास कर रहा है। संस्था के संस्थापक पवन सिन्हा और उनकी पूरी टीम की सराहना करता हूं। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि युवा अभ्युदय मिशन से देश को बड़ी आशा है। मेरा विश्वास है देश की सामाजिक आर्थिक प्रगति में आप अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। युवा एवं खेल राज्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मंत्रालय यही सोच रहा है कि जो युवा बदलाव के लिए सोचते हैं उन्हें शक्ति प्रदान की जाए। ट्रस्ट के संस्थापक पवन सिन्हा ने कहा कि युवा अभ्युदय मिशन स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित है।

विज्ञान भवन में शनिवार को राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद युवा प्रतिनिधियों व अतिथियों के साथ।

कलाकारों को सम्मानित करते निशंक।

बेटियां ला रहीं गौरव

कोविंद ने कहा, पीवी सिंधू हों, मानसी या हिमा दास, बेटियां देश के लिए गौरव ला रही हैं। हमारे युवा जोश से भरे हुए हैं और 80 करोड़ युवाओं के कौशल से देश नई ऊंचाइयों को छूएगा।

पेंटिंग प्रदर्शनी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में मिथिला पेंटिंग्स की प्रदर्शनी 'लिखिया' के दौरान मनमोहक पेंटिंग्स को देखती महिलाएं।

मिस सेक इंडिया के जरिए जापान तलाशेगा भारत में सांस्कृतिक दूत

नई दिल्ली। भारत में जापान की मिस सेक प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। इस बारे में जापान के राजदूत केंजी हीरामात्सु के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मिस सेक जापान 2019 की विजेता सेइ हरुता ने बताया कि मिस सेक इंडिया 2020 के पहले दो चरण मुंबई और दिल्ली में होंगे। इसके बाद फरवरी 2020 में फाइनल होगा। विजेता को 17 मार्च को क्योटो जापान में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता के नियम मिस सेक प्रतियोगिता के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताए जाएंगे। जापानी खान-पान और परंपराओं के सांस्कृतिक दूत की तलाश के लिए यह प्रतियोगिता विभिन्न देशों में आयोजित की जाती है। इसमें जापानी संस्कृति की समझ और जानकारी रखने वाले प्रतियोगियों को प्राथमिकता दी जाती है। ब्यूरो

होटल में बिजली चोरी कराने वाले एसडीओ समेत तीन निलंबित

गाजियाबाद। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र की लोहा मंडी स्थित केशव होटल में बिजली चोरी होने के मामले में एसडीओ समेत तीन अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। जांच के बाद मामले में पश्चिमांचल के एमडी आशुतोष निरंजन ने यह कार्रवाई की है। एमडी ऑफिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिजली विभाग की ओर से जारी शिकायती नंबर-9193330020 पर एक महीने पहले उक्त शिकायत की गई थी। अधिशासी अभियंता द्वारा टीम के साथ केशव होटल पर 17 अगस्त को छापा मारा गया। इसमें पाया कि होटल संचालक आठ किलोवाट के कनेक्शन पर होटल में 23 एसी चला रहे थे। होटल में बिजली मीटर नो डिस्पले के साथ चल रहा था। साथ ही उसकी बाहरी सील टूटी हुई थी। इसके बाद दूसरा मीटर लगवाकर, वहां से पुराना मीटर जांच के लिए लैब भेज गया। मीटर की एमआरआई कराने पर संज्ञान में आया कि कनेक्शन पर 10 दिन की खपत 1502 यूनिट होती है व अधिकतम अधिकतम डिमांड 26 किलोवाट होती है। इसके साथ ही जांच में पाया कि एसडीओ आदित्य कुमार, टीजी-2 नंदकिशोर और कार्यालय सहायक दीपक कुमार की मिलीभगत से होटल संचालक चोरी की बिजली कर रहा था। एमडी ने तीनों अधिकारियों को शनिवार रात को जांच पूरी होने के बाद सस्पेंड कर दिया। वहीं आय से अधिक संपत्ति के मामले में एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने शनिवार को गाजियाबाद के एक बाबू को गिरफ्तार कर सिहानी गेट पुलिस के हवाले कर दिया। ब्यूरो

लोहा मंडी स्थित केशव होटल में आठ किलोवाट पर चल रहे थे 23 एसी

फरीदाबाद : 72 ट्रेनें निरस्त आठ के रूट बदले, यात्रियों की बढ़ी दिक्कत

फरीदाबाद। दिल्ली के तुगलकाबाद-पलवल रेलखंड के बीच चौथी रेल लाइन को जोड़ने के लिए बल्लभगढ़ स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग का काम चल रहा है। इसके कारण फरीदाबाद-बल्लभगढ़ से होकर गुजरने वाली करीब 72 ट्रेनों को 11 सितंबर तक निरस्त कर दिया गया है। आठ महत्वपूर्ण ट्रेनों के रूट बदल दिए गए हैं। वहीं यात्री सुविधा को देखते हुए आठ ट्रेनों को आंशिक रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा दिल्ली-पलवल रूट पर संचालित होने वाली सभी 44 ईएमयू ट्रेनें दो सितंबर से ही निरस्त हैं। इससे दिल्ली-बल्लभगढ़ के बीच के यात्रियों को विकल्प के रूप में मेट्रो व रोडवेज बसें राहत दे रही हैं। वहीं, पलवल के यात्रियों के लिए दिल्ली पहुंचना काफी दूर हो गया है। शुक्रवार को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से होकर संचालित होने वाली अधिकांश ट्रेनें निरस्त रही। कुछ ट्रेनें एक घंटे से दस घंटे तक विलंब से संचालित की गई। इसके कारण आगरा, भरतपुर, मध्यप्रदेश समेत दक्षिण भारत की तरफ जाने वाली अधिकांश ट्रेनों के यात्री स्टेशन परिसर में पूछताछ केंद्र पर मंडराते दिखे। यहां होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें काफी विलंब से संचालित हुई। शुक्रवार रात को दिल्ली की तरफ जाने वाली झेलम एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें भी नहीं चली। यात्रियों से अपील की है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपने ट्रेनों के संचालन से जुड़ी जानकारी लेकर निकलें। ब्यूरो

मोटी कहने वाले पति पर मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद। एसीजेएम कोर्ट में एक महिला ने व्यापारी पति के खिलाफ शिकायत दी थी। उसका कहना है कि उसके पति ने उसे मोटी होने पर छोड़ दिया है। वह उसे मोटी कहकर बोलता है। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया है था। एसीजेएम अदालत ने महिला थाने को आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। गोविंदपुरम की रहने वाली एक पारूल गर्ग की मार्च 2018 में बुलंदशहर के सिकंदराबाद के रहने वाले अभिनव गर्ग से शादी हुई थी। पारुल का आरोप है कि शादी के बाद वह थोड़ी हेल्दी हो गई थी, जिसके बाद उसका पति उसे मोटी कहकर बुलाना लगा। दो महीने बाद ही उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद उसने जनवरी 2019 में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे लेकर वह एक बार फिर सुसराल गई। लेकिन उसके पति ने अपनी बच्ची को अपना होने से मना कर दिया, जिसके बाद उसके साथ मारपीट की। वह मायके आ गई और महिला थाने में पति के खिलाफ शिकायत दी। इसके बाद उसने घरेलू हिंसा का कोर्ट में केस दर्ज कराने की शिकायत दी। उसका कहना है कि इस बीच उसके ससुराल के लोगों ने उसे मारने की कोशिश भी की है। इस मामले में महिला थाने में पति, ससुर, सास बबीता, ननद आयुर्षि गर्ग और देवर आकाश गर्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। ब्यूरो

एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर हुई एफआईआर

सुविधा | एनसीआरटीसी ने रैपिड ट्रेन कोच बनाने के लिए मांगे इंटरनेशनल टेंडर

2022 तक गाजियाबाद को मिलेंगे पहली रैपिड ट्रेन के कोच

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। निर्माण से जुड़ी सभी बाधाएं दूर होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने रैपिड ट्रेन कोच निर्माण की दिशा में काम शुरू कर दिया है। 2022 में गाजियाबाद को देश की पहली रैपिड ट्रेन के कोच तैयार होकर मिल जाएंगे जो अप्रैल 2023 में साहिबाबाद से दुहाई के बीच दौड़ेगी। ट्रेन निर्माण को लेकर एनसीआरटीसी ने इंटरनेशनल टेंडर आमंत्रित किया है। टेंडर डालने वाली कंपनी की तकनीकी और वित्तीय निविदा को अलग-अलग परखा जाएगी। तकनीकी निविदा में पास होने के बाद भी वित्तीय टेंडर को देखा जाएगा। उधर, कॉरिडोर निर्माण को लेकर सिविल वर्क से जुड़े सभी टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

सरांय काले खां से मेरठ के बीच 82 किमी का रैपिड ट्रेन कॉरिडोर बनाया जा रहा है। 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत में बनने वाले इस कॉरिडोर के पहले चरण में दुहाई से साहिबाबाद के बीच अप्रैल 2023 में ही रैपिड ट्रेन को चलाने की तैयारी है। इस दिशा में एनसीआरटीसी की तरफ से प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। करीब 19 किलोमीटर की दूरी में चलने वाली देश की पहली रैपिड ट्रेन के कॉरिडोर का निर्माण भी प्रगति पर है। काम समय पर पूरा हो इसके लिए एनसीआरटीसी ने मेरठ तिराहे से दुहाई और साहिबाबाद से मेरठ तिराहे के बीच की दूरी को दो हिस्सों में बांट कर निर्माण किया जा रहा है। पहले हिस्से में दुहाई से मेरठ तिराहे के बीच काम चल रहा है जबकि दूसरे हिस्से का सिविल टेंडर जारी हो चुका है। कंपनी अगले एक सप्ताह में निर्माण शुरू कर देगी। उधर, सभी विभागों से निर्माण से जुड़ी एनओसी भी मिल चुकी है। अब एनसीआरटीसी ने ट्रेन की बोगी समय पर उपलब्ध कराने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिड ट्रेन कॉरिडोर के निर्माण की सभी बाधाएं दूर

सितंबर तक मिलेगी पहली ट्रेन

एनसीआरटीसी ने पहले चरण का कॉरिडोर तैयार करने के लिए अक्तूबर 2022 की समय सीमा रखी है, जिससे की मार्च तक रूट का ट्रायल रन व अन्य विभागों से एनओसी मिलने का काम पूरा हो सकी। निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टेंडर हासिल करने वाली कंपनी को सितंबर 2022 तक पहले ट्रेन तैयार करके दुहाई यार्ड में खड़ी करनी होगी, जिससे की चार-पांच महीने आसानी से ट्रायल रन किया जा सके। इसके साथ ही अप्रैल 2023 तक चार अन्य ट्रेन उपलब्ध करानी होंगी। इनकी संख्या घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है।

गुरुग्रामः जीएमडीए रैपिड मेट्रो लेने को तैयार, 3 हजार करोड़ का घाटा नहीं

गुरुग्राम। रैपिड मेट्रो की बागडोर संभालने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने कमर कस ली, मगर इसके आड़े रैपिड मेट्रो का करीब तीन हजार करोड़ रुपये का घाटा आ रहा है। जीएमडीए अधिकारियों की मानें तो आईएल एंड एफएस कंपनी रैपिड मेट्रो की आड़ में अपना 3 हजार करोड़ का घाटा भी सरकार को सौंपना चाहता है जिसके लिए वह तैयार नहीं है। जीएमडीए की निगाहें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय पर है। न्यायालय के फैसले के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। आईएल एंड एफएस इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से इसका करार कर नवंबर 2013 से रैपिड मेट्रो का संचालन शुरू किया गया था। पहले चरण में सिकंदरपुर से शंकर चौक तक 5.1 किमी के ट्रैक पर रैपिड मेट्रो का संचालन शुरू किया गया था। ब्यूरो

'ओलंपिक के लिए छोटी चीजों पर भी ध्यान जरूरी'

नई दिल्ली। निशानेबाज यशस्विनी सिंह देसवाल ने हाल में रियो विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता और उन्होंने कहा कि अगले साल ओलंपिक खेलों में सफलता हासिल करने के लिए उन्हें 'छोटी' चीजों में सुधार करना होगा। बाईस वर्षीय निशानेबाज ने विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को नौंवा ओलंपिक कोटा दिलाया।

नडाल की खिताबी टक्कर मेदवेदेव से

स्पेन के राफेल 19वें ग्रैंड स्लैम की दहलीज पर, जीते तो फेडरर से एक खिताब ही दूर रह जाएंगे

न्यूयॉर्क। स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने इटली के माटियो बेरेटिनी को शिकस्त देकर पांचवीं बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। अब उनकी कोशिश रविवार को होने वाले फाइनल को जीतकर 19वां ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डालने की होगी।

विश्व रैंकिंग में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 'राफा' ने आर्थर ऐश स्टेडियम में बेरेटिनी को 7-6 6-4 6-1 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना रूस के पांचवें वरीय दानिल मेदवेदेव से होगा जिन्होंने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6 6-4 6-3 से मात दी। अगर नडाल यहां खिताब जीत लेते हैं तो वह रोजर फेडरर के सर्वकालिक पुरुष रिकॉर्ड से महज एक ट्रॉफी दूर रह जाएंगे। वह अपने 27वें ग्रैंडस्लैम फाइनल में खेलेंगे। उन्होंने पिछले महीने मेदवेदेव को मांट्रियल फाइनल में हुई भिड़ंत में पराजित किया था। मेदवेदेव 23 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचे हैं और पिछले छह हफ्तों में काफी अच्छा खेल रहे हैं जिसमें वाशिंगटन और कनाडा में उप विजेता रहना और सिनसिनाटी में खिताब जीतना तथा यहां अमेरिकी ओपन में फाइनल तक पहुंचना शामिल है। वह इस वर्ष सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं जिनमें चार लगातार हैं। एजेंसी

us open

27 वीं बार ग्रैंडस्लैम और 5वीं बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे नडाल

सेमीफाइनल में राफेल ने बेरेटिनी को और दानिल ने दिमित्रोव को हराया

बेरेटेनी के खिलाफ अंक हासिल करने के बाद जोश में स्पेन के राफेल नडाल।

फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। सत्र के शुरू में कुछ कठिन परिस्थितियों के बाद यहां पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मेरे पास एक और मौका होगा। - **राफेल नडाल**

मैं पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बेहद रोमांचित हूं। जब मैं यूएस ओपन खेलने के लिए आ रहा था तो मुझे नहीं पता था कि यह इतना अच्छा होगा। -**दानिल मेदवेदेव**

राफेल की निगाह चौथी बार यूएस ओपन ट्रॉफी पर

राफेल ने सत्र के शुरू में कूल्हे की चोट के बाद वापसी करते हुए 12वां फ्रेंच ओपन खिताब हासिल किया था और अब उनकी निगाहें चौथे यूएस ओपन खिताब पर लगी हैं। अगर वह ऐसा कर लेते हैं तो फेडरर, संप्रास और जिमी कोनोर्स के रिकॉर्ड से महज एक खिताब पीछे हो जाएंगे जिन्होंने यहां पांच ट्रॉफियां हासिल की हैं।

01 सेट ही गंवाया है नडाल ने इस बार फाइनल तक के अपने सफर में

18 ग्रैंडस्लैम हैं अभी नडाल के खाते में, सर्वाधिक फेडरर (20) के नाम हैं

20-2 का रिकॉर्ड है छह हफ्तों में मेदवेदेव का, पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल है

09 वर्षों में ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा हैं दानिल

दानिल मेदवेदेव

मरात साफिन के 2005 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने के बाद वह पहले रूसी खिलाड़ी हैं जो पुरुष ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। साफिन के 2000 में ट्रॉफी हासिल करने के बाद अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले भी वह पहले रूसी खिलाड़ी हैं। उन्होंने लगातार तीन एटीपी फाइनल वाशिंगटन, मांट्रियल और सिनसिनाती ओपन के फाइनल में पहुंचे और अब यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचकर वह ओपन इरा में एक सीजन में ऐसा करने वाले तीसरे खिलाड़ी हो गए हैं।

14 साल बाद कोई रूसी ग्रैंडस्लैम फाइनल में

राफेल ने दिग्गज इवान लेंडल को पछाड़ा : नडाल 15 वीं बार गैर क्लेकोर्ट ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं और ऐसा करके उन्होंने पांच दिग्गजों इवान लेंडल (14), कोनोर्स (12), अगासी (12), स्टीफन एडबर्ग (12), जॉन मैकनरो (10) और बोरिस बेकर (10) को पीछे छोड़ दिया है।

	नडाल (बाएं हाथ के खिलाड़ी)	मेदवेदेव (दाएं हाथ के खिलाड़ी)
उम्र	33 वर्ष	23 वर्ष
रैंकिंग	02	04
कद	6 फीट 1 इंच	6 फीट 6 इंच

पाक को हरा भारत अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में

मोरातूवा (श्रीलंका)। मैन ऑफ द मैच चंडीगढ़ के अर्जुन आजाद (121) और तिलक वर्मा (110) की शतकीय पारियों से भारत की अंडर-19 टीम ने शनिवार को एशिया कप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान टीम को 60 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह तय कर ली है जबकि हार के साथ पाक की टीम बाहर हो गई है।

टायरोने फर्नांडो स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 305 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तानी टीम 245 रन पर ढेर हो गई। भारत के लिए अथर्व अनकोलेकर ने 3 विकेट झटके, जबकि विद्याधर और सुशांत मिश्रा को 2-2 विकेट मिले। आकाश सिंह और करण लाल को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान के लिए कप्तान रोहैल नजीर ने 108 गेंदों में 117 रन बनाए लेकिन यह जीत के लिए नाकाफी रहा। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उसने कुवैत को हराया था।

अर्जुन-तिलक ने खेली शतकीय पारियां, अथर्व को तीन विकेट

अर्जुन-तिलक की शतकीय साझेदारी : भारत का पहला विकेट सुवेद पारकर (03) के रूप में जल्द गिर गया था लेकिन अर्जुन और तिलकर ने दूसरे विकेट पर 183 रन की साझेदारी की। अर्जुन ने 111 गेंदों की पारी में 11 चौके और 4 छक्के लगाए तो तिलक ने 119 गेंदों का सामना करते हुए 10 चौके और 1 छक्का जड़ा। शाश्वत रावत ने 18 तो अथर्व ने नाबाद 16 रन बनाए। एजेंसी

न्यूज डायरी

प्रो कबड्डी में हरियाणा स्टीलर्स ने रोका दबंग दिल्ली का विजय रथ

कोलकाता में प्रो कबड्डी मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स के विकास खंडोला (नीली जर्सी) दिल्ली के जोगिंदर सिंह नरवाल की पकड़ से बचने के लिए छलांग लगाते हुए।

कोलकाता। हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी लीग में शनिवार को अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही दिल्ली दबंग को 47-25 से हरा दिया। दिल्ली की टीम आठ मैचों से जीत रही थी। इस जीत के बाद हरियाणा की टीम 13 मैचों में नौ जीत के साथ 46 अंक लेकर अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। हरियाणा के प्रशांत कुमार राय और विकास कंडोला ने दस-दस अंक लिए। अन्य मुकाबले में मेजबान बंगाल वॉरियर्स ने पहले हाफ में मिली दो अंकों की बढ़त गंवाकर गुजरात फॉर्च्यूनजाइंटस से 25-25 से टाई खेला।

पायस जैन को एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रजत पदक

नई दिल्ली। भारत के पायस जैन को मंगोलिया के उलानबटोर में 25वीं एशियाई जूनियर और कैडेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के युआन्यू चेन से 0-4 के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पायस ने शुरू में आक्रामकता दिखाई लेकिन चीनी खिलाड़ी के आक्रामक खेल के आगे उनकी नहीं चली और दिल्ली का यह खिलाड़ी 20 मिनट से कम समय में 11-13 6-11 8-11 5-11 से हार गया। पायस को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

श्रीलंका के कई सीनियर खिलाड़ी पाक दौरे को तैयार नहीं

लाहौर। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कई सीनियर खिलाड़ी सुरक्षा कारणों के मद्देनजर पाकिस्तान दौरे पर जाने से कतरा रहे हैं। श्रीलंका को सितंबर-अक्तूबर में पाकिस्तान दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक वनडे टीम के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने, टी-20 कप्तान लसिथ मलिंगा और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने पाकिस्तान दौरे पर जाने से इनकार किया है। इस संबंध में 9 सितंबर को एक बैठक होने की उम्मीद है।

ऑलराउंडर राशिद खान के बाद जदरान और असगर चमके

चटगांव। इब्राहिम जदरान (87) और असगर अफगान (50) के अर्द्धशतकों तथा पारी में पांच विकेट झटकने के बाद राशिद खान (5/55) के तेज 24 रन से अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शिकंजा कस लिया। मेहमान टीम ने तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में आठ विकेट पर 237 रन बना लिए और उसकी कुल बढ़त 374 रन की हो गई। टीम ने पहली पारी में 342 रन बनाए थे। बांग्लादेश 205 पर सिमट गई थी।

दिलप्रीत जूनियर हॉकी शिविर के लिए घोषित 33 संभावितों में कायम

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार से बंगलूरू में शुरू होने वाले चार हफ्ते के जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 कोर संभावित खिलाड़ियों का चयन किया। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह संभावितों में बरकरार हैं जबकि सुंदरम सिंह राजावत की जगह अब यशदीप सिवाच को शामिल किया गया है।
गोलकीपर : पवन, प्रशांत, साहिल। **डिफेंडर :** सुमन, प्रताप लकड़ा, संजय, यशदीप सिवाच, मनदीप, परमप्रीत, दिनाचंद्र सिंह, नबीन, शारदा नंद, नीरज। **मिडफील्डर :** सुखमन सिंह, ग्रेगरी जेस, अंकित पाल, आकाशदीप, विष्णुकांत, गोपी, विशाल अंतिल, सूर्या, मनिंदर, रविचंद सिंह। **फॉरवर्ड :** सुदीप, राहुल, उत्तम, एस कार्ति, दिलप्रीत, अराईजीत, अमनदीप सिंह, प्रभजोत सिंह, शिवम आनंद और अर्शदीप सिंह। ब्यूरो

बड़े लक्ष्य के आगे लड़खड़ाया इंग्लैंड

383 रन की चुनौती, चौथे दिन 2 विकेट पर 18 रन

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन शॉट खेलते हुए।

मैनचेस्टर। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (82) इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में इस एशेज सीरीज में अपना चौथा शतक लगाने से जरूर चूक गए लेकिन उनकी पारी से मेहमान टीम मेजबानों को 383 रन का लक्ष्य देने में सफल रही। जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 18 रन बना लिए थे।

इंग्लैंड अभी 365 रन पीछे है जबकि आठ विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलियाई पेसर कमिंस ने पहले ही ओवर में लगातार दो गेंदों पर ओपनर बर्न्स और कप्तान जो रूट को बिना खाता खोले आउट कर दिया था। इससे पहले चौथे दिन इंग्लैंड की पारी 301 रन पर सिमट गई थी। मेजबान टीम पहली पारी में 196 रन से पिछड़ी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी छह विकेट पर 186 रन बनाकर घोषित कर दी थी। एजेंसी

स्मिथ सीरीज में चौथे शतक से चूके

82 रन की पारी खेली ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ ने दूसरी पारी में

196 रन की बढ़त मिली थी ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में

संक्षिप्त स्कोर

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 8 विकेट पर 497 रन (घोषित), **इंग्लैंड पहली पारी :** 301, **ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी :** 6 विकेट पर 186 घोषित, **इंग्लैंड दूसरी पारी :** 2/18 रन

वॉर्नर फिर बने ब्रॉड के शिकार : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने लगातार तीसरी पारी में डेविड वॉर्नर को शून्य पर आउट किया। ब्रॉड ने छठी गेंद पर वॉर्नर को एलबीडब्ल्यू कर दिया था। उस समय ऑस्ट्रेलिया ने खाता भी नहीं खोला था। ब्रॉड ने पहली पारी में वॉर्नर को विकेट के पीछे कैच कराया था। जबकि तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में एलबीडब्ल्यू किया था।

2012 तक विपक्षी टीमों में अपने लिए भय या सम्मान नहीं दिखा : कोहली

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि विपक्षी टीम की निगाहों में उनके प्रति भय या सम्मान के अभाव से वह अपने काम करने के तरीके को बदलने के लिए बाधित हुए और 'प्रभावी खिलाड़ी' बनने में सफल हुए। एमी पुरस्कार विजेता पत्रकार ग्राहम बेनसिंगर ने भारत के सबसे लोकप्रिय और सक्रिय खिलाड़ी का साक्षात्कार लिया, जिसमें कोहली ने अपनी फिटनेस के बारे में बात की।

कोहली ने एक स्पोर्ट्स वेब-शो में बताया कि कैसे उन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलियाई दौरे से वापसी के बाद अपनी फिटनेस पर काम किया, जिससे उनके खेल में सुधार हुआ। कोहली ने इसमें कहा, 'ऐसा भी समय था जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतरता था तो विपक्षी खेमे में मेरे प्रति कोई भय या सम्मान नहीं होता था।' उन्होंने कहा, 'मैं मैदान में ऐसे नहीं जाना चाहता कि विपक्षी टीम सोचे कि यह खिलाड़ी इतना खतरनाक नहीं है। मैं सिर्फ कोई अन्य खिलाड़ी नहीं बनना चाहता था, क्योंकि मैं प्रभाव डालना चाहता था। मैं चाहता था कि जब मैं चलूं तो टीमों को सोचना चाहिए कि हमें इस खिलाड़ी को आउट करना चाहिए वर्ना हम मैच गंवा देंगे।'

बोले, काम करने का तरीका बदलने से बना प्रभावी खिलाड़ी

उन्होंने कहा, 'विश्व कप के दौरान प्रत्येक मैच में मेरी ऊर्जा का स्तर 120 प्रतिशत रहता था। मैं इतनी तेजी से उबरा कि प्रत्येक मैच में मैंने औसतन 15 किमी की दूरी तय की।'

टी-20 और टेस्ट सीरीज के लिए पहुंची दक्षिण अफ्रीकी टीम : कप्तान क्विंटन डि काक के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम शनिवार को यहां पहुंची। मेहमान टीम दौरे की शुरुआत 15 सितंबर को धर्मशाला में खेले जाने वाले पहले टी-20 मुकाबले से करेगी। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः मोहाली (18 सितंबर) और बंगलूरु (22 सितंबर) में खेला जाएगा। उसके बाद टेस्ट सीरीज होगी। एजेंसी

वाखरे के 'पंच' से इंडिया रेड को दलीप ट्रॉफी

बंगलूरू। विदर्भ के ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे (5/13) के पांच विकेट की मदद से इंडिया रेड ने इंडिया ग्रीन को पारी और 38 रन से शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी खिताब अपनी झोली में डाला। इंडिया रेड के लिए 153 रन की पारी खेलने वाले अभिमन्यु मैन ऑफ द मैच चुने गए।

इंडिया ग्रीन चौथे दिन दिन दूसरी पारी में 39.5 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। इंडिया रेड ने 6 विकेट पर 345 रन से आगे खेलते हुए आदित्य सरवटे (38) और उनादकट (32*) की बदौलत बढ़त 157 रन तक कर ली। अंकित राजपूत और स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किए। इंडिया ग्रीन दूसरी पारी 119 रन ही बना सकी। वखारे के अलावा आवेश खान ने 3 विकेट लिए। एजेंसी

धोनी उचित विदाई के हकदार : कुंबले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे अनिल कुंबले ने कहा कि इस बात का 'पक्का यकीन' नहीं है कि दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मौजूदा टीम में जगह पाने के दावेदार हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं को उनके भविष्य को लेकर चर्चा करनी चाहिए।

कुंबले का मानना है कि क्रिकेट में शानदार योगदान के लिए धोनी उचित विदाई के हकदार हैं और इसके लिए चयनकर्ताओं को उनसे बात करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धोनी का भविष्य चर्चा का विषय है और चयनकर्ताओं ने इस बात के पर्याप्त संकेत दिए है कि वे आगे की सोच रहे हैं। एजेंसी

आपका राशिफल

मेष – मन अशांत रहेगा। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद से बचें।

वृषभ – स्वजन सहयोग मिलेगा। अटके कार्य की पूर्ति होगी।

मिथुन – विकास की नई योजना बनेगी। स्थायी आय का स्रोत बन सकता है।

कर्क – समाज में सम्मान बढ़ेगा। चले आ रहे विवाद से मुक्ति मिलेगी।

सिंह – मानसिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। साझेदारी में धैर्य बनाए रखें।

कन्या – पारिवारिक सुख में कमी रहेगी। विरोधी से सचेत रहें।

तुला – सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। अटका धन मिलेगा।

वृश्चिक – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी प्राप्ति के अवसर मिलेंगे।

धनु – समाज में सम्मान बढ़ेगा। प्रतिष्ठाजनक कार्य करने की खुशी होगी।

मकर – स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। भविष्य की चिंता रहेगी।

कुंभ – उत्साह में वृद्धि होगी। डूबे धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यवसाय में लाभ बढ़ेगा। मित्रों का समागम रहेगा।

मीन – प्रभावी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में आशातीत धन लाभ होगा।

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2076, 18 भाद्रपद मास शाके 1941, भाद्रपद मास 24 प्रविष्टे, 09 मुहर्रम हिजरी 1441, भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी 24.30 तक उपरांत द्वादशी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र 08.35 तक उपरांत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, सौभाग्य योग 17.05 तक उपरांत शोभन योग, वणिज करण 11.35 तक उपरांत विष्टि (भद्रा)करण, चंद्रमा मकर राशि में 15.13 बजे।

सूर्योदय : 06.07 सूर्यास्त : 18.30

व्रत त्योहार

आज : भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशामी

कल : शरद ऋतु, सूर्यदक्षिणायने, उत्तरगोले।

राहुकाल : प्रातः 07.30 से 09.00 तक

सुडोकू

			4	9	7			
								1
9	7				5	3		
5	4							
	3		1		2		8	
							9	5
		1	8				2	4
3								
			9	4	1			

उत्तर

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

आपका आज जन्मदिन है

08 सितंबर
आशा भोसले

इस मूलांक के जातक साहसी, स्वभाव से गम्भीर एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के धारक होते हैं। जीवन में उथल पुथल बनी ही रहती है। लक्ष्य प्राप्ति कठिन संघर्ष के बाद ही होती है। ऊपर से कठोर दिखाई देने वाले ये जातक सरस हृदय एवं कोमल भावनाओं से ओत-प्रोत होते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहती है। इस वर्ष भाग्य सहायक रहेगा। अटके कार्यों में सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। भू-संपत्ति में वृद्धि संभव है। आरोग्य सुख उत्तम रहेगा। -**पं. विनोद त्यागी**

आज की फिल्में

स्टार गोल्ड : 01:35 बागी, 04:40 गोलमाल अगेन, 07:55 सिंघम,

जी सिनेमा : 03:00 शिव द सुपर हीरो 3, 05:36 डेरिंगबाज, 08:50 सूर्या द सोलजर

बीफोरयू : 12:00 16 दिसंबर, 03:00 घातक, 06:00 मेला

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी

नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

SUNDAY | 08.09.2019 दिल्ली-एनसीआर amarujala.com

अमर उजाला

•• राजधानी वर्ष 17 | अंक 150 | पृष्ठ : 22+4 | मूल्य : साढ़े चार रुपये नई दिल्ली • 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

जो कहा गया और जो सुना गया!
आज मनोरंजन
संवाद का अंदाज बदला। भाषा की बुनावट बदली। अनकहे अब सार्वजनिक होने लगे।

उम्मीदों का सफर रहेगा जारी, चांद छूने का संकल्प और मजबूत

चंद्रयान-2 मिशन 95% कामयाब

इसरो : हर स्तर के अलग मानक, वही सफलता का आधार
मोदी : पत्थर पर लकीर खींच रहे थे...ठिठके जरूर, डिगे नहीं

3.84 लाख किमी का सफर बस 2.1 किमी दूरी पर थम गया

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

नई दिल्ली/बंगलूरू। चंद्रयान-2 के चांद पर कदम रखने के आखिरी पलों में आई मुश्किलों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उम्मीदों का सफर जारी रहेगा। जल्द एक नई सुबह होगी। चांद को छूने का हमारा हौसला व संकल्प और मजबूत हुआ है। वहीं, इसरो ने चंद्रयान-2 को अब तक का सबसे अनोखा मिशन बताते हुए कहा, पहली बार एक ही मिशन में चंद्रमा के कई आयामों के अध्ययन का लक्ष्य रखा था। अभियान हर चरण के तय मानकों के अनुसार 90 से 95 फीसदी सफल रहा। लैंडर से संपर्क टूटने के बावजूद मिशन की सफलता का लाभ पूरी दुनिया उठा सकेगी।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी-इसरो के मुख्यालय में वैज्ञानिकों की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा, आप मक्खन पर नहीं, पत्थर पर लकीरें खींचते रहे हैं। चंद्रयान का आखिरी पड़ाव भले आशा अनुरूप न रहा हो, पर यात्रा शानदार-जानदार रही है। हमारा ऑर्बिटर शान से चांद के चक्कर लगा रहा है। मिशन में भले कुछ रुकावटें आई हों, पर हम और मजबूत व बेहतर हुए हैं। हम ठिठके हों, लेकिन डिगे नहीं हैं। राष्ट्र को हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैज्ञानिकों पर गर्व है और वह आपके साथ खड़ा है। >> उम्मीदों का चांद : पेज 15

सात साल तक काम कर सकता है ऑर्बिटर

इसरो के मुताबिक, सटीक लॉन्चिंग व सही प्रबंधन के कारण ऑर्बिटर सात साल तक काम कर सकेगा। इसके अत्याधुनिक उपकरण चंद्रमा की उत्पत्ति से जुड़े कई राज खोलेंगे। इसमें लगा कैमरा चांद पर भेजे गए कैमरों में सबसे शक्तिशाली है। इससे मिलने वाली तस्वीरें सभी के काम आएंगी। हालांकि शुरुआत में ऑर्बिटर की अवधि एक साल तय की गई थी।

क्यों खो गया विक्रम संभावित वजहें
- दक्षिणी ध्रुव की पथरीली जमीन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया हो
- तेज सौर हवाओं से राह भटककर किसी चट्टान से टकराया हो
- मुख्य इंजन में गड़बड़ी से उतरने के लिए जरूरी ऊर्जा न मिली हो
- रफ्तार पर काबू पाने वाले उपकरणों पर नियंत्रण खो गया हो
- तेज गति से लैंडिंग से धूल के बवंडर से इंजन खराब हो गया हो

इसरो के साथ देश

भावुक सिवन को गले लगा मोदी ने दी हिम्मत

इसरो नियंत्रण कक्ष में वैज्ञानिकों को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी को विदा कर रहे इसरो प्रमुख के सिवन खुद को रोक नहीं पाए और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। इस पर मोदी ने सिवन को गले लगाकर हिम्मत दी। हालांकि, इस दौरान पीएम खुद भी भावुक हो गए और भावनाओं का ज्वार उनके चेहरे पर भी नजर आ रहा था। पीएम ने सिवन की पीठ थपथपाई, उन्हें गले लगाया और अपनी गाड़ी में बैठ गए। इसके बाद सिवन ने डबडबाई आंखों के साथ मोदी को हाथ हिलाकर अलविदा कहा।

नासा ने कहा-इसरो ने हमें प्रेरित किया

अंतरिक्ष कठिन है। हम दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-2 उतारने के प्रयास की प्रशंसा करते हैं। आपने हमें प्रेरित किया है। उम्मीद है भविष्य में सौर मंडल से जुड़े खोजी अभियान में हमें साथ काम का मौका मिलेगा। -नासा, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी

14 दिन तक उम्मीदें कायम...फिर करेंगे संपर्क

विक्रम से दोबारा संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। अगले 14 दिन तक ये प्रयास जारी रहेंगे। गगनयान समेत इसरो के सभी मिशन तय समय पर पूरे होंगे। आखिरी चरण से पहले तक सारी सब तय प्रक्रिया के अनुरूप ही हुआ था। **-के सिवन, इसरो प्रमुख**

तीन दिन बाद ऑर्बिटर उसी जगह पहुंचेगा

विक्रम लैंडर चंद्रमा के आकाश में 35 किमी की ऊंचाई से 2 किमी की ऊंचाई तक अपने तय प्रक्षेप पथ पर चला। उसके सभी सिस्टम व सेंसर पूरे ठीक रहे। तीन दिन बाद आर्बिटर दोबारा वहीं पहुंचेगा, जहां संपर्क टूटा था। तब वह अत्याधुनिक कैमरों से हाई रेजोल्यूशन वाली तस्वीरें लेकर विक्रम का हाल मालूम करने की कोशिश करेगा।

ऑर्बिटर अगले कुछ समय में चंद्रमा के विकास पर हमारी समझ बढ़ाएगा। **यह करेगा...** नक्शे तैयार करेगा, खनिजों का आकलन करेगा और चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की संभावना तलाशेगा। उसमें लगे आठ वैज्ञानिक उपकरण चप्पे-चप्पे को छान सकते हैं।

हम होंगे कामयाब

हम होंगे कामयाब, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास हम होंगे कामयाब एक दिन...हमने 3.84 लाख किमी यात्रा सफलता से तय की, जो अंतिम 2.1 किमी रहे, वह बहुत छोटा हिस्सा है, जो हासिल किया वह इससे बहुत बड़ा है। **-रामनाथ कोविंद, राष्ट्रपति**

वैज्ञानिक दे रहे प्रेरणा

देश इसरो के साथ खड़ा है। कोई विफलता अंतिम नहीं होती। वैज्ञानिकों ने भावी मिशन की नींव रखी है। ये ही युवाओं को सितारों तक पहुंचने की प्रेरणा दे रहे हैं। **-सोनिया गांधी,** कांग्रेस अध्यक्ष

न्यूज डायरी

राहुल के खिलाफ सुनवाई टली

अहमदाबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अहमदाबाद जिला सहकारी बैंक मानहानि केस में शनिवार को सुनवाई टल गई। राहुल ने अहमदाबाद के एक कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका दी है।

सबरीमाला के लिए अलग कानून

नई दिल्ली। केरल सरकार सबरीमाला मंदिर के लिए अलग कानून लाने की तैयारी कर रही है। यह सूचना राज्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दी गई है। नए कानून के तहत राज्य की अन्य मंदिर भी आएंगी।

मिशेल की जमानत याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की एक कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में गिरफ्तार क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिकाएं शनिवार को खारिज कर दीं। दुबई से प्रत्यर्पित मिशेल को ईडी ने पिछले साल 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

230 पाकिस्तानी आतंकी दहशत फैलाने की फिराक में : डोभाल

एनएसए ने कहा, 370 हटाने के फैसले को ज्यादातर कश्मीरियों का समर्थन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि वह पूरी तरह आश्वस्त हैं कि ज्यादातर कश्मीरी अनुच्छेद 370 हटाने के समर्थन में हैं। उन्होंने दावा किया, पीओके में 230 आतंकी जमा हैं, जिनमें से कुछ एलओसी पार करने में कामयाब रहे हैं। इन आतंकियों को अशांति फैलाने का जिम्मा दिया है। ऐसे में, वहां सख्ती पाकिस्तान से होने वाली आतंकी कार्रवाई और छद्म युद्ध को रोकने के लिए है। अगर पाकिस्तान सुधर जाए तो जम्मू-कश्मीर में स्थिति तुरंत सामान्य हो सकती है।

डोभाल ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, पड़ोसी मुल्क के पास आतंकवाद के अलावा कोई हथियार नहीं है। उसके मकसद को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। पाक चाहता है कि जम्मू-कश्मीर में अशांति रहे, उसके दुष्प्रचार को धार मिलती रहे, लेकिन भारतीय एजेंसियां उसके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगी। डोभाल ने कहा, अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष दर्जा नहीं, बल्कि विशेष भेदभाव था। देश के 106 कानून वहां लागू नहीं होते थे। अब राज्य में विकास, रोजगार व खुशहाली के अवसर पैदा होंगे। >> फिर तोड़ा संघर्ष विराम : पेज 16

अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा नहीं बल्कि विशेष भेदभाव था

पाक धमका रहा, नाकाम हुए तो मिलेंगी चूड़ियां

डोभाल ने शुक्रवार रात सोपोर में आतंकी हमले के पीछे की कहानी बताते हुए कहा कि पाकिस्तानी हैंडलर से आतंकियों की बातचीत इंटरसेप्ट की गई थी। हैंडलर ने कहा, अगर वे दहशत फैलाने में नाकाम रहे तो उन्हें चूड़ियां भेजी जाएंगी। इसके बाद दोनों ने व्यापारी हमीदुल्ला राथेर के घर हमला कर दिया।

हिमाकत : राष्ट्रपति कोविंद के लिए एयरस्पेस नहीं खोलेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आइसलैंड जाने के लिए एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बताया कि भारत ने उड़ान की अनुमति मांगी थी, जिसे नामंजूर कर दिया गया। एजेंसी

नीरव-मेहुल ने ओरिएंटल बैंक को भी लगाई 289 करोड़ की चपत

नई दिल्ली। पीएनबी बैंक से 13 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में फरार नीरव मोदी और मेहुल चोकसी ने ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स को भी 289 करोड़ की चपत लगाई है।

पीएनबी में विलय से पहले ओबीसी ने खुद नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी है।

नोटिस के मुताबिक, नीरव मोदी की एक कंपनी फायरस्टार इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड पर 60.14 करोड़ व फायरस्टार डायमंड इंटरनेशनल पर 32.25 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं, मेहुल की गीतांजलि जेम्स लिमिटेड ने 136.45 करोड़ व नक्षत्र वर्ल्ड लि. ने 59.53 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं चुकाया है। दोनों ने मुंबई के कफ परेड स्थित शाखा से कर्ज लिया था। बैंक ने शुक्रवार को नीरव-मेहुल और उनकी कंपनियों को विलफुल डिफॉल्टर घोषित किया। एजेंसी

225 बीमाधारकों से 13 करोड़ की ठगी, 12 धरे

चार राज्यों के छह शहरों में खोल रखे थे बैंक खाते, आठ आरोपी फरीदाबाद के

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बीमा पॉलिसी में लाभ और निवेश योजना का झांसा देकर 225 लोगों से 13 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में फरीदाबाद के 8 लोगों समेत 12 को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह ने चार राज्यों के छह शहरों में 14 फर्जी बैंक खोल रखे थे।

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा ने बताया, आरोपियों की पहचान फरीदाबाद निवासी प्रभात सिंह, रूपेश, जितेंद्र उर्फ बाबू, रंजन गर्ग, विक्की धवन, राजकुमार, राम गोपाल, जितेंद्र सिंह, केरल निवासी रॉबिन मैथ्यू, उत्तराखंड के दिलीप सिंह, हिमाचल निवासी विशाल व एक अन्य के रूप में हुई है। ब्यूरो

>> गुरुग्राम में खोल रखा था फर्जी कॉल सेंटर : पेज 5

दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

ऐसे की ठगी एक सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर ने बताया कि आरोपियों ने पॉलिसी पर बोनस-निवेश की बात कहकर उनसे 20 लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए। पैसे वापस करने की बात कही तो और निवेश को कहने लगे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

बैंक खाते से ही हुआ खुलासा

पुलिस ने आरोपियों के बैंक खाते और फोन नंबर के जरिए पड़ताल शुरू की। इन खातों से रुपये निकालने वालों पर नजर रखते हुए प्रभात को गिरफ्तार कर लिया।

उत्तराखंड में बादल फटा एक की मौत

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और जोशीमठ में बादल फटने से तबाही मच गई। पिथौरागढ़ में शुक्रवार रात कई मकान जमींदोज हो गए। एक बुजुर्ग की मौत हो गई। प्रशासन ने बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब की यात्रा रोक दी हैं। 1200 तीर्थयात्रियों को अलग-अलग स्थानों पर रोक दिया गया है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट ने मेट्रो के आगे कूदकर दी जान

26 वर्षीय युवती ने सुसाइड नोट में खुद को ठहराया कसूरवार

नई दिल्ली। दिल्ली में एक युवती ने शनिवार शाम मेट्रो के सामने छलांग लगाकर जान दे दी। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट सोनाक्षी गर्ग (26) ने सुसाइड नोट में इसके लिए खुद को कसूरवार ठहराया है।

शुरुआती जांच के अनुसार मृतका मानसिक रूप से बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। वह अपने पिता राजकुमार व मां के साथ घी मंडी पहाड़गंज में रहती थी।

पुलिस के अनुसार, मॉडल टाउन मेट्रो स्टेशन पर हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की वजह से जहांगीरपुरी से हुड्डा सिटी सेंटर जाने वाली मेट्रो सेवा करीब 20 मिनट तक प्रभावित रही। ब्यूरो

गलत चालान के विरोध में कार में पहना हेलमेट

कानून का मजाक : ट्रैफिक पुलिस ने कार चालक का काट दिया था बिना हेलमेट का चालान

अमर उजाला ब्यूरो

अलीगढ़। ट्रैफिक पुलिस के लिए एक कारोबारी का ई-चालान काटना फजीहत का सबब बन गया। पुलिस ने चालान काटते समय आरोप लगाया था कि 23 अगस्त को वह बिना हेलमेट पहने कार चला रहे थे। इसका विरोध जताने के लिए कारोबारी शनिवार को हेलमेट पहनकर कार से एसएसपी दफ्तर पहुंचा।

अधिकारियों से शिकायत की और पूछा कि क्या कार चलाते हुए हेलमेट पहनना होगा? फजीहत होते देख एसपी ट्रैफिक ने चालान को तकनीकी चूक बताते हुए सुधारने का आदेश दिया। बन्नादेवी थाना क्षेत्र के सराय हकीम निवासी हार्डवेयर कारोबारी सुरेश चंद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले कार खरीदी। ट्रैफिक पुलिस ने 23 अगस्त को बिना हेलमेट पहने कार चलाने के आरोप में उनका 500 रुपये का फोटो ई-चालान जारी कर दिया। सुरेश को उनके मोबाइल पर पांच सितंबर को आए मैसेज से इसकी सूचना मिली। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस दफ्तर जाकर संपर्क किया तो चालान की पुष्टि हुई।

एसएसपी कार्यालय के बाहर विरोध।

फोटो निकला स्कूटी का

सुरेश ने यातायात कार्यालय में चालान की जांच कराई तो पता चला कि जो फोटो खींचा गया था वह स्कूटी (यूपी-81 सीई 3875) का था। मगर चालान अपलोड करते समय गाड़ी का अंतिम नंबर 3875 की जगह 3375 नंबर फीड हो गया, जो उनकी कार का था।

500 रुपये का फोटो ई-चालान
स्कूटी की जगह कार का नंबर

फीडिंग में गड़बड़ी

यह गलती फीडिंग के समय हुई थी। स्टाफ को सुधार के लिए कहा गया है। भविष्य में ऐसी गलती न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। **-अजीजुल हक, एसपी यातायात**

तापमान
35.5⁰ अधिकतम | 27.8⁰ न्यूनतम

- सूर्योदय सुबह 6:03
- सूर्यास्त शाम 6:35

आज का पूर्वानुमान
आसामान में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश होगी। न्यूनतम और अधिकतम तापमान 26 व 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

सुबह 5:30 बजे : जेएलएन स्टेडियम में पिंकाथन का आयोजन
जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में बजाज इलेक्ट्रिकल्स पिंकाथन का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं की भीड़ जुटेगी।

- **शाम 4:00 बजे :** इंडिया गेट पर स्पाइनल इंजरी-डे पर व्हील चेयर रैली का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांग हिस्सा लेंगे।
- **शाम 7:00 बजे :** इंडिया हैबिटेट सेंटर में तारा प्ले का आयोजन किया जाएगा। इसमें काफी संख्या में लोग एकजुट होंगे।

उमस से बेहाल लोगों को बारिश से मिली राहत

तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा, 20 तक बीच-बीच में बारिश होती रहेगी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उमस भरी गर्मी से शनिवार की बारिश ने दिल्ली वालों को राहत दी है। पूरी दिल्ली में 47.4 मिलीमीटर बारिश हुई। करीब एक घंटे की बारिश बीते सप्ताह भर में रिकॉर्ड 49 मिलीमीटर के करीब रही। हालांकि, न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग का कहना है कि पिछले दिनों में दिल्ली-एनसीआर का तापमान सामान्य से ऊपर है। वहीं, मध्य प्रदेश के ऊपर चक्रवाती स्थिति बनी हुई है।

इससे बंगाल की खाड़ी से आने वाली पुरवा नम हवाएं दिल्ली-एनसीआर में बारिश कर रही हैं। 20 सितंबर तक इसी तरह बीच-बीच में बारिश होती रहेगी। बावजूद इसके उमस से अभी छुटकारा नहीं मिलेगा।

शनिवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा 35.5 डिग्री सेल्सियस व 27.8 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, न्यूनतम और अधिकतम नमी 60 व 98 फीसदी के बीच रही।

दिल्ली में बारिश के दौरान सड़क पार करते लोग। अमर उजाला

इंजन ऑयल के गोदाम में आग एक की मौत

पंजाबी बाग ट्रांसपोर्टर सेंटर में शनिवार शाम हादसा

23 दमकल वाहनों ने तीन घंटे में पाया काबू, वेल्डिंग की चिंगारी से दुर्घटना की आशंका

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पंजाबी बाग ट्रांसपोर्टर सेंटर में शनिवार शाम इंजन ऑयल के एक गोदाम में आग लग गई। इसमें झुलसकर किराड़ी निवासी रोमित (28) की मौत हो गई। वह यहां अकाउंटेंट था। गोदाम में ज्वलनशील पदार्थ होने की वजह से आग तेजी से फैली और वहां धमाके भी हुए। घटना की सूचना पर 15 दमकल भेजी गईं। इसके बाद आग को मध्यम दर्जे की घोषित कर आठ और गाड़ियां बुला ली गईं। दमकलकर्मियों ने करीब तीन घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब पौने पांच बजे पंजाबी बाग के ट्रांसपोर्ट सेंटर की 106 और 107 नंबर की दोमंजिला इमारत में स्थित गोदाम में आग लग गई। गोदाम में इंजन ऑयल रखा जाता था। इसके मालिक शंकर और रोहित बताए जा रहे हैं। यहां करीब दो दर्जन लोग काम करते थे। करीब 250 गज में बने गोदाम में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। काम कर रहे लोग बाहर भागे और सूचना अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को दी। दमकल पहुंचने तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। लपटें काफी ऊपर तक जा रही थीं। दमकलकर्मी आसपास के इलाके को खाली कराकर आग बुझाने में जुट गए। इस दौरान गोदाम में लगातार धमाके हो रहे थे। करीब तीन घंटे बाद आग काबू में आई।

इसके बाद दमकलकर्मी कुलिंग का काम कर रहे थे, तभी रोमित की झुलसी हुई लाश मिली। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि शुरुआती जांच में पता चला है कि गोदाम में वेल्डिंग का काम चल रहा था। आग में वेल्डर रफाकत खान की बाइक भी जल गई। आशंका है कि वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी के ज्वलनशील पदार्थ पर गिरने के बाद आग लगी। आग की वजह से इमारत जर्जर हो गई है। इसके कभी भी गिरने की आशंका है। आग से रिंग रोड पर यातायात भी प्रभावित हुआ। रोड पर वाहनों का भारी जमावड़ा लग गया।

गोदाम में शनिवार को लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमर उजाला

ईसाई समुदाय के लोग भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा ईसाई समुदाय को साधने में जुट गई है। शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी की उपस्थिति में शनिवार को छह चर्च के अध्यक्षों के समेत ईसाई समुदाय के कई लोग भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के आधार पर समाज के सभी वर्गों और धर्मों के लोगों का स्वागत करने वाली पार्टी है। दिल्ली सरकार अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य व डिफेंस कॉलोनी कैथोलिक चर्च के अध्यक्ष सिल्वेस्टर कुजूर, पंजाबी बाग चर्च के अध्यक्ष अमृत पोपो व अरविंद लाकड़ा, गोल डाकखाना चर्च की अध्यक्ष सिस्टर मैक्सिमा, डीडीए के पूर्व उप निदेशक और सर्वेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर पाल औलख को भाजपा में शामिल कराने के मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों से प्रभावित होकर बड़े पैमाने पर ईसाई समाज के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ब्यूरो

कांग्रेस का सीएम पर अनदेखी का आरोप

नई दिल्ली। रेहड़ी- पटरी अधिनियम को लागू करने के मामले में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात करने उनके आवास पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी। इस मौके पर यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री दिल्ली से जुड़ी समस्याओं पर बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। साथ ही चेतावनी भी दी कि केजरीवाल सरकार ने यदि एक सप्ताह में रेहड़ी-पटरी अधिनियम के तहत टाउन वेंडिंग कमेटी की मान्यता को मंजूर नहीं किया तो समिति सदस्यों के साथ लाखों रेहड़ी- पटरी वाले विशाल धरना देंगे।

कांग्रेस नेता आप में शामिल : कांग्रेस नेता नवीन नंबरदार अपने साथियों के साथ शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में केजरीवाल ने उनको पार्टी की सदस्यता दिलाई। राजौरी गार्डन में रहने वाले नवीन नंबरदार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के युवाओं के बड़े भाई के समान हैं। ब्यूरो

सीएम के आवास पर भाजयुमो का प्रदर्शन

जेएनयू में देशद्रोह का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने की मांग

नई दिल्ली। जेएनयू में देशद्रोह का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं देने के खिलाफ भाजयुमोने शनिवार को मुख्यमंत्री के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करने व देश विरोधी नारे लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने किया।

प्रदर्शन कर रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

इस मौके पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के गृह विभाग का कहना है कि कन्हैया कुमार पर देश विरोधी नारे लगाने का कोई सुबूत नहीं मिला है, जबकि दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में सुबूत व तथ्यों के आधार पर कोर्ट में अपनी बात रखी है।

प्रदेश महामंत्री रविंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री देश विरोधी नारे लगाने वाले गैंग का समर्थन कर रहे हैं। दिल्ली भाजयुमो अध्यक्ष सुनील यादव ने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। ब्यूरो

थम नहीं रही बच्चा चोरी के शक में हिंसा

बच्ची को ऑटो में बिठाने की कोशिश चार युवकों को पीटकर किया अधमरा

पिटाई के बाद अपनी चोटें दिखाते युवक। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। रणहौला इलाके में शुक्रवार शाम को बच्चा चोरी करने के शक में लोगों ने चार युवकों की जमकर पिटाई कर उन्हें अधमरा कर दिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों का आरोप है कि युवक लड़की के भेष में एक बच्ची को अगवा करने का प्रयास कर रहे थे, जबकि युवकों का कहना है कि वे इस वेश में सभी मार्केट में नाटक दिखाकर रुपये मांगते हैं। उनकी शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम को रणहौला इलाके में स्थित काली माता मंदिर के पास एक बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची निजी स्कूल की दूसरी कक्षा में पढ़ती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चार युवक सलवार सूट पहनकर लड़की के भेष में ऑटो से वहां पहुंचे और बच्ची को जबरदस्ती ऑटो में बिठाने का प्रयास करने लगे। बच्ची के चिल्लाने पर बाइक सवार लोगों ने ऑटो के आगे अपनी बाइक लगाकर युवकों को रोका और पिटाई कर दी।

लड़की के वेश में थे, पुलिस से कहा, नाटक दिखाकर मांगते हैं रुपये, भीड़ पर रिपोर्ट दर्ज कराई

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर उनका मेडिकल करवाया और फिर उनसे पूछताछ शुरू की। युवकों की पहचान राजन, विक्रम, बबलू और प्रभु के रूप में हुई है। सभी रणहौला इलाके में रहते हैं। युवकों ने पूछताछ में बच्ची को अगवा करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। युवकों ने बताया कि वे सभी लड़की के वेश में मार्केट में नाटक दिखाकर पैसे मांगते हैं। युवकों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है।

घर से बच्चा उठा भाग रही महिला को भीड़ ने पकड़ा

नई दिल्ली। शनिवार शाम पांडव नगर इलाके के पटपड़गंज में पहली मंजिल से बच्चा उठाकर भाग रही एक महिला को भीड़ ने पकड़ लिया। भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस करीब 24 साल की महिला से पूछताछ कर रही है। वह बार-बार अपना बयान और पता बदल रही है। पुलिस उसकी मानसिक हालत के बारे में पता लगा रही है। पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही थी।

आरोपी महिला।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी स्वाति (24) शादीशुदा है और लक्ष्मी नगर इलाके में रहती है। शनिवार शाम करीब 4 बजे स्वाति पटपड़गंज में रहने वाली 35 वर्षीय महिला के पहली मंजिल स्थित घर में घुसी और उसका बच्चा उठाकर भागने लगी। बच्चे की मां ने शोर मचा दिया और स्वाति के पीछे भागी। भीड़ ने आरोपी को पकड़ लिया। बाद में पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस उसके परिवार से संपर्क करने का भी प्रयास कर रही है। ब्यूरो

ओखला औद्योगिक क्षेत्र में भीड़ ने दो महिलाओं को पीट पुलिस को सौंपा

नई दिल्ली। बच्चा चोरी की अफवाहों के बाद भीड़ के मारपीट करने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। शुक्रवार को ओखला औद्योगिक क्षेत्र में भीड़ ने दो महिलाओं को बच्चा चोरी के आरोप में पकड़ लिया। दोनों को बुरी तरह पीटा गया। महिलाएं खुद को बेकसूर बताती रहीं। एक महिला के हाथ में उसका अपना बच्चा भी था। बाद में भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि शुरुआती जांच के बाद मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने दोनों महिलाओं को जमानत दे दी है।

पुलिस के मुताबिक, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया के संजय कैंप, एस-ब्लॉक में मुन्ना पत्नी रितू देवी, ढाई साल के बेटे रितेश व अन्य परिजनों के साथ रहता है। शुक्रवार को दिन में रितेश घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एनटीपीसी बदरपुर में रहने वाली रेहाना उर्फ रुखसाना और सकीना वहां पहुंचीं। एक महिला ने रितेश को गोद में उठा लिया। यह देखकर पड़ोसी युवक ने 'बच्चा चोर-बच्चा चोर' का शोर मचा दिया। वहां बच्चे के परिजन पहुंच गए और भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने दोनों रेहाना और सकीना

आरोपी महिला। आरोपी महिला।

रेस्तरां में छापा अवैध शराब मिली, मैनेजर हिरासत में

नई दिल्ली। आबकारी विभाग ने शुक्रवार देर रात कुतुब मीनार के समीप बोताई रेस्तरां में छापा मारा। बड़ी तादाद में हरियाणा में सप्लाई होने वाली महंगी शराब बरामद होने पर विभाग ने दिल्ली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मैनेजर को हिरासत में लिया गया है। रेस्तरां हाई प्रोफाइल है। यहां एंट्री के लिए पांच हजार रुपये देने होते हैं। बताया गया है कि पकड़ी गई अवैध शराब 13 से 20 हजार रुपये प्रति बोतल बिकती थी। ब्यूरो

आज रविवार
हम मिलकर करेंगे डेंगू पर वार

10 हफ्ते . 10 बजे. 10 मिनट.

"मैं भी आज 10 बजे अपने घर की जांच करूंगा। आप भी जरूर करें।"

–अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली

नमस्कार दिल्लीवासियों,

आज सुबह 10 बजे 10 मिनट हम सब अपने घरों पर ध्यान दें और ये देखें कि कहीं साफ पानी इकट्ठा तो नहीं है? गमले में, कूलर में, फूलदान में, कहीं भी साफ पानी इकट्ठा ना हो। अगर है तो उसे उड़ेल दें, बदल दें, या उसमें पेट्रोल या तेल डाल दें। अगले 10 हफ्तों तक हर रविवार 10 बजे 10 मिनट हम यह जांच करेंगे। अपने परिवार को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाने के लिए।

अपने घर की जांच के बाद सेल्फी या वीडियो लेकर 8287972050 पर व्हाट्सप्प कीजिये।

दिल्ली कर दिखाएगी

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

परिजन शादी के लिए नहीं माने तो प्रेमी जोड़े ने लगा दी नहर में छलांग

किशोरी को लोगों ने बचाया, युवक का शव फरीदाबाद से बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

दोनों फरीदाबाद के रहने वाले पुलिस युवक के परिजनों से पूछताछ कर छानबीन कर रही

नई दिल्ली। घर वालों ने शादी के लिए रिश्ता मंजूर नहीं किया तो प्रेमी युगल ने शुक्रवार शाम जैतपुर (दिल्ली) इलाके में आगरा नहर में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने किशोरी को किसी तरह नहर से बाहर निकाल लिया, लेकिन युवक डूब गया। शनिवार को उसका शव फरीदाबाद इलाके से बरामद हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। फिलहाल किशोरी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस युवक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। नहर में छलांग लगाने से पहले युवक ने अपनी बहन को फोन कर खुदकुशी करने की सूचना दी थी।

पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त पल्ला, फरीदाबाद निवासी पंकज (18) के रूप में हुई है। वहीं 16 वर्षीय किशोरी परिवार के साथ सूरजकुंड, फरीदाबाद में रहती है। पंकज और किशोरी ओपन स्कूल से दसवीं कर रहे थे। साथ में पढ़ने के दौरान दोनों की दोस्ती हो गई और एक दूसरे को पसंद करने लगे। दोनों के परिजनों को इसका पता चला तो उन्होंने उन्हें समझाया, लेकिन दोनों शादी करने के लिए अड़े थे। परिजनों ने इससे साफ इंकार कर दिया। शुक्रवार को पंकज किशोरी को लेकर अपनी बहन के घर मोलड़बंद, जैतपुर आ गया। बहन ने लड़की के परिवार को इसकी सूचना दी तो उन्होंने बेटी से फौरन घर लौटने के लिए कहा। इधर, बहन के शिकायत करने पर पंकज किशोरी को लेकर घर से निकल गया। वह जैतपुर इलाके में आगरा कैनाल पर पहुंचा। वहां उसने बहन को फोन कर बताया कि अब उसके पास कोई चारा नहीं है, वह नहर में छलांग लगा रहा है। बहन ने उसे समझाने का प्रयास किया तो फोन काट दिया। इसके बाद पंकज ने किशोरी का हाथ पकड़कर नहर में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद बहन भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक पंकज नहर में बह चुका था।

गुरुग्राम में खोल रखा था फर्जी कॉलसेंटर

बीमा पॉलिसी धारकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने का मामला

नई दिल्ली। बीमा पॉलिसीधारकों से ठगी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि आरोपी गुरुग्राम स्थित ग्रैंड मॉल में फर्जी कॉलसेंटर चलाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। कॉलसेंटर को फरीदाबाद निवासी जितेंद्र उर्फ बाबू और केरल निवासी रॉबिन मेथ्यू मिलकर चलाते थे।

12वीं पास जितेंद्र ने वर्ष 2012 में कॉलसेंटर की इंश्योरेंस सेल में नौकरी शुरू की। यहीं उसकी मुलाकात रॉबिन मैथ्यू से हुई। फिर दोनों ने 2016 में फरीदाबाद में कॉलसेंटर खोल लिया, जिसे बाद में गुरुग्राम में शिफ्ट कर लिया। दोनों ने अपने कॉलसेंटर में टेलीकॉलर को नियुक्त किया, जिनके जरिये वह पॉलिसी धारकों को शिकार बनाते। जितेंद्र ने बताया कि ठगी करने के लिए विक्की धवन फर्जी बैंक खाता मुहैया करवाता था। वह खाते में आने वाली रकम का 10 फीसदी लेता था। 10 फीसदी फर्जी खाता धारकों को जबकि कॉल सेंटर मालिक रकम का 80 फीसदी लेता था। ब्यूरो

चार राज्यों के 6 शहरों में 14 फर्जी बैंक खाते

पुलिस को गैंग के 14 फर्जी बैंक खातों का पता चला है, जो कि चार राज्यों के छह शहरों में हैं। इन खातों में रकम ऑनलाइन ट्रांसफर होती थी और निकासी सेल्फ चेक और एटीएम कार्ड से होती थी। इनमें करीब 13 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस को अब तक 225 पीड़ितों का पता चला है, जिनसे गैंग के लोगों ने पिछले दो साल में ठगी की थी।

सैन्यकर्मी ने कार बेचने का झांसा देकर युवक को ठगा

नई दिल्ली। जामा मस्जिद इलाके में सैन्यकर्मी ने कार बेचने का झांसा देकर एक युवक से तीन लाख दस हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने एक साइट पर कार देखने के बाद उससे संपर्क किया था। आरोपी ने पंजाब में तैनात होने की बात कही थी। पीड़ित राजेश ने पुलिस को बताया कि एक साइट पर उसने कार देखी थी। कार मालिक नम राम से उसने बात की। नम राम ने कहा कि वह रुपये उसके अकाउंट में भेज दे। उसके बाद वह कार को जामा मस्जिद इलाके में भेज देगा। रुपये भेजने के बावजूद कार न आने पर पुलिस में शिकायत की। ब्यूरो

युवती ने यमुना में लगाई छलांग, नहीं मिला सुराग

नई दिल्ली। सोनिया विहार पहला पुश्ता के पास शुक्रवार दोपहर एक युवती ने यमुना में छलांग लगा दी। युवती की स्कूटी घटनास्थल से मिली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गोताखोरों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं पाया। पुलिस ने युवती की स्कूटी से उसकी पहचान कर परिवार वालों को घटना की जानकारी दे दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रविवार को फिर तलाशी अभियान चलाया जाएगा। ब्यूरो

घर में शिकायत करने पर की थी युवक की हत्या

तीन नाबालिग हिरासत में बाल सुधार गृह भेजा

नई दिल्ली। महज घर पर शिकायत करने पर तीन नाबालिग लड़कों ने युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। हत्या की इस सनसनीखेज वारदात से पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपी लड़कों को हिरासत में ले लिया, शनिवार को उन्हें जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह में भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। विवेक विहार थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, विवेक विहार से दो सितंबर को मंदीप (19) नामक युवक गायब हो गया था। मंदीप घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। इस बीच पुलिस युवक की तलाश करती रही। छह सितंबर को विवेक विहार के पार्क से मंदीप का शव सड़ी-गली हालत में बरामद हुआ। कपड़ों और जेब से मिले मोबाइल के आधार पर मृतक की शिनाख्त हुई। परिजनों ने मंदीप के साथ ही रहने वाले कुछ लड़कों पर शक जाहिर किया। पुलिस ने पूछताछ की तो वे टूट गए। आरोपियों न बताया कि मंदीप ने एक लड़के के घर पर उसकी शिकायत कर दी थी, जिसकी वजह से उसे खूब डांट पड़ी थी। वहीं बाकी दोनों लड़कों का मंदीप से झगड़ा हुआ था। वह भी उसको सबक सिखाना चाहते थे। ब्यूरो

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

दिल्ली की हवा हुई साफ
प्रदूषण हुआ 25% कम

दिल्ली ने कर दिखाया

वर्ष	PM 2.5 लेवल
2012-14	154
2016-18	115

Dip/Shabdarth/D/0113/19-20

अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली

कैसे हुआ प्रदूषण कम ?

- 24 घंटे बिजली आने से जनरेटर इस्तेमाल लगभग बंद हुआ
- कंस्ट्रशन साइट पर डस्ट कंट्रोल न होने पर भारी जुर्माना
- सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित 'ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान' का पालन
- कोयले से बिजली बनाने वाले दो प्लांट बंद किये
- इस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से दिल्ली में ट्रैफिक हुआ कम
- पूरी दिल्ली में युद्धस्तर पर हुआ मेगा वृक्षारोपण

...परन्तु नंवबर में पराली जलने से होगा प्रदूषण

हालांकि साल में 10 महीने दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण दिल्ली में नंवबर महीने में सबसे ज्यादा प्रदूषण आता है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के 'ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान' का पालन किया जायेगा। लेकिन नवंबर महीने में पराली जलने से होने वाले प्रदूषण से अपने परिवार को बचाने के लिए और क्या-क्या कदम उठाये जायें, इस पर आपके सुझाव चाहिए।

नंवबर में पराली जलने से होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए आपके सुझाव चाहिए

cm4cleanair@gmail.com

पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा-2019: रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा संचालित अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा-2019 के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने का रविवार को अंतिम दिन है। इसके लिए आपको अमर उजाला फाउंडेशन की वेबसाइट https://foundation.amarujala.com/ या फिर 'अमर उजाला' की वेबसाइट https://www.amarujala.com या फिर लिंक https://www.amarujala.com/atul-maheshwari-chhatravritti-2019 पर जाकर फॉर्म भरना होगा। फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां देना अनिवार्य होगा। फॉर्म रविवार रात 12 बजे तक ही भरे जाएंगे।

AMAR UJALA FOUNDATION

लिखित परीक्षा का आयोजन विभिन्न शहरों में तय किए गए परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन तरीके से होगा। फॉर्म भरते समय लिखित परीक्षा के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार अपने पसंदीदा शहर का चयन कर सकेंगे। इसके लिए 52 शहरों का विकल्प फॉर्म में दिया गया है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी नौवीं और दसवीं के प्रदेशिक बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 30-30 हजार रुपये की 18 छात्रवृत्तियां और 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए 50-50 हजार रुपये की 18 छात्रवृत्तियां दी जाएंगी।

इनमें से किसी भी लिंक पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म भरें
https://foundation.amarujala.com/
https://www.amarujala.com/
https://www.amarujala.com/atul-maheshwari-chhatravritti-2019

आवेदकों के लिए पात्रता
प्रादेशिक शिक्षा बोर्ड से नौवीं से 12वीं कक्षा तक में पढ़ने वाले छात्र ही परीक्षा में बैठ सकेंगे। पिछली परीक्षा में न्यूनतम 60 फीसदी अंक पाने वाले व विद्यार्थी ही पात्र होंगे। साथ ही आवेदकों के परिवार की वार्षिक आय डेढ़ लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

छात्रों और शिक्षकों को तराशने पर फोकस

अमर उजाला ब्यूरो

निष्ठा और शगुन पोर्टल से पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। प्रतिभावान बच्चों के लिए अलग स्कूल और शिक्षकों के लिए नियमित अंतराल पर परीक्षा व ट्रेनिंग मोदी सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे बदलाव में प्रमुख हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने जा रही है। इसका खाका सरकार के पहले 100 दिनों के कार्यकाल में बन चुका है। अगले पांच वर्षों में इन योजनाओं को जमीन पर उतारा जाएगा। मोदी सरकार उच्च शिक्षा के साथ स्कूली शिक्षा को मजबूती देने जा रही है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अपने सौ दिनों के कामकाज में 17 बिंदुओं को उपलब्धि माना है। केंद्र सरकार ने पहली बार राज्यों के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता पर फोकस किया है। निष्ठा और शगुन पोर्टल के माध्यम से 42 लाख शिक्षकों को ट्रेनिंग, परीक्षा के साथ-साथ पढ़ाने की गुणवत्ता में सुधार शुरू हो गया है। पहली से आठवीं कक्षा के शिक्षकों को अपग्रेड करने से प्राथमिक शिक्षा को मजबूती मिलेगी। सरकार इन पोर्टल से सीधे स्कूलों पर निगरानी करेगी। सरकार की कोशिश रहेगी कि दूरदराज के सरकारी स्कूलों में हर विषय में शिक्षक उपलब्ध हों। उनकी रोज हाजिरी के साथ रिजल्ट का भी रिकार्ड रहेगा। प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विशेष ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी। शुरुआत बाल भवन में एयरफोर्स के साथ की गई है।

नई शिक्षा नीति में 25 राज्यों का साथ

मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि नई शिक्षा नीति पर 25 राज्यों का साथ मिलना है। इन राज्यों में केरल, तमिलनाडु के साथ पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं। हिंदी का विवाद भी सरकार ने सुलझा लिया है। अब तक दो लाख से अधिक सुझाव सरकार को लोगों, शिक्षाविद व सांसदों से मिले हैं। उसके आधार पर प्रारूप में बदलाव किया गया है।

सचिन ने जीती प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता

ग्रेटर नोएडा। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 30 संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो भागों में आयोजित हुई। पहले भाग में टॉप 12 प्रतिभागियों का चयन किया गया। दूसरे भाग में प्रतिभागियों ने प्रजेंटेशन दी। सचिन त्यागी ने प्रतियोगिता जीती। सचिन ने अपने प्रोजेक्ट से अस्पतालों में मरीजों के वेटिंग टाइम को कम करने का सुझाव दिया। ब्यूरो

दस राज्यों के कलाकारों ने मंच पर बिखेरी छटा

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

अमर उजाला ब्यूरो

पावन चिंतन धारा ट्रस्ट द्वारा आयोजित नेशनल यूथ समिट-2019 में कलाकारों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम

गाजियाबाद। मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज में शनिवार की शाम देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और उनके अद्भुत संगम के नाम रही। मौका था पावन चिंतन धारा ट्रस्ट द्वारा आयोजित नेशनल यूथ समिट-2019 का, जिसमें अलग-अलग राज्यों से आए छात्रों ने अनेकता में एकता का संदेश दिया। लोकगीत, लोकनृत्य और देशभक्ति से सराबोर कार्यक्रम में दर्शक देर रात तक झूमते रहे और युवाओं का हौसला बढ़ाया।

दो दिवसीय नेशनल यूथ समिट का शुभारंभ दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। इसके बाद शाम को गाजियाबाद में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात से आए युवाओं का समागम हुआ। बारी-बारी से मंच पर हर राज्य की संस्कृति को दर्शकों के सामने छात्रों ने प्रस्तुत किया। जबरदस्त तालियों के बीच दर्शकों ने प्रस्तुति दे रहे युवाओं का साथ निभाया और अपनी सीट से खड़े होकर डांस किया। बीच-बीच में भारत माता की जयकारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं को संस्कारवान करने के लिए विभिन्न आश्रम संचालित हैं। पावन चिंतन धारा ट्रस्ट के इन आश्रम से देश भर से युवा कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। रविवार को एएलटी सेंटर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह युवाओं को संबोधित कर कार्यक्रम का समापन करेंगे। इस मौके पर सुनील अग्रवाल, मयंक गोयल, तनव भल्ला, संदीप विज, आशु गुप्ता, गर्वित विज, रोहित केसरी, ज्ञानेंद्र प्रताप, विनय सहित अन्य मौजूद रहे।

हरियाणा के शौर्य से लेकर मुंबई तक की मस्ती

हरियाणा से आए छात्र-छात्राओं ने राज्य से नाम रोशन कर रहीं लड़कियों से लेकर सेना में शौर्य दिखा रहे जवानों तक की कहानी को मंच पर प्रस्तुत किया। देश-विदेश में भारत, भारत में हरियाणा गीत पर प्रस्तुति देकर इन युवाओं ने जोश भर दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ से छात्राओं ने कजरी खेलकर लोक संस्कृति को दर्शकों के सामने रखा। छत्तीसगढ़ से आए युवाओं ने लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर अपने राज्य की संस्कृति की छाप दर्शकों पर छोड़ी। महाराष्ट्र से आए युवाओं ने गणेश उत्सव, मछुआरों की मस्ती और बॉलीवुड गीतों पर जमकर डांस किया और अपने साथ दर्शकों को भी खूब नचाया। मध्यप्रदेश के इंदौर से युवाओं जबरदस्त प्रस्तुति दी और देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान हर राज्य की प्रस्तुति पर दूसरे राज्यों से आए छात्र भी जमकर डांस करते हुए नजर आए।

हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। अमर उजाला

अमर उजाला JobAlert safalta.com

असिस्टेंट सुपरवाइजर बनने का मौका
एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड

- **पद का नाम :** असिस्टेंट सुपरवाइजर
- **पदों की संख्या :** 170
- **शैक्षणिक योग्यता :** स्नातक व कंप्यूटर सर्टिफिकेट/डिप्लोमा।
- **आयु सीमा :** अधिकतम 33 वर्ष (1 अगस्त, 2019 के अनुसार)

www.airindia.in

- **आवेदन शुल्क :** SC/ST/ ESM वर्ग के लिए- 500 रुपये एवं अन्य वर्ग के लिए- 1000 रुपये।
- **आवेदन प्रक्रिया :** समस्त जानकारी को ध्यान से पढ़ने के बाद आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 28 सितंबर, 2019

एग्जीक्यूटिव के पदों पर करें आवेदन
इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड

- **पदों के नाम :** एग्जीक्यूटिव I, II एवं III
- **पदों की संख्या :** 28
- **शैक्षणिक योग्यता :** 60% अंकों से संबंधित विषय (इंजीनियरिंग) में बीई/बीटेक/ बीएससी व अन्य योग्यताएं एवं अनुभव।

www.engineersindia.com

- **आयु सीमा :** अधिकतम 37/41/45 वर्ष (31 अगस्त, 2019)
- **आवेदन शुल्क :** संस्थान के अनुसार निर्धारित।
- **आवेदन प्रक्रिया :** आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 23 सितंबर, 2019

आर्मी स्कूल में टीचर के पदों पर सुनहरा अवसर
आर्मी पब्लिक स्कूल

8,000 कुल पद

- **पदों के नाम :** पीजीटी, टीजीटी एवं पीआरटी
- **शैक्षणिक योग्यता:** स्नातक/परास्नातक के साथ बीएड/डिप्लोमा एवं अन्य योग्यताएं।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 40/57 वर्ष (1 अप्रैल, 2020 के अनुसार)
- **आवेदन शुल्क:** 500 रु.
- **आवेदन प्रक्रिया:** उम्मीदवार पात्रता संबंधी समस्त जानकारी को ध्यान से पढ़ने के बाद आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 21 सितंबर, 2019

http://aps-csb.in

Exam ALERT — JEE (MAIN)-2020
https://nta.ac.in

- **एग्जाम :** JEE (MAIN) -2020
- **संस्थान :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी
- **उपयोगिता :** B.E. / B.Tech / B.Arch / B.Planning कोर्स में एडमिशन लेने के लिए।
- **शैक्षणिक योग्यता :** 12वीं पास/समकक्ष (वर्ष 2018, 2019 में पास अथवा 2020 को 12वीं में शामिल होने वाले उम्मीदवार)
- **आवेदन शुल्क :** 1300 रुपये, 650 रुपये, 325 रुपये (कोर्स एवं वर्ग के अनुसार अलग-अलग)
- **आवेदन प्रक्रिया :** आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 सितंबर, 2019
- **नोट :** आवेदन करने से पहले कृपया आधिकारिक वेबसाइट पर पात्रता संबंधी समस्त जानकारी को ध्यान से जरूर पढ़ लें।

JEE MAIN की तैयारी कैसे करें ?

मेरी बेटी 12वीं पास है और उसे मैं JEE (MAIN) की तैयारी करवाना चाहती हूं। कृपया इस एग्जाम के बारे में बताएं। -मीनाक्षी

जवाब : NIT/ IIIT/ CFTI/ SFI/ अन्य कॉलेज में B.E. / B.Tech / B.Arch / B.Planning कोर्स में एडमिशन लेने के लिए इस एग्जाम को देना होता है। ऑल इंडिया रैंक के आधार पर उम्मीदवार को एडमिशन मिलता है। वर्ष 2018, 2019 में 12वीं पास या समकक्ष अथवा 2020 में 12वीं में शामिल होने वाले उम्मीदवार इस एग्जाम को दे सकते हैं। यह वर्ष में दो बार आयोजित होता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता कि उम्मीदवार अपनी गलतियों को सुधारकर एक ही एकादमिक सेशन में JEE (MAIN) का दूसरा एग्जाम दे सकता है। इससे उम्मीदवार का समय बचता है।

अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें:
jobalert@amarujala.com
क्लिक करें www.safalta.com
और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां

न्यूज डायरी

स्पा छापामारी मामले में मालीवाल ने उठाए सवाल

स्वाति मालीवाल।

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के निरीक्षण के बाद शनिवार को दिल्ली पुलिस ने मधु विहार स्थित क्राउन स्पा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। डीसीडब्ल्यू के अनुसार, पुलिस ने आईटीपीए की धारा तीन के तहत एफआईआर दर्ज की है। निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट चल रहा था। डीसीडब्ल्यू ने दावा किया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि मालिश की आड़ में वेश्यावृत्ति हो रही थी। यहां से 7 लड़कियों को बचाया गया। आयोग के अनुसार, स्पा के पास दिल्ली नगर निगम का लाइसेंस था। दो अन्य स्पा सेंटरों से एक स्कूली छात्रा समेत 9 लड़कियों को बचाया गया था। इनमें एक स्पा सेंटर के पास लाइसेंस था, दूसरे के पास नहीं। डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि मधु विहार थाने ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन मोहन गार्डन और उत्तम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि दोनों थानों ने आईटीपीए की धारा 3 के तहत एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की। ब्यूरो

लंबित मामलों की प्रक्रिया होगी आसान

नई दिल्ली। अदालत में लंबित मामलों की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी जिला मजिस्ट्रेट पाक्षिक आधार पर मामलों की समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट शासन को पेश करें। विभाग ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की तरफ से जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि समीक्षा अधिकारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट स्तर का और नोडल अधिकारी तहसीलदार स्तर का होगा। ब्यूरो

दिनभर हंगामे के बाद शाम को मतगणना शुरू

बाहर जानकारी साझा न करे, इसलिए पोलिंग एजेंट से लिया शपथ पत्र, अदालत में प्रस्तुत होगा 100 वोट का रिजल्ट

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के तहत शुक्रवार को मतदान के बाद शाम को शुरू हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा शनिवार शाम तक जारी रहा। चुनाव आयुक्त और छात्र संगठनों की बैठक चलती रही।

शनिवार शाम साढ़े चार बजे चुनाव आयुक्त ने मतगणना दोबारा शुरू करने का फैसला लिया। अदालत ने परिणाम जारी करने पर रोक लगाई है। इसलिए चुनाव आयुक्त मतगणना के साथ हर राउंड में रुझानों की जानकारी छात्रों से साझा कर रहा है, लेकिन सेंट्रल और काउंसलर पदों के आखिरी सौ वोट का रुझान सार्वजनिक नहीं होगा। इस बाबत पोलिंग एजेंट से शपथ पत्र लिया गया, जिसमें वे मतगणना से जुड़ी जानकारी बाहर साझा नहीं करेंगे।

शुक्रवार को 68 फीसदी मत प्रतिशत के साथ मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। हालांकि, मतदान पूरा होने से पहले अदालत द्वारा परिणाम पर रोक के चलते कैंपस में माहौल गरमा गया था। लेफ्ट और चुनाव आयोग विश्वविद्यालय प्रबंधन पर चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाता रहा। अदालत के आदेश के कारण चुनाव आयोग मतगणना शुरू करने पर कोई फैसला नहीं ले सका। शुक्रवार रात 10 से साढ़े 11 बजे तक छात्र संगठनों के साथ बैठक में मतगणना शुरू करने पर मंथन होता रहा। करीब 12 बजे के बाद मतगणना शुरू करने का फैसला लिया गया, लेकिन शुरू नहीं हुई। आखिरकार, शनिवार शाम साढ़े चार बजे मतगणना शुरू करने का फैसला हुआ। गौरतलब है कि जेएनयू संविधान में बदलाव को लेकर काउंसलर पदों पर उठा विवाद अदालत पहुंचा और रिजल्ट जारी करने पर रोक लग गई।

डीन ऑफ स्टूडेंट के पर्यवेक्षक रखने की मांग ठुकरायी : अदालत द्वारा रिजल्ट पर रोक लगाने के चलते डीन ऑफ स्टूडेंट मतगणना स्थल पर पोलिंग एजेंट के स्थान पर विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक बिठाना चाहते थे, लेकिन चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक की मांग को ठुकरा दिया। इसके बाद छात्र संगठनों के पोलिंग एजेंट पोलिंग अंडरटेकिंग देकर मतगणना का निरीक्षण कर रहे हैं।

अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में एकत्र विद्यार्थी। अमर उजाला

लेफ्ट यूनिटी और एबीवीपी में मुकाबला

शाम साढ़े चार बजे शुरू मतगणना का पहला रुझान साढ़े सात बजे आया। चुनाव आयुक्त ने छात्रों को रुझान की जानकारी दी। मतगणना का पहला राउंड लेफ्ट का गढ़ माने जाने वाले स्कूल ऑफ लैंग्वेज के नाम रहा। इसमें अध्यक्ष पद में लेफ्ट यूनिटी की आईशी घोष को 78, एबीवीवी के मनीष जांगिड को 28, एनएसयूआई के प्रशांत कुमार को 26 और बापसा के जितेंद्र को 14 वोट मिले हैं। राजद की प्रियंका भारती के नाम दो वोट रहे। इसके अलावा हाईकोर्ट से विशेष अनुमति के बाद चुनाव मैदान में जुटे राघवेंद्र मिश्रा को एक भी वोट नहीं मिली। उपाध्यक्ष पद पर लेफ्ट यूनिटी को 106, एबीवीपी को 30 वोट, महासचिव पद में लेफ्ट को 74 और एबीवीपी को 37 और सचिव में लेफ्ट को 104 और एबीवीपी को 33 वोट मिले हैं।

100 और 150 वोटों की नहीं होगी गिनती

सूत्रों के मुताबिक, सेंट्रल पैनल में 100 और काउंसलर पदों के लिए 150 आखिरी वोट की मतगणना नहीं होगी। चुनाव आयोग ने फैसला लिया है कि सेंट्रल पैनल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व सचिव पद के तहत आखिरी 100 वोट जब रह जाएंगे तो उसका रुझान मतगणना स्थल से बाहर नहीं जाएगा, काउंसलर पद में 150 वोट का रुझान भी सार्वजनिक नहीं होगा। इन वोटों की गिनती करके उसका रिजल्ट अदालत को सौंपा जाएगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय

सीवाईएसएस का अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में आर्ट्स फैकल्टी के बाहर आंदोलनरत आप के छात्र संगठन सीवाईएसएस ने अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया है। पार्टी राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप पांडेय ने छात्रों का अनशन तुड़वाया। मालूम हो कि कई दिन से सीवाईएसएस कार्यकर्ता बैलेट से वोटिंग, 24 घंटे पुस्तकालय, सभी छात्रों को छात्रावास सुविधा, सभी कॉलेजों में एक समान फीस आदि मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर थे।

दिलीप पांडेय ने कहा कि यह बहुत निराशाजनक है कि छात्रों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त करने के लिए भूख हड़ताल करनी पड़े। डूसू चुनाव में बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग पर उन्होंने कहा कि ईवीएम से गड़बड़ियों की आशंका रहती है। देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए देशवासियों को एकजुट होकर आगे आना पड़ा। ब्यूरो

पांच 'पी' से निशाना साधेगी एबीवीपी

चुनावी घोषणा पत्र में परिसर, पाठ्यक्रम, प्रवेश, परीक्षा और परिणाम पर किया फोकस

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में चारों सीटों पर जीत का दावा कर रही एबीवीपी ने अपनी जीत का हथियार पांच 'पी' मॉडल व विजन-2022 को बनाया है। एबीवीपी का कहना है कि उसका पैनल डीयू के समग्र विकास के लिए परिसर, पाठ्यक्रम, प्रवेश, परीक्षा व परिणाम पर काम करेगा। कैंपस में कुछ इस तरह काम किया जाएगा कि वर्ष 2022 में डीयू के सौ वर्ष पूरे होने से पहले ही डीयू को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का दर्जा मिल सके।

एबीवीपी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर अपना घोषणा पत्र जारी किया। महिलाओं के लिए एक विशेष घोषणा पत्र भी जारी किया गया। एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि इस बार कैंपस में पांच 'पी' मॉडल पर काम किया जाएगा। ना केवल संसाधनों, लाइब्रेरी, वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा दिया जाएगा बल्कि दिव्यांग छात्रों के लिए सुविधाजनक, स्वच्छ व हरित कैंपस पर भी काम करेंगे। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि पांच 'पी' मॉडल के साथ-साथ एकेडमिक काउंसिल में छात्रों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, सेंट्रल प्लेसमेंट को बेहतर करने, एनएसएस, योग, एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में लागू करने पर भी काम करेंगे। एबीवीपी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी अक्षित दहिया ने कहा कि छात्रों को एक उत्तरदायी और छात्र हितैषी डूसू दिया जाएगा।

छात्रों के हितों की रक्षा का दावा करते हुए घोषणा पत्र जारी करते एबीवीपी प्रत्याशी व पदाधिकारी। अमर उजाला

घोषणा पत्र की मुख्य बातें

- दाखिला प्रक्रिया को छात्र हितैषी बनवाया जाएगा।
- ईसीए तथा स्पोर्ट्स कोटा की दाखिला प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।
- परिणाम, पुनर्मूल्यांकन, रि-चेकिंग के लिए कैलेंडर जारी किया जाएगा।
- सप्लीमेंट्री कोर्स और अंग्रेजी स्पीकिंग कक्षाएं शुरू की जाएंगी।
- कॉलेज परिसरों को ग्रीन कैंपस-क्लीन कैंपस बनाने पर काम होगा।
- छात्राओं के प्रशिक्षण देने के लिए मिशन साहसी लांच किया जाएगा।
- छात्राओं के सभी हॉस्टल के बाहर महिला पुलिस बूथ व सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग और स्थायी छात्रसंत्र कार्यालय व सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।

डूसू चुनाव

प्रचार में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में 12 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है। इसलिए उम्मीदवारों ने प्रचार तेज कर दिया है। वहीं, डूसू चुनाव के लिए छात्र संगठन की ओर से पैनल घोषित होने के बाद ही प्रत्याशी औपचारिक प्रचार की शुरूआत करते हैं। चुनाव में नाम वापस लेने के बाद 5 सितंबर को पैनल घोषित हुए। इस तरह चुनाव प्रचार की शुरूआत 6 सितंबर को सकी। इस बार प्रत्याशियों को 6 सितंबर, 7 सितंबर और 9 सितंबर का दिन ही प्रचार के लिए मिला। 8 सितंबर को रविवार का अवकाश व 10 सितंबर को मुहर्रम का अवकाश है, जबकि 11 सितंबर को प्रचार नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में कॉलेजों में जाकर तमाम संगठन अपने लिए वोट हासिल करने में जुट गए हैं। संगठनों का मानना है कि इस बार बहुत कम समय मिला है। कॉलेजों में जाकर छात्रों तक पहुंच बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्याशी दो-दो के समूह में प्रचार कर रहे हैं। सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। ब्यूरो

डीयू को देंगे हिंसा मुक्त कैंपस और शैक्षिक स्वतंत्रता : आइसा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डीयू में एबीवीपी और एनएसयूआई के धन और बाहुबल के आगे खुद को एक बेहतर विकल्प बताने वाले ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) ने चुनाव जीतने पर कैंपस को हिंसा मुक्त बनाने का वादा किया है। आइसा की ओर से शनिवार को एक सकारात्मक बदलाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया, जिसके माध्यम से उन्होंने 'मेरा वोट-मेरा अधिकार' का नारा देते हुए किसी भी फर्जी व धोखेबाज उम्मीदवार को अपना वोट ना देने की अपील की है। घोषणा पत्र में हिंसा रहित कैंपस, हॉस्टल बढ़ाने, पीजी ब्रोकर माफिया के खिलाफ रेंट रेगुलेशन एक्ट, मेट्रो में रियायती पास, लैंगिक संवेदनशीलता सेल बनाने पर फोकस किया है।

आइसा दिल्ली इकाई अध्यक्ष कंवलप्रीत कौर ने कहा कि बीते साल एबीवीपी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी फर्जी डिग्री के आधार पर अध्यक्ष पद जीते। हालांकि, बाद में उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस बार छात्रों को सोचना होगा कि वह कैसा छात्रसंघ चाहते हैं। बीते साल फर्जी डिग्री वाले प्रत्याशी को खड़ा करने के लिए एबीवीपी को माफी मांगनी चाहिए। कुछ सालों में कैंपस में हिंसा की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसे में हिंसा मुक्त कैंपस का दावा आइसा ही कर सकता है। एक ऐसा कैंपस, जहां छात्रों को शैक्षिक स्वतंत्रता भी होगी। आइसा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी दामिनी कैन ने कहा कि उनके घोषणा पत्र का मुख्य मुद्दा होगा कि छात्रों को हिंसा मुक्त कैंपस मिले। सहसचिव पद की उम्मीदवार चेतना ने कहा कि उनका फोकस कैंपस में जेंडर जस्टिस लाना और छात्रों के लिए स्कॉलरशिप उपलब्ध कराने पर रहेगा। घोषणा पत्र जारी करने के अवसर पर उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार आफताब आलम व सचिव पद के प्रत्याशी विकास भी मौजूद रहे।

चुनावी घोषणा पत्र जारी करते आइसा के प्रत्याशी व पदाधिकारी। अमर उजाला

आइसा ने घोषणा पत्र जारी कर किया दावा, फर्जी उम्मीदवार से बचने की दी सलाह

27 साल बाद पकड़ा गया 68 साल का बुजुर्ग

अमर उजाला ब्यूरो

धोखाधड़ी के मामले में चल रहा था फरार, कई बार पुलिस को दिया गच्चा

पुलिस के शिकंजे से बचने के लिए आरोपी लगातार बदल रहा था स्थान

नई दिल्ली। नई दिल्ली इलाके में 27 साल से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक 68 साल के बुजुर्ग को मंदिर मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी को 15 साल पहले भगोड़ा घोषित किया था। वर्ष 1992 से आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त ईश सिंघल ने बताया कि आरोपी की पहचान दिलशाद गार्डन निवासी अरविंदर पाल सिंह (68) के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया है कि वह पुलिस से छिपने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था। कई बार उसने पुलिस को भी गच्चा दिया। एक सूचना के बाद एसीपी अखिलेश्वर स्वरूप यादव व एसएचओ मंदिर मार्ग विक्रमजीत सिंह व अन्य की टीम ने बृहस्पतिवार को आरोपी को दिलशाद गार्डन इलाके से दबोचा। पुलिस कनाट प्लेस के एक मामले में आरोपी की 1992 से तलाश कर रही थी।

लांसर फुटवियर के उत्पादों की लांचिंग

व्यावसायिक गतिविधि

नई दिल्ली। लांसर फुटवियर ने कारोबार विस्तार के तहत ग्राहकों की पसंद, स्टाइल, आराम और क्रय क्षमता के अनुकूल अपने प्रीमियम प्रोडक्ट्स की लांचिंग यहां ग्रैंड होटल में आयोजित डीलर्स मीट में की। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के चेयरमैन सुभाष चंदर गुप्ता, निदेशकगण अभिषेक गुप्ता, आशीष गुप्ता और सौरभ गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर देश भर से आए डीलर्स और रिटेलर्स मौजूद रहे। चेयरमैन गुप्ता ने कंपनी को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, सेल्स और मैनपावर में लगातार वृद्धि कर ग्राहकों की पसंद पर खरा उतरेगी। कार्यक्रम में डीलर्स और रिटेलर्स के समक्ष 12 उत्पादों को यूनिक स्टाइल में पेश किया गया।

मच्छर मार ट्रेन को हरी झंडी

शाहदरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखातीं पूर्वी दिल्ली नगर निगम की महापौर अंजु व अन्य । अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

जलजनित बीमारियों से रोकथाम के लिए आसपास के स्थानों पर जाएगी ट्रेन

नई दिल्ली। नई दिल्ली के बाद पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्टेशन से शनिवार को मच्छर मार ट्रेन चलाई गई। पूर्वी दिल्ली एमसीडी के सहयोग से चली यह ट्रेन रेलवे ट्रैक के आसपास के इलाके में पनपने वाले मच्छरों की रोकथाम के लिए चलाई गई है। एमसीडी इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी इस अभियान की निगरानी करेगा। पूर्वी दिल्ली एमसीडी की मेयर अंजू ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मच्छर मार ट्रेन में 8000 लीटर का टैंकर रखा गया है। टैंकर पर प्रेशर पंप लगा कर मच्छर मार दवा का छिड़काव किया जा रहा है। कैलाश नगर, धर्मपुरा, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, विवेक विहार, झिलमिल कॉलोनी समेत अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए ट्रैक के दोनों तरफ दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

मेरठ से आकर लूटते थे मोबाइल, तीन धरे

अमर उजाला ब्यूरो

सीरीज में देते थे वारदात को अंजाम, आरोपियों से 61 मोबाइल फोन बरामद

मेरठ में दानिश को बेचते थे लूट का माल, दो हैं सगे भाई, मामले की छानबीन जारी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मेरठ से आकर दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाशों को दबोचा है। ये रोज बाइक से दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और अन्य जगहों पर आते थे। यहां सीरीज में लूटपाट करने के बाद फरार हो जाते थे। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 61 मोबाइल बरामद किए हैं। ये अब तक दिल्ली-एनसीआर से सैकड़ों मोबाइल लूट चुके हैं।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बीके सिंह ने बताया कि 4 सितंबर को सूचना मिली थी कि मेरठ से आकर एनसीआर में मोबाइल लूटने वाले गिरोह के बदमाश किलोकरी गांव, सनलाइट कॉलोनी में आएंगे। पुलिस ने आश्रम चौक के पास से जाकिर कॉलोनी, मेरठ निवासी वसीम (30), उमर जाहिद (24) और शाहनवाज (34) को गिरफ्तार किया। इनके पास से 61 मोबाइल फोन बरामद हुए। छानबीन में पता चला कि उमर और शाहनवाज सगे भाई हैं। गैंग में तीन और बदमाश शामिल हैं। ये लोग रोज दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद के लिए बाइक से निकलते थे।

बाद में 8 से 10 मोबाइल लूटकर वापस चले जाते थे। आरोपी उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो हाथ में मोबाइल लेकर चलते थे या सड़क पर फोन से बात करते थे। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

सोनिया से मिले दिल्ली के पूर्व मंत्री

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर आलाकमान भी सक्रिय हो गए हैं। सोनिया गांधी भी जल्द अध्यक्ष पद की घोषणा के लिए प्रदेश के नेताओं से बातचीत कर रही हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के बाद शनिवार को सोनिया गांधी पूर्व मंत्रियों से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि गुटबाजी पर लगाम लगाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ऐसे नेता को अध्यक्ष की कुर्सी सौंपना चाह रही है जिससे विवाद नहीं हो। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे डॉ. नरेंद्र नाथ, रामाकांत गोस्वामी, किरण वालिया, मंगतराम सिंघल ने सोनिया गांधी के निवास स्थान पर मुलाकात की। पूर्व मंत्रियों से सोनिया गांधी ने दिल्ली की राजनीति व गुटबाजी पर चर्चा की। डीयू चुनाव व आगामी विधानसभा पर भी पार्टी के नेताओं ने चर्चा की। कयास लगाया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन में दिल्ली कांग्रेस को प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। ब्यूरो

भाकियू ने टोल प्लाजा पर किया हंगामा

पिलखुवा (हापुड़)। हाईवे स्थित छिजारसी टोल प्लाजा को फ्री कराने की मांग को लेकर भाकियू ने जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं ने 15 किमी के दायरे में आने वाले लोगों के लिए टोल फ्री कराने की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने किसानों को आश्वासन देकर शांत कराया। लेकिन भाकियू कार्यकर्ताओं ने दो दिन में मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ब्यूरो

कोचुवेली ट्रेन में आग का मामला

अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली। चंडीगढ़-कोचुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में शुक्रवार को आग लगने के मामले में जीआरपी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच में जीआरपी रेलवे ने पार्सल के सामान का ब्योरा मांगा है। फॉरेंसिक टीम ने सैंपल नई दिल्ली से ली है। रिपोर्ट आने पर स्थिति साफ होगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार रेलवे का वाणिज्यिक विभाग की घेरे में नजर आता है। जिस जेनरेटर कोच में आग लगी थी उसी कोच में पार्सल भी लोड होता है। सूत्रों की माने तो पार्सल कोच में ज्वलनशील श्रेणी में आने वाला समान लोड किया गया था। यही वजह थी कि आग बार बार भड़क रही थी। ट्रेन चंडीगढ़ से चली थी। इस ट्रेन में चंडीगढ़ और अंबाला रेलवे स्टेशन से पार्सल लोड किया जाता है। इन्हीं दोनों रेलवे स्टेशन में से किसी एक स्टेशन से ट्रेन में कार शाइनर लोड किया गया था जो ज्वलनशील होता है। ट्रेन में एक बाइक भी लोड किया गया था। बाइक की टंकी खाली थी। हालांकि रेलवे अधिकारी शॉर्ट सर्किट को प्राथमिक वजह मान रहे हैं। ब्यूरो

डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू

नई दिल्ली। बिजवासन चेस्ट क्लीनिक में डिजिटल एक्स-रे मशीन की सुविधा शुरू कर दी गई है। 50 लाख सांसद निधि से एक्स-रे मशीन की सुविधा दी जा रही है। दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर है। गरीब लोगों की स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार मिल रहा है। दिल्ली सरकार पर कटाक्ष करते हुए सांसद ने कहा कि विफलताओं को छिपाने के लिए बिजली के बिलों में कमी कर देना सिर्फ जनता को भ्रमित करने वाला है। ब्यूरो

प्रदूषण जांच सर्टिफिकेट बनवाने में लग रहे 4 से 5 घंटे

सुबह से ही जांच केंद्रों पर उमड़ रही वाहन चालकों की भीड़, सर्वर धीमा होने से बढ़ी लोगों की मुसीबतें

नई दिल्ली। संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान राशि में भारी इज़ाफे के बाद प्रदूषण जांच केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आलम यह है कि लोग सुबह से ही प्रदूषण जांच केंद्रों पर लाइनें लगा रहे हैं। शनिवार को अमर उजाला की टीम ने प्रदूषण जांच केंद्रों पर लोगों को हो रही परेशानियों का जायजा लिया। लोग कामकाज छोड़कर घंटों कतार में खड़े दिखाई पड़े। सर्वर धीमा रहने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा है कि प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र लेने में लोगों को चार से पांच घंटे का समय लग रहा है।

भाई वीर सिंह मार्ग : दोपहर 12 बजे

गोल मार्केट के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप पर दोपहर 12 बजे करीब 40 से ज्यादा दोपहिया और 20 से ज्यादा चौपहिया वाहन प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रदूषण जांच केंद्र पर खड़े थे। सुबह करीब सात बजे से लाइनों में खड़े लोग तेज धूप में पसीने से तरबतर हो रहे थे। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

तेज धूप में लोगों ने किया सुबह का नाश्ता : इस बीच कुछ लोग पेट्रोल पंप की दीवार के सहारे खड़े अपने वाहनों पर बैठकर तेज धूप से बचने की कोशिश करते दिखाई दिए। वहीं जो लोग करीब 4-5 घंटे से लाइन में खड़े थे उनमें से कुछ चाय और चिप्स के साथ सुबह का नाश्ता करते दिखे।

स्लो सर्वर ने बढ़ाई मुसीबत : इस प्रदूषण जांच केंद्र पर तड़के से ही वाहनों की लंबी कतारें लगी थीं। लाइन में खड़े लोग एक तरफ तेज धूप और गर्मी से बेहाल दिखे। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण जांच केंद्र पर मौजूद कर्मी सर्वर स्लो होने के कारण बेहाल दिखाई पड़े। सर्वर के स्लो होने के कारण यहां वाहनों की प्रदूषण जांच में पांच मिनट के बजाय 20 मिनट का समय लगा।

इस प्रदूषण जांच केंद्र पर पड़ताल की गई तो पता लगा कि पिछले चार दिनों में यहां जांच प्रमाण पत्र बनाने के लिए वाहन चालकों की संख्या में दोगुना से भी ज्यादा इजाफा हुआ। पहले यहां करीब 20-45 वाहनों की प्रदूषण जांच होती थी, लेकिन अब रोज120-125 वाहनों की प्रदूषण जांच हो रही है।

गोल मार्केट स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों पर प्रमाण पत्र के लिए अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

बाबा खड़क सिंह मार्ग, 12:30 बजे

बाबा खड़ग़ सिंह मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के प्रदूषण जांच केंद्र पर भी लोग सुबह से प्रदूषण जांच के लिए टोकन लेकर लाइनों में खड़े दिखे। प्रदूषण जांच में जल्दी बाजी करने वाले कुछ लोगों के बीच यहां काफी कहासुनी भी होती दिखाई दी। करीब 12:40 मिनट पर यहां टोकन संख्या 51 के वाहन की प्रदूषण जांच की जा रही थी।

दूर-दूर से पहुंचे थे लोग

जांच केंद्र पर पड़ताल में पता लगा कि यहां पर पहुंचे अधिकतर लोग काफी दूर से यहां पहुंचे थे। ज्ञात हुआ कि द्वारका, पालम, चाणक्यपुरी समेत अन्य इलाकों के लोग काम छोड़ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए खड़े दिखे।

खौफ : निजी वाहन छोड़ मेट्रो बसों में सफर कर रहे हैं लोग

नई दिल्ली। संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के बाद से वाहनों के बड़े चालान होने से लोगों में यातायात नियमों को लेकर डर की स्थिति पैदा हो गई है। चालान राशि कई गुना बढ़ने के बाद दिल्लीवासी अब अपने निजी वाहनों को सड़कों पर उतारने से भी कतराते दिख रहे हैं। छतरपुर निवासी निशा सिंह ने बताया कि उनके पास कार और स्कूटी हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि वह यातायात नियमों का हमेशा पालन करती हैं, लेकिन अगर कभी गलती से भी उनसे किसी यातायात नियम का उल्लंघन हो गया तो चालान कट सकता है। अब वह अपने ऑफिस पहुंचने के लिए मेट्रो से सफर करेंगी। **नजफगढ़ निवासी आमिर** ने बताया कियातायाता नियमों में सख्ती से वह अब मेट्रो और बसों में सफर करना ज्यादा बेहतर मान रहे हैं। कानून एवं न्याय अधिकारिता मंत्रालय में कार्यरत वरुण शर्मा का कहना है कि वह बाइक से दफ्तर जाता हैं, लेकिन सुबह ऑफिस पहुंचने की जल्दी में वह रेड लाइट जंप कर देता है। इससे बचने के लिए मेट्रो से सफर करने लगे हैं।

आईटीओ रेड लाइट पर जेब्रा क्रासिंग के ऊपर खड़ी गाड़ियां।

खड़क सिंह मार्ग पर प्रमाण पत्र के लिए लगी लंबी लाइनें।

रेहड़ी में शव को रखकर श्मशान घाट पहुंचे परिजन तो पंडित ने पुलिस बुलाई

नरेला। नरेला इलाके में स्थित एक श्मशान घाट के पंडित ने अंतिम संस्कार के लिए लाए गए एक अधेड़ व्यक्ति की मौत के कारण पर संदेह होने पर पुलिस को बुला लिया। मृतक के गले पर निशान देखने के बाद उसने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। पुलिस ने शव को चिता से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नरेला अनाज मंडी के पास स्थित श्मशान घाट में शनिवार सुबह कुछ लोग बिना अर्थी के सामान ढोने में इस्तेमाल होने वाली एक रिक्शा में एक व्यक्ति के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर आए। शमशान घाट के पंडित पिंटू ने मृतक के बारे में जानकारी हासिल की तो उसका नाम हरिलाल निवासी कुरैनी मालूम हुआ। शव के साथ आए लोगों के संदिग्ध आचरण ने पिंटू का शक बढ़ा दिया। उसे मृतक के गले पर निशान मिले तो साथ आए लोग संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और अंतिम संस्कार के लिए जल्दबाजी करने लगे। इस पर उसने पुलिस नियंत्रण कक्ष को मामले की सूचना दी। इसी बीच कुरैनी गांव के कुछ लोग भी सामाजिक कार्यकर्ता शमीम चौधरी के साथ शमशान घाट पहुंचे और पुलिस के आने तक अंतिम संस्कार को रोके रखा। ब्यूरो

मेट्रो में लगे गुरु साहिब के संदेश पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए ट्रेन में सफर करते मनजिंदर सिंह सिरसा।

श्री गुरु नानक देव जी का संदेश घर-घर तक पहुंचाएंगे : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली मेट्रो यात्रा किया। उन्होंने यात्रियों से गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को समर्पित संदेश वाले बोर्ड पर यात्रियों से प्रतिक्रिया ली। नानक देव के संदेश पर विचार भी जाना। सिरसा ने इस मौके पर यात्रियों को बताया कि गुरु नानक देव का संदेश सिर्फ सिखों के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए है। गुरु साहिब ने हर एक मनुष्य को अपने धर्म पर पक्का रहने का उपदेश दिया व समाज को मिल कर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक का संदेश घर-घर तक पहुंचाएंगे। ब्यूरो

अकाली दल के पूर्व प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। अकाली दल के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व मीडिया सलाहकार परमिंदर पाल सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अकाली दल का इतिहास जुल्म के खिलाफ लड़ने वाला रहा है। हक और सच के लिए मोर्चा खोलना अकाली दल की विचारधारा है। यह सुनकर आहत होता है कि डीयू कॉलेज छात्रसंघ चुनावों के दौरान शिरोमणि अकाली दल की छात्र इकाई एसओआई ने विरोधी उम्मीदवारों के छात्रों व उनके परिजनों को धमकाने व डराने काम कर रहे हैं। ब्यूरो

श्मशान घाट में कब्र से नवजात का शव गायब

शुक्रवार शाम परिवार ने दफनाया था शव, शनिवार को गायब होने का पता चला

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र स्थित श्मशान घाट से एक नवजात बच्ची का शव कब्र से गायब होने का मामला सामने आया है। बच्ची के शव को शुक्रवार शाम दफनाया गया था। धार्मिक रीति रिवाज के लिए शनिवार सुबह परिजन शमशान घाट पहुंचे तो बच्ची का शव कब्र में न पाकर उनके होश उड़ गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने शमशान घाट के ही एक कर्मचारी पर शव को गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी कर्मचारी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त वेद प्रकाश सूर्या ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों को शक श्मशान घाट के कर्मचारी पर, पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस के मुताबिक पीड़ित सतीश सरदाना ने बताया कि वह परिवार के साथ बी-2/32 जनकपुरी में रहता है। उनके परिवार में बेटा संकेत सरदाना, बहू रीतिका सरदाना व अन्य सदस्य हैं। दो सितंबर को उनकी बहू ने जनकपुरी के एक निजी अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया था। अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। नवजात को गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार दोपहर 3.00 बजे उसकी मौत हो गई। परिवार बच्ची का शव लेकर वजीराबाद स्थित शमशान घाट आ गया। यहां पंडित के कहने पर परिवार ने शुक्रवार शाम बच्ची के शव को कब्र खोदकर दफना दिया। कब्र पर एक पौधा भी लगा दिया गया। परिवार शनिवार सुबह धार्मिक क्रियाकलाप के लिए शमशान घाट पहुंचा तो कब्र से पौधा उखड़ा हुआ था। कब्र से बच्ची का शव भी गायब था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

खबर मिलते ही शास्त्री पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शमशान घाट के कर्मचारी ने उन्हें शाम के समय ही कब्र में बच्ची को दफनाने के लिए दबाव दिया था। परिवार ने शव के साथ नमक डालने की बात की थी तो आरोपी ने नमक भी डालने के लिए मना कर दिया था। परिजनों ने उसी पर शक जताया। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी ने तंत्रमंत्र करने के लिए बच्ची के शव गायब किया। उधर जिला पुलिस उपायुक्त का कहना है कि मामले में छानबीन जारी है। कई लोगों से पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है।

इसी श्मशान घाट से गायब हुआ शव।

स्कूल से लौट रहे 11 साल के बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

लोनी (गाजियाबाद)। रिस्तल गांव मार्ग पर शनिवार दोपहर साइकिल पर बहन के साथ स्कूल से घर जा रहे पांचवीं कक्षा के 11 वर्षीय छात्र को तेज रफ्तार ईट से भरे ट्रैक्टर ने कुचल दिया। टक्कर से छात्र की बहन साइड में गिर गई। घायल छात्र की दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गुस्साई लोगों ने ट्रैक्टर में तोड़फोड़ की और टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

रिस्तल गांव में महकार सिंह परिवार के साथ रहते हैं। घर में पत्नी प्रेमवती, बड़ा लड़का विकास, छोटा बेटा विपुल (11), बेटी कंचन है। ब्यूरो

बंदूक दिखा युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के राजपार्क इलाके में प्यार के जाल में फंसाकर गन प्वाइंट पर एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। 27 जुलाई को आरोपी जन्मदिन मनाने की बात कर पीड़िता को रोहिणी सेक्टर-20 के एक फ्लैट में ले गया, जहां आरोपी व उसके दोस्त ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस से शिकायत करने पर पीड़िता को हत्या की धमकी दी गई।

मुकदमा वापस नहीं लेने पर युवती की हत्या की साजिश रच रहा था आरोपी

रोहिणी के एक फ्लैट में जन्मदिन का बहाना बनाकर दिया था वारदात को अंजाम

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा ने बताया कि आरोपी आसिम उर्फ आरिश उर्फ रजी अहमद (22) के खिलाफ गीता कालोनी में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और विजय विहार में अवैध हथियार का मुकदमा पहले से दर्ज था। 26 जुलाई को राजपार्क थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती ने आरोपी आरिश और एक अन्य युवक के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी आरिश से उसकी दोस्ती थी। घटना वाले दिन आरोपी अपना जन्मदिन होने की बात कर पीड़िता को एक फ्लैट पर ले गया, वहां दोनों ने पीड़िता के साथ बंदूक की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात के बाद जान से मारने की धमकी देकर आरोपियों ने पीड़िता को भगा दिया था।

पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को आरिश को रोहिणी इलाके से दबोच लिया। उसके पास से एक डबल बैरल पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह केस वापस नहीं लेने पर पीड़िता की हत्या करने की योजना बना रहा था। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

महिला को बंधक बना जेवर-नकदी लूटे

नई दिल्ली। नारायणा इलाके में बदमाशों ने एक महिला और उनकी नौकरानी को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाश घर से डेढ़ लाख रुपये नकद और 4-5 लाख कीमत के जेवर लूटकर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके बयान पर लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुषमा रानी (58) पति अश्विनी, बेटे गौरव और बहू मानसी के साथ नारायणा इलाके में रहती हैं। पति सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि गौरव गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार को पति और बेटा काम पर चले गए। बहू दूसरी मंजिल पर थी, जबकि पहली मंजिल पर फर्श की मरम्मत चल रही थी। सुषमा अपनी नौकरानी जुबेदा के साथ भूतल पर थीं। जुबेदा साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान बाहर से आए एक युवक ने सुषमा से पानी देने को कहा। सुषमा ने उससे बाल्टी में रखा पानी लेने को कहा। इसी दौरान युवक ने पिस्टल निकालकर सुषमा को कब्जे में कर लिया और उन्हें कमरे के अंदर ले आया। दूसरा युवक नौकरानी को भी कमरे में ले आया। बदमाशों ने शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी और अलमारी से नकदी और जेवरात निकालकर देने को कहा। बदमाश घर में 10 से 15 मिनट रुके। इसके बाद वे नकदी और जेवर लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने सुषमा के पहने जेवर भी उतरवा लिए। जाते हुए बदमाश कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद कर गए। उनके जाने के बाद सुषमा ने फोन कर बहू को घटना की जानकारी दी। ब्यूरो

धीमा नहीं पड़ेगा भारत का चंद्र अभियान

जोनाथन ओ कैल्हन

बेशक चंद्रयान-2 आखिरी वक्त पर चूक गया, लेकिन इससे भारत के महत्वाकांक्षी चंद्र अभियान की गति धीमी नहीं पड़ने वाली। दुनिया भर में चंद्र अभियान के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के बीच चंद्रयान-2 अपनी विफलता के बावजूद तकनीकी प्रगति का प्रतीक बना रहेगा।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम बहुत पुराना नहीं है, लेकिन यह महत्वाकांक्षाओं से भरपूर है। वर्ष 2008 में इसने चंद्रयान-1 की लांचिंग की। चांद की कक्षा में पहुंचने वाला वह पहला भारतीय अंतरिक्ष यान था। फिर उसने मार्स ऑर्बिटर मिशन लांच किया, जो 2014 में मंगल की कक्षा के पास पहुंचा। कल भारत दुखद रूप से उस सफलता से चूक गया, जो अंतरिक्ष अभियान में उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि होती। इसके तहत चंद्रयान-2 को चांद की सतह पर उतरना था। चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के अपने अभियान में सफल होने पर वह अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन जाता।

दरअसल मिशन चंद्रयान शुक्रवार देर रात तब मुश्किल में फंस गया, जब चांद की सतह पर उतर रहे लैंडर विक्रम का चांद की सतह से 2.1 किलोमीटर पहले संपर्क टूट गया। इससे बंगलूरू स्थित चंद्रयान मिशन के कंट्रोल रूम में खामोशी छा गई। हालांकि इससे संबंधित विवरण आने अभी बाकी हैं, ऐसा लगता है कि लैंडर विक्रम के चांद की सतह पर उतरते समय कुछ गड़बड़ हुई। संभवतः चांद की सतह पर उतरते हुए लैंडर क्रैश हो गया। चांद की सतह की ओर अपनी एकाकी यात्रा प्रारंभ करने से पहले विक्रम इस सप्ताह की शुरुआत में चंद्रयान-2 से अलग हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के प्रमुख ने पहले ही विक्रम के चांद की सतह पर उतरने के आखिरी दौर को 'भयभीत करने वाले 15 मिनट' की संज्ञा दी थी। बेहतर होता कि वह विक्रम के ऑटोनोमस लैंडिंग सिस्टम व्रूज थ्रस्टर्स पर गहराई से नजर रखते, जिससे कि लैंडर धीरे-धीरे चांद की सतह पर उतरता।

बंगलूरू के कंट्रोल सेंटर में मौजूद हताश भीड़ को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, 'आखिरी क्षण की विफलता के बावजूद हमने जो हासिल किया है, वह मामूली नहीं है। साहसी बनिए।' बेशक चांद पर लैंडिंग विफल हो गई है, लेकिन इसरो का कहना है कि इस अभियान के 95 फीसदी लक्ष्य पूरे हो गए हैं और उसका चंद्र अभियान आगे भी जारी रहेगा। यूरोपियन स्पेस एजेंसी में मानव और रोबोटिक अभियान निदेशालय के जेम्स कारपेंटर कहते हैं, 'चंद्रयान-2 भारत का दूसरा चंद्र अभियान था, और यह चांद की सतह पर उसका पहला अभियान था। लिहाजा यह भारत के लिए तो एक महत्वपूर्ण अभियान रहा ही, मेरा मानना है कि इससे वैश्विक स्तर पर चंद्र अभियान के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी।'

अगर लैंडर विक्रम की सफल लैंडिंग हो जाती, तो उसके चार घंटे बाद वह छह पहिये वाले रोवर प्रज्ञान को चांद की सतह पर उतारता। कैमरों और दो स्पेक्ट्रोमीटर से लैस प्रज्ञान चांद की सतह पर अपनी खोज करता और फिर महत्वपूर्ण डाटा धरती पर भेजता। लैंडर और रोवर के कम से कम

एक लूनर डे या फिर पृथ्वी के हिसाब से चौदह दिन तक चांद की सतह पर रहने की उम्मीद थी, क्योंकि रात होने पर तापमान गिर जाता है। लूनर डे के दौरान रोवर प्रज्ञान लैंडर से आधा किलोमीटर दूर तक तो जा ही सकता था। यह भारत के लिए राष्ट्रीय गौरव का अवसर तो होता ही, उन चौदह दिनों में चांद की सतह पर मिलने वाली महत्वपूर्ण जानकारियां भविष्य के वैश्विक चंद्र अभियान के लिए बेहद लाभकारी साबित होतीं।

सच यह है कि हाल के वर्षों में चंद्रमा के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है और कई देश तथा निजी कंपनियां चांद की सतह पर पहुंचने के उद्देश्य से अभियान शुरू कर चुकी हैं। विगत जनवरी में चीन का चेंज-4 लैंडर चांद के सुदूर किनारे उतरने वाला इतिहास में पहला अंतरिक्ष यान बना। हालांकि उसके बाद अप्रैल में इस्राइल में निजी तौर पर विकसित एक लैंडर चांद की सतह पर उतरने की कोशिश में सफल नहीं हुआ और क्रैश हो गया। जबकि नासा 2024 में चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना पर काम कर रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन में सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के प्रोफेसर जोनाथन मैक्डवेल का मानना है कि लैंडर की विफलता के बावजूद चंद्रयान-2 दुनिया भर में चंद्र अभियान के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के बीच तकनीकी प्रगति का प्रतीक बना रहेगा, 'जितने ज्यादा देश चांद की सतह को जानने के लिए अभियान चलाएंगे, तकनीक उतनी ही उन्नत होती जाएगी। साफ है कि चंद्र अभियान अब एक-दो सुपर पावर तक सीमित नहीं है।'

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में बर्फ का भंडार बताया जाता है। चंद्रयान-2 का एक बड़ा उद्देश्य बर्फ के इस भंडार की खोज भी था। लैंडर विक्रम के पास ऐसे कई उपकरण थे, जो चांद की सतह के बारे में गहराई के साथ खोज कर सकते थे। उसके पास एक थर्मल प्रोब था, जो चंद्रमा की सतह से 10 सेंटीमीटर नीचे तक के तापमान के बारे में पता कर सकता था। ऐसे ही रोवर प्रज्ञान के दो स्पेक्ट्रोमीटर चांद की सतह के ऊपरी आवरण और मिट्टी के बारे में नई जानकारी दे सकते थे। 'लिहाजा खोजों के जरिये वैज्ञानिक यह जानने में सक्षम हो सकते थे कि चांद की सतह पर कौन-कौन से खनिज हैं,' इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस (आईडीएसए) के अजय लेले कहते हैं।

बेशक चंद्रयान-2 आखिरी वक्त पर चूक गया, जिससे राष्ट्रीय गौरव आहत हुआ, लेकिन इससे भारत के महत्वाकांक्षी चंद्र अभियान की गति धीमी नहीं पड़ने वाली। भारत 2020 में चंद्रयान-3 की लांचिंग करने वाला है। जोनाथन मैक्डवेल कहते हैं, 'भारत और बिग फोर (अमेरिका, रूस, यूरोप और चीन) के बीच का फासला कम हो रहा है।' वे बड़े चार देश अंतरिक्ष में अपनी विफलताओं से भी बखूबी परिचित हैं। और अब भारत भी यह समझ रहा है कि सफलता दिलाने के साथ अंतरिक्ष अभियान कठिन और दिल तोड़ने वाला भी होता है।

विजय विद्रोही
वरिष्ठ पत्रकार

स्कूली बच्चों का निवाला छीनने वाले

मिड-डे मील में रोटी-नमक की मिर्जापुर की कहानी पर बवाल बचा हुआ है। लेकिन मिड-डे मील को लेकर पहली बार गड़बड़ी हुई हो, ऐसा नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले गड़बड़ी की बात सामने आने पर प्रशासन से लेकर सरकारें लीपापोती में जुट जाती थी, इस बार उस पत्रकार के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यहां भी गजब का तर्क दिया गया। कहा गया कि पत्रकार महोदय चूंकि अखबार के थे, लिहाजा उन्हें नमक- रोटी खाते नौनिहालों की फोटो लेनी चाहिए थी। पत्रकार ने वीडियो बनाकर बहुत बड़ा गुनाह किया है, क्योंकि वीडियो बनाना तो टीवी चैनल के पत्रकार का काम होता है, अखबार वाले का नहीं। लेकिन मामला बंद होने के बजाय और ज्यादा खुलता जा रहा है। अब पता चला है कि उस स्कूल में इससे पहले भी चावल और नमक बच्चों को दिया गया था। मिड-डे मील में भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें आती रही हैं। सवाल उठता है कि स्कूली बच्चों के भोजन से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना में आखिर ऐसे गड़बड़झाले क्यों होते हैं और उन्हें रोका क्यों नहीं जा रहा।

देश के ग्यारह लाख से ज्यादा स्कूलों के करीब 12 करोड़ बच्चों को मिड डे मील परोसा जाता है। पहले यह व्यवस्था पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए थी, जिसे अब आठवीं तक कर दिया गया है। कुछ जगह तो बारहवीं तक के बच्चों को मिड डे मील में शामिल करने की मांग की जा रही है। इस योजना से बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का सिलसिला अगर रुका नहीं है, तो कम जरूर हुआ है। खासतौर से दलितों, आदिवासियों के इलाकों में इसका अच्छा असर हुआ है। अलग-अलग जातियों के और धर्मों के बच्चे एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। इससे जातिवाद कमजोर हुआ है। आपस में भाईचारा बढ़ा है। पौष्टिक भोजन मिलने से बच्चे बीमार और कमजोर होने से बचे हैं, तो लड़कियों में खून की मात्रा का स्तर सुधरा है।

मिड-डे मील को लेकर गड़बड़ी कोई पहली बार नहीं हुई है। स्कूली बच्चों के भोजन से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना में आखिर ऐसे गड़बड़झाले क्यों होते हैं और उन्हें रोका क्यों नहीं जा रहा?

गुजरात में मिड-डे मील योजना के तहत दिए जाने वाला भोजन आयोडीन युक्त नमक से बनवाना शुरू किया गया। सभी स्कूलों को ऐसा नमक खरीदने के लिए ज्यादा पैसा दिया गया। इससे दो- तीन साल में ही बच्चों को भरपूर आयोडीन मिलने लगा। ऐसे ही जम्मू-कश्मीर में जब भाजपा-पीडीपी की सरकार बनी, तो कुछ समय के लिए केंद्र से मिलने वाले पैसों में देरी हुई। दरअसल मोदी सरकार ने तय किया कि राज्य सरकार जब अपने खर्च का हिसाब केंद्र को (यूटिलिटी सर्टिफिकेट) भेजेगी, तभी आगे की किस्त जारी होगी। ऐसे में स्कूलों में मिड-डे मील का पैसा देरी से पहुंचना शुरू हुआ और कुछ स्कूलों में यह व्यवस्था कुछ समय के लिए बंद करनी पड़ी, तो वहां बच्चों ने भी स्कूल जाना बंद कर दिया।

ऐसे में गांवों की किराना दुकानों से लेकर सब्जी बेचने वाले तक सामने आए (जिनके बच्चे भी स्कूल जाते थे) और उधार पर राशन और सब्जी स्कूलों को देनी शुरू की, ताकि बच्चों का स्कूल जाना न रुके। यह उदाहरण बताता है कि आम गरीब जनता की नजर में मिड-डे मील योजना कितनी महत्त्वपूर्ण है। हालांकि हाल का एक सर्वेक्षण यह भी बताता है कि गांवों में अब लोग मिड डे मील के सरकारी स्कूल के बजाय बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने लगे हैं। कुछ इलाकों में सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन काफी हद तक गिरा है। इससे पता चलता है कि हैसियत अच्छी होने पर मां-बाप मुफ्त भोजन की सुविधा पर अच्छी पढ़ाई को वरीयता देने लगे हैं।

मिर्जापुर की घटना पर वापस आते हैं। हर स्कूल का बच्चों की संख्या के हिसाब से दाल, चावल, आटा आदि का कोटा तय होता है। सब्जी, नमक, तेल, मसालों के पैसों की भी व्यवस्था की जाती है। यह सब अग्रिम स्तर पर होता है, ताकि किसी चीज की कमी के कारण बच्चों का निवाला न छिन जाए। ऐसे में, यह बात समझ से परे है कि मिर्जापुर के उस स्कूल में रोटी या चावल के साथ नमक क्यों दिया जा रहा था। अगर सब्जी के लिए पैसे नहीं थे, तो क्यों नहीं थे? इसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। अगर सब्जी के पैसों से किसी तरह की गड़बड़ी हो रही थी, तो उसकी जांच होनी चाहिए। आखिर बच्चों के मुंह से निवाला क्यों छीना जा रहा है? यह अपराध से कम नहीं है। अगर पत्रकार ने गलत खबर दिखाई है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर खबर सही है, तो इधर-उधर की बहानेबाजी बंद कर देनी चाहिए और पत्रकार का बाकायदा सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। बहुत-से राज्यों में स्वयंसेवी संगठनों को मिड डे मील स्कूलों तक पहुंचाने का काम दिया गया है। यहां अक्षय पात्र का नाम लिया जा सकता है। ये संस्थाएं आधुनिक रसोई में गर्म खाना तैयार करती हैं और गर्म-गर्म ही स्कूलों तक पहुंचाती हैं। अगर उत्तर प्रदेश सरकार अपनी मिड डे मील योजना चलाने में विफल हो रही है, तो उसे अक्षय पात्र जैसी संस्था को इसका ठेका दे देना चाहिए।

कश्मीरी पंडितों की त्रासदियां

1990 के दशक से पंडितों ने कश्मीर से बाहर साहसिक तरीके से अपनी जिंदगी को दोबारा से संवारने का प्रयास किया और इस क्रम में उन्होंने खुद को चौथी त्रासदी का सामना करते पाया- उन्होंने पाया कि वे तेजी से बढ़ते हिंदुत्व का मोहरा बनाए जा रहे हैं।

रामचंद्र गुहा
जाने-माने इतिहासकार

कश्मीरी पंडितों का जब नरसंहार हुआ था, तब मैं दिल्ली में रहता था और इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी) में काम करता था। आईईजी के निदेशक जाने-माने समाजशास्त्री त्रिलोकी नाथ मदान थे, जो कि घाटी में ही पले-बढ़े थे और उन्होंने पंडितों के जीवन पर नृवंशविज्ञान से संबंधित क्लासिक काम किया। प्रोफेसर मदान के भाई खुद गांधी मेमोरियल कॉलेज, श्रीनगर के प्रतिष्ठित प्राचार्य थे और उन्हें अपनी मातृभूमि से भागना पड़ा था। उनके पैतृक निवास में तोड़फोड़ की गई थी, परिवार के पास मौजूद अरबी सहित पांच भाषाओं की कीमती पांडुलिपियां जला दी गईं।

कश्मीर छोड़ने को मजबूर हुए कई पंडितों ने कुछ शानदार संस्मरण लिखे हैं। लेकिन इनमें से सर्वाधिक आधिकारिक ब्योरे सोनिया जब्बार के 'द स्पिरिट ऑफ प्लेस' शीर्षक से लिखे निबंध में दर्ज हैं कि आखिर क्यों उन्हें वहां से भागना पड़ा। इसे *सिविल लाइंस* नामक पत्रिका ने अपने पांचवें अंक में प्रकाशित किया था। तीन पृष्ठों में जब्बार ने जेहादियों द्वारा मार डाले गए 36 पंडित पुरुष और महिलाओं के नाम, उनकी जन्म तारीख, उनके पैतृक गांव और उनके परिवार के सदस्यों के ब्योरे दिए हैं। इन तथ्यों के बाद के पैराग्राफ में लेखिका ने लिखा, 'ये उन पंडितों में से थोड़े से नाम हैं, 1989-91 के दौरान आतंकवादियों ने जिनकी हत्या कर दी। मैं इसमें नौ सौ और लोगों के नाम जोड़ना चाहती हूं, ताकि आपके सामने पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सके। इन महिलाओं और पुरुषों की मौत धोखे से क्रॉस फायरिंग में नहीं हुई, बल्कि उन्हें सोच-समझकर बर्बरता से निशाना बनाया गया। हत्या किए जाने से पहले इनमें से कई महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। एक महिला को आरी से काटा गया। पुरुषों के शरीर में उत्पीड़न के निशान दर्ज थे। गला रेतकर, फांसी पर लटकाकर, अंग भंग कर और आंखें निकालकर लोगों को मारा जाना असामान्य नहीं था। उनके शवों को इस तरह से फेंका गया, जिससे कि उन्हें कोई छू भी न सके। करीब 24 महीनों के दौरान साढ़े तीन लाख पंडितों में से नौ सौ लोगों की हत्या का आंकड़ा आश्चर्यजनक है। कोई भी जो यह कहता है कि पंडितों को घाटी से निर्वासित करने की साजिश जगमोहन ने रची वह झूठा है।'

कश्मीरी पंडितों की पहली और सबसे बड़ी त्रासदी यही थी कि उन्हें अपनी मातृभूमि को छोड़ भागने को मजबूर किया गया। उनके अपने लोगों ने उन्हें पीठ दिखा दी या फिर जब जेहाद ने पंडितों को अपने पागलपन का शिकार बनाया, तो उन्होंने उनकी ओर से मुंह फेर लिया। कभी पंडितों को कश्मीर के अन्य धर्मों को मानने वालों से जोड़ने वाले सांस्कृतिक, काव्यात्मक और आध्यात्मिक संबंधों को इस्लामिक कट्टरपंथियों ने बर्बरता से नष्ट कर दिया। अब उनकी यादें, जिनमें से अधिकांश कड़वी यादें हैं, वहीं रह गई हैं।

कश्मीरी पंडितों की दूसरी त्रासदी यह थी कि उनका निर्वासन ठीक उसी समय हुआ जब भारत के दूसरे हिस्सों में मुस्लिमों का उत्पीड़न हो रहा था। ये वही वर्ष थे, जब अयोध्या स्थित बाबरी मस्जिद के विध्वंस के लिए आंदोलन तेज हो रहा था। लालकृष्ण आडवाणी और उनके साथियों द्वारा आयोजित रथयात्राओं और राम शिला पूजन से उत्तरी और पश्चिमी भारत में दंगे भड़क उठे, जिनमें निर्दोष मुस्लिमों को भारी नुकसान पहुंचा। चूंकि इन दंगों ने देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था, इसलिए कश्मीर की त्रासदी शेष भारत में संख्या के लिहाज से हुई बड़ी त्रासदी में दब कर रह गई।

कश्मीरी पंडितों की तीसरी त्रासदी यह थी कि उनके उत्पीड़न से संबंधित सही तथ्यों से या तो इनकार किया गया या फिर उन्हें दबा दिया गया। पंडितों के संस्मरणों और सोनिया जब्बार के मजबूत तथ्यपरक लेख के बावजूद इस कहानी को बल मिला कि पंडितों के अपनी मातृभूमि से निर्वासन के लिए पाकिस्तान या राज्यपाल जगमोहन या फिर दोनों ही जिम्मेदार थे। इन असत्यों ने कश्मीर के मुस्लिम राजनीतिक नेतृत्व में नकार की भावना को प्रोत्साहित किया। हुर्रियत, पीडीपी और एनसी इन सभी ने यह जतलाने की कोशिश की कि कश्मीरी हिंदुओं के निर्वासन से कश्मीरी मुस्लिमों का कुछ लेना-देना नहीं है।

1990 के दशक से पंडितों ने कश्मीर से बाहर साहसिक तरीके से अपनी जिंदगी को दोबारा से संवारने का प्रयास किया और इस क्रम में उन्होंने खुद को चौथी त्रासदी का सामना करते पाया- उन्होंने पाया कि वे तेजी से बढ़ते हिंदुत्व का मोहरा बनाए जा रहे हैं। उन्होंने जो तकलीफें झेली थीं, उसका उपयोग या अधिक उपयुक्त शब्द है दुरुपयोग 1989 में भागलपुर, 1992 में मुंबई, 2002 में अहमदाबाद और इनके अलावा सैकड़ों अन्य जगहों पर भारतीय मुस्लिमों के खिलाफ हुई हिंसा से जुड़ी यादों को मिटाने के लिए किया गया। विचारकों ने पंडितों से जुड़े सवाल का इस्तेमाल ऐसे अन्य और पूरी तरह से प्रासंगिक सवालों को चुप कराने के लिए किया। भारत के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों के खिलाफ हुए अपराधों में हिंदुत्व की सदोषता को कश्मीर में हिंदुओं के खिलाफ हुए अपराधों में इस्लाम की सदोषता से धोने का प्रयास किया।

और अब पांचवीं त्रासदी से सामना हो रहा है- अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने और उसके बाद जारी राज्य के दमन का पूरे भारत में स्वागत किया जा रहा है, मानो यह पंडितों के साथ जो कुछ हुआ उसका प्रतिशोध है। युवा कश्मीरी अपने घरों से दूर जेलों में बंद हैं, उन्हें परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जा रहा है, खाद्य और दवाओं की कमी का वे सामना कर रहे हैं, जबकि 1990 के दशक की शुरुआत में पंडितों के साथ जो कुछ हुआ उससे उनका कुछ भी लेना-देना नहीं है। फिर भी उन्हें निर्मम और तेजी से सांप्रदायिक होते जा रहे भारतीय मानस के कारण अब कीमत चुकानी होगी।

पांच अगस्त के बाद से मैंने स्वाभाविक रूप से कश्मीर और उन कश्मीरियों के बारे में विचार किया है, जिन्हें मैं जानता हूं। मेरे दिमाग में सर्वाधिक खयाल जिनका आया वह हैं, मेरे मित्र और मेरे पूर्व बॉस टी एन मदान। वह अब उम्र के आठवें दशक के आखिर में पहुंच चुके हैं, शारीरिक रूप से कमजोर हो चुके हैं, लेकिन वह अब भी हमेशा की तरह बौद्धिक रूप से सजग और नैतिक रूप से अटल हैं। मैंने उन्हें मेल पर लिखा कि मैं आपके बारे में सोच रहा हूं। यह है उनका जवाब : 'यह आपदाग्रस्त समय है। हालांकि अनुच्छेद 370 को लेकर हमेशा मेरे मन में संदेह रहा है और मेरी मां, भाई और उनकी पत्नी को 1990 में हमारा घर छोड़कर जाना पड़ा था, जिसे मेरे पिता ने बनाया था, इसके बावजूद मैं घाटी के लोगों के उत्पीड़न और उनके दमन को लेकर गहरी हताशा महसूस कर रहा हूं कि किस तरह से उन्हें हर किसी से अलग-थलग कर बंदियों की तरह रखा गया है। आज मानवीय तथा सांस्कृतिक रूप से बहुलतावादी भारत का विचार जिन गंभीर खतरों का सामना कर रहा है, उसे लेकर मैं दुखी हूं। लेकिन मैं खुद एक बहुलतावादी और आशावादी बना रहूंगा।'

ये समझदारी और संवेदनाओं से भरे शब्द हैं, एक महान पंडित विद्वान के, एक ऐसे पंडित के, जो कि खुद पंडितों के जीवन और तकलीफों के बारे बखूबी जानते हैं। यदि उनकी जैसी समझ वाले पर्याप्त भारतीय हो जाएं, तो कश्मीर (और भारत) के लिए अब भी उम्मीद की जा सकती है।

एक हिमालय नीति की भी जरूरत

हिमालय बाढ़ भूस्खलन, भूकंप के लिए अति संवेदनशील बन गया है। यहां बसे हुए हजारों गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। लोग रोजी-रोटी के लिए पलायन कर रहे हैं।

सुरेश भाई
पर्यावरणविद

हिमालय का दृश्य जब आखों के सामने होता है, तो इसका मतलब समझ लीजिए कि यह अधिक गर्मी पैदा नहीं करता है। चारों ओर के पहाड़ पर बर्फ की सफेद चांदी दिखाई देगी। चौड़े पत्ते के जंगल, असंख्य जीव-जंतुओं के घर, सीढ़ीदार खेत, नदियां, गदेरे और संकरी सड़कें नजर आएंगी। यहां के ऊंचाई के क्षेत्रों में साधु, संतों की तपस्या की गुफाएं, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे भी मौजूद हैं।

लेकिन अब हिमालय का यह स्वरूप बदल रहा है। यहां के गांवों में गर्मी पड़ने लगी है। पखें, कूलर आदि चल रहे हैं। शीतकाल में बर्फ गिरते ही जल्दी पिघल जाती है। पानी के स्रोत सूख रहे हैं। जैव विविधता को नुकसान हो रहा है। कृषि उपज घट रही हैं। जैविक खेती पर रासायनिक खादों का खतरा है। मौसम एक महीना पीछे हट गया है। हिमालय बाढ़ भूस्खलन, भूकंप के लिए अति संवेदनशील बन गया है। यहां बसे हुए हजारों गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। लोग रोजी-रोटी के लिए पलायन कर रहे हैं। नदियों और सड़कों के किनारे बसे हुए कई गांव व शहर अपना अस्तित्व खो रहे हैं।

निश्चित ही तीर्थ यात्री और पर्यटक हिमालय की खुबसूरत वादियों का आनंद लेना चाहते हैं। लाखों लोग हर वर्ष दर्शनार्थी के रूप में यहां पहुंच रहे हैं। यह एक तरह का पर्यटन उद्योग बन गया है, जिससे अधिक से अधिक राजस्व कमाने की होड़ लगी है। पर्यटकों को सुविधा देने के नाम पर पंचतारा संस्कृति, बहुमंजिली इमारतों का निर्माण, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, शराब और भोगवादी विकास ने हिमालय को कमजोर बना दिया है। इसी के चलते आवागमन की सड़कें और ऊंचाई तक जाने वाले पर्वतारोहियों के रास्ते भारी वर्षा और बर्फ के मौसम में अति जोखिम भरे बन गए हैं।

हिमालय की यह स्थिति नदियों और पहाड़ों पर विकास के नाम पर हो रही छेड़छाड़ का परिणाम है। निश्चित ही जलवायु परिवर्तन भी एक कारण है, जिसका सामना करने के लिए कोई मजबूत कार्य योजना नहीं है। अब हर कोई कह रहा है कि हिमालय के विकास पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

जुलाई 2019 के अंतिम सप्ताह में मसूरी में 11 हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिमालयी विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा की है, जिसे हिमालय कॉन्क्लेव का नाम दिया गया है। इस तरह की कॉन्क्लेव हर वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। हिमालय के विषय पर मसूरी में हुई इस चर्चा को यदि आगे बढ़ाया जाता है, तो सरकार को हिमालयी मुद्दों को समझने में सहूलियतें होंगी। वर्षों से इसकी पहल विशेषकर उतराखंड के पर्यावणविद और सामाजिक कार्यकर्ता करते आ रहे हैं। कई बार मांग की गई है कि हिमालय की विशेष भौगोलिक स्थिति के अनुसार यहां के विकास की नीति मैदानी मानकों से पृथक होनी चाहिए। दशकों पुराने इस महत्वपूर्ण विचार को तभी मजबूती मिलेगी, जब नीति आयोग और हिमालयी राज्य मिलकर संसद से एक केंद्रीय हिमालय नीति बनाने का निर्णय करवा सकें।

काबिले गौर है कि सभी हिमालयी राज्य पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्रीय पर्वतीय विकास मंत्रालय की वकालत करने लगे है, परंतु पर्वतीय विकास मॉडल का क्या मंत्र होगा, इस पर मसूरी में हिमालय कॉन्क्लेव में खुलकर बात सामने नहीं आई है। कोई पृथक हिमालय विकास के मॉडल पर गहन चर्चा करने से पहले ही ग्रीन बोनस की जोरदार मांग उठाई गई है।

लेकिन इस विषय को उठाने के साथ हिमालयी राज्यों में निवास करने वाले लोगों द्वारा पाले जा रहे जंगलों के बदले उन्हें निःशुल्क पानी, कम कीमत पर बिजली, 50 प्रतिशत की छूट पर रसोई गैस, नौजवानों को रोजगार देने जैसे अहम विषयों पर जनता को स्पष्ट बताने में सफल नहीं हुए हैं। समय आ गया है कि हिमालयी विकास के मॉडल को तैयार करने के लिए प्रत्येक हिमालयी राज्य को समाज के साथ मिलकर ही होमवर्क करना पड़ेगा। इसी से एक केंद्रीय हिमालय नीति का स्वरूप सामने आएगा।

हिमालय के सतत विकास के लिए नीति आयोग और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सैकड़ों पत्र हिमालय लोक नीति के मसौदे के साथ सौंपा गया है। समय रहते हिमालय बचाने की पहल केंद्र और संबंधित राज्यों की सरकार का एजेंडा बनना चाहिए।

सफलता और असफलता हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन संकल्प और जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी कर सकते हैं। हिंदी को दिल के करीब लाना हो, नियमों का पालन करना हो या चांद तक उड़ान भरना- ये सब तभी हमारे हाथ में होंगे।

संकल्प हो तो बनी रहती है उम्मीद

चिट्ठी-1

हर दिन का संकल्प हो तो बात बने

हिंदी दिवस महज एक तारीख की तरह रह गया है, जो आता है और चला जाता है। रह जाती है, तो सिर्फ दिखावे की हिंदी भक्ति, और शुरू होता है दिखावटीपन। चाहे सरकारी सम्मेलन हो या कवि सम्मेलन, सभी लोग खुद को हिंदी का हितैषी साबित करने में लग जाते हैं। सरकारी संस्थाओं में दो लोगों को बुलाकर उनका फूल-मालाओं से स्वागत करके उनसे चार शब्द बुलवाकर हिंदी दिवस की औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। हिंदी दिवस पर हिंदी कवि सम्मेलन में हिंदी के ऊपर ऐसे बयानों की लाइन लग जाती है कि आप एक पल के लिए भूल जाएंगे कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा नहीं है, बल्कि राजभाषा है। मंच पर से उतरते ही स्वतः रूप से हिंदी का प्रयोग फिर जरूरत के हिसाब से किया जाने लगेगा। अगर आप वाकई हिंदी प्रेमी हैं, तो सोचिए कि साल के महज एक दिन में क्या हिंदी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सकता है और उसे देश की राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है? शायद आपको इसका जवाब भी पता हो! फिर भी बता दूं कि हमारे एक दिन के हिंदी प्रेम से कुछ होने वाला नहीं। आज हिंदी को जानने वालों की कमी नहीं है, कमी है तो बोलने वालों की। कोई बोले तो कैसे, हमने हिंदी को पहले ही पिछड़ी भाषा घोषित कर दिया है। अब लोग तो पिछड़े बनना पसंद करेंगे नहीं। यह सिर्फ आम लोगों की बात नहीं, उन खास लोगों की भी है, जिनका इसी हिंदी की वजह से घर चलता है। फिल्मों में तो हिंदी में बात करेंगे, लेकिन वहीं हिंदी भाषी फिल्म सफल होने के बाद जब लोगों का अभिवादन करने जाएंगे, तो इंटरव्यू में उनका हिंदी प्रेम सिर्फ कैमरे के चालू होने तक होगा। जहां कैमरा बंद हुआ, उनका हिंदी से कोई वास्ता नहीं रह जाता, जबकि सबको पता है कि हिंदी हिंदुस्तान में अनेक भाषाओं के बीच में इकलौती ऐसी भाषा है, जो सेतु का कार्य करती है। गांधी जी भी हिंदी को ही भारत की राष्ट्रभाषा का दर्जा देने के पक्ष में थे। स्वतंत्रता पूर्व हिंदी ही भारत के अनेक प्रांतों को एक करने का एकमात्र उपाय रही। तब लोगों ने इसे अपनाया भी था और उसे देश की शान बताया था। आज भी हम सिर्फ शब्द ही किसी अन्य भाषा में बोल सकते हैं। आपकी भावनाओं को कोई समझा सकता है, तो वह भाषा है हमारे स्वाभिमान, सम्मान और गर्व की। लेकिन हिंदी का दुर्भाग्य है कि आज भी यह भारत की राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी है, जिसकी यह इकलौती हकदार थी और है।

वेद प्रकाश पाल, सुल्तानपुर

चिट्ठी-2

जुर्माने के आगे जिम्मेदारी भी है...

जैसी कि आशंका थी, इस माह नए मोटरवाहन अधिनियम के लागू होते ही जगह-जगह इसकी तमाम विसंगतियां उभरकर सामने आने लगीं। सड़कों पर यातायात और परिवहन संबंधी अनियमितताओं पर जुर्माना दस गुना तक बढ़ाए जाने को लेकर कुछ असंतोष भी है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि इस अधिनियम का उद्देश्य सड़क परिवहन की सुव्यवस्था है या महज सरकारी खजाने का पोषण? विकास के तमाम दावों के बावजूद आज भी हमारे देश में अधिसंख्य आबादी अशिक्षित है और सड़कें बदहाल हैं। इन मजबूरियों में मशीनवत हो गए आदमी से सहज ही गलतियां होती रहती हैं। मोबाइल पर बात करते सड़क पर चलने की आदतें हादसों की एक बड़ी वजह बनती हैं। यातायात व्यवस्था संबंधी ये कायदे वस्तुतः हमारे ही हित में बनाए जाते हैं और ऐसा भी नहीं कि सामान्य तौर पर कोई इनका पालन नहीं करना चाहता। लेकिन अगर ड्राइविंग लाइसेंस पर जुर्माना पांच हजार है, तो क्यों न साथ ही पांच सौ की उसको लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की रसीद दी जाए। सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों की नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए सरकार ने मुआवजे को पच्चीस हजार से बढ़ाकर दो लाख तक कर दिया है, लेकिन इससे बेतरतीब हो चुकी सड़कों की दशा सुधारने की उसकी जिम्मेदारी जरा भी कम नहीं होती। साथ ही सरकार की ओर से डीएल व अन्य कागजातों को बनवाने के लिए आधार की तर्ज पर ही जगह-जगह कैंप स्थापित कर इसे जनसुलभ बनाने का प्रयास भी होना चाहिए।

बिपिन तिवारी, गोंडा

चिट्ठी - 3

नजरों में है गर्व और मन में सम्मान

चंद्रमा की सतह से मात्र 2.1 किलोमीटर पहले लैंडर विक्रम से इसरो का संपर्क टूटना वस्तुतः दिल तोड़ने वाली घटना है। इसरो ने कहा है कि वह इस संबंध में डेटा का विश्लेषण कर रहा है। सत्य यही है कि इसरो और उसके वैज्ञानिकों पर पूरे देश को गर्व है। वह उनकी मेधा, अथक परिश्रम और प्रतिभा को सलाम करता है, जिन्होंने कम संसाधनों में बेहतर की कोशिश की। यह चंद्रमा क्या, संपूर्ण आकाश हमारी मेहनत, जुनून और मेधा के आगे बौना है। इसरो चेयरमैन के. सिवन इस मिशन को ऐसे मोड़ तक लाने के लिए बधाई के पात्र हैं। दिल छोटा करने की आवश्यकता नहीं, संपूर्ण देश आज उनके पीछे खड़ा है। जब मिशन बड़ा होता है, तो असफलताओं की भी उतनी ही बड़ी आशंकाएं होती हैं- "कभी खाली हार, तो कभी फूलों के हार।" एडिसन बल्ब बनाने की प्रक्रिया में दस हजार बार फेल हुए तो उन्होंने सकारात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए कहा था कि मुझे दस हजार ऐसी तरकीबें मालूम हैं, जिनसे बल्ब नहीं बन सकता। हौसला कमजोर नहीं, मजबूत होना चाहिए, क्योंकि आग में तपकर ही तो लोहा फौलाद बनता है। आज हमें विक्रम साराभाई जैसे शलाका पुरुष और भारतरत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे ध्वजवाहक को स्मरण करना चाहिए। 15 अगस्त, 1969 को विक्रम साराभाई ने इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन) की स्थापना की थी। रॉकेट के पार्ट्स प्रक्षेपण स्थल तक पहुंचाने को साइकिल और बैलगाड़ी का प्रयोग किया जाता था, नारियल के पेड़ों को लॉन्चिंग पैड बनाया गया था- "सब दिन न होत एक समान।" आज इसरो के पास 40 से अधिक जियोसिंक्रोनस इक्वेटेरियल ऑर्बिट (जीईओ) मिशन संभालने का अनुभव है। पूर्व राष्ट्रपति कलाम ने अपनी आत्मकथा 'विंग्स ऑफ फायर' में एक घटना का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा कि एक मिसाइल के मिशन में फेल होने पर एक मक्खन बनाने वाली कंपनी ने अपना विज्ञापन दिया कि इस मिसाइल को कामयाबी के लिए अमुक मक्खन खाने की आवश्यकता है। अमेरिका ने भी हमारे रॉकेट रोहिणी-75 के प्रक्षेपण को खिलौना करार देकर हमारा मजाक उड़ाया था, लेकिन डॉ. विक्रम साराभाई, कलाम और उनकी संततियों ने इन आलोचनाओं को सीढ़ी बनाया, जिनके परिणाम सामने हैं। इसरो से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को भारत की जनता प्रणाम करती है। हमें आप पर गर्व है।

डॉ. मनोज कुमार शर्मा, स्याना

इनकी चिट्ठियां भी सराहनीय रहीं | औरैया से इति मालवीय, देहरादून से मानव राव, बलिया से कौशल कुशवाह, रुद्रपुर से तक्ष सोलंकी, मुक्तेश्वर से सनी आहूजा, रेवाड़ी से कुणाल भाटिया, बिलासपुर से प्रेमा गिल, रोहतक से मीना प्रधान, शहीद भगत सिंह नगर से हैरी चड्ढा, सोनीपत से सुखपाल चौधरी, इटावा से लकी झा, पिथौरागढ़ से रितेश नागर, पटियाला से दमन कपूर, सिरसा से शुभ उपाध्याय, हाथरस से शकील अहमद, बागेश्वर से जगन कुलकर्णी, रूपनगर से विक्रम राठौर, यमुना नगर से शशांक सिसोदिया, सोलन से पूर्वी साहू।

अधूरे साक्षात्कार के साथ जिंदगी का एकांत

'साक्षात्कार अधूरा है' नाटक का एक दृश्य और इनसेट में नेमि जी।

वह कविता में जीते थे। आलोचना में सोचते थे और रंगमंच में इस दुनिया को देखते थे। सांस्कृतिक आंदोलनों के साक्षी रहे और स्मृतियों के साथ-साथ चीजों को सहेजने की जो शक्ति उनके पास थी, उससे उन्होंने बने-बनाए ढर्रे को लांघकर स्वच्छंद होने की सहज साहसिकता पाई। एकांत को मित्र की तरह स्वीकार करते थे, लेकिन स्वस्थ बहस में भी मन रमता था। कवि, रंगकर्मी, आलोचक, संपादक और शिक्षक नेमिचन्द्र जैन के 100वें वर्ष में उनको याद करने के कई कारण हमारे पास हैं। एक कृतज्ञ समाज की जिम्मेदारी भी है कि एक ऐसे शख्स को याद किया जाए, जो अपने पीछे सृजन का एक संसार छोड़ गया हो, जिस संसार के कई रास्ते आज भी हमें आगे लेकर जाते हैं। वे 'तार सप्तक' के संस्थापक कवि थे। उन्होंने हिंदी नाटक को अकादमिक पाठ की रूढ़ि से मुक्त कर उसे रंगमंच आधारित बनाया और हिंदी में रंग आलोचना की नई शुरुआत की। कविता की आलोचना में उनके अनुभव की सघनता ने अन्य आलोचकों को भी एक नई दृष्टि दी। उन्होंने 'नटरंग' जैसी हिंदी की एकमात्र दीर्घजीवी रंग-पत्रिका की स्थापना और संपादन किया। उनके द्वारा संपादित 'मुक्तिबोध रचनावली' को रचनावलियों के प्रकाशन की दुनिया में आज भी आदर्श की तरह लिया जाता है। दशकों के जतन और समझ से जमा रंग-सामग्री को लेकर एक ट्रस्ट 'नटरंग प्रतिष्ठान' बनाया, जो अपने ढंग का एकमात्र रंग-अभिलेखागार है। इफको, रंग विदूषक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, इप्टा, अभिनव रंगमंडल जैसी अनेक संस्थाओं के सहयोग से नटरंग प्रतिष्ठान की ओर से नेमि शती पर अनेक आयोजन दिल्ली और कई शहरों में हो रहे हैं। ये आयोजन अनूठे हैं। इनमें नेमि जी के योगदान पर चर्चा तो है ही, उनके कुछ बुनियादी सरोकारों जैसे विचार, कविता, उपन्यास, रंगमंच, संस्कृति की वर्तमान स्थिति पर भी बातें हो रही हैं। इस अवसर पर नेमि जी के जीवन, कृतित्व और संबंधों को तस्वीरों और वक्तव्यों के माध्यम से झलकाने वाली एक प्रदर्शनी की भी शुरुआत हुई। नंद किशोर आचार्य और ज्योतिष जोशी द्वारा संपादित और वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित 'नेमिचन्द्र जैन रचनावली' के पहले खंड का लोकार्पण हुआ। रश्मि वाजपेयी के संपादन में नेमि जी पर केंद्रित 'नटरंग' का भव्य विशेषांक प्रकाशित हुआ। समारोह के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अभिमंच में नेमि जी के कृतित्व और जीवन पर कुछ प्रसंगों और कविताओं का उपयोग कर बनाए गए वृत्तनाटक 'साक्षात्कार अधूरा है' का मंचन हुआ, जिसे भोपाल की संस्था रंग विदूषक ने मशहूर रंगकर्मी बंसी कौल की देखरेख में फरीद बज्मी के निर्देशन, पशुपति शर्मा के आलेख और अंजना पुरी के प्रभावशाली संगीत के साथ प्रस्तुत किया। लगभग एक घंटे की इस प्रस्तुति में नेमि जी का जीवन, उनका संघर्ष और एकांत, उनकी उलझनें और बेचैनियां थीं। प्रस्तुति दर्शकों को घंटे भर बांधे रही। इसी सिलसिले में त्रिवेणी सभागार में मशहूर शास्त्रीय गायक पंडित मधुप मुद्गल का सरस और मधुर गायन भी हुआ। आयोजन का सिलसिला जारी है, जहां अतीत और भविष्य के रिश्ते को गर्मजोशी के साथ महसूस किया जा सकता है और हमें इस बात का भी अहसास होता है कि अगर मन में जिद हो, तो अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने के बावजूद एक अलग राह तो बनाई जा सकती है। बरसों उनके करीब रहने के बाद, इतना तो कहा ही जा सकता है कि 'उपन्यासों को जिंदगी का अधूरा साक्षात्कार' कहने वाले नेमि जी जिद्दी थे!

-देव प्रकाश चौधरी

खुला आकाश

एक कृतज्ञ समाज की जिम्मेदारी भी है कि एक ऐसे शख्स को याद किया जाए, जो अपने पीछे सृजन का एक संसार छोड़ गया हो, जिस संसार के कई रास्ते आज भी हमें आगे लेकर जाते हैं।

गोल चबूतरा

Hindi@mithelesh

मिथिलेश बारिया

बच्चों से न कीजिए चांद-सूरज का वादा
ये चार कंचों में ही खुश हो जाते हैं...

यही चांद-सूरज देखे अकबर ने भी
मैं खुद को क्यों न बादशाह समझूं...

मेरी तन्हाई भी चांद-तारों सी है
जरा सी रात हो जमाना देखता है...

मां हमेशा की तरह घर के काम में लगी हुई थी

मां पीतल की बड़ी-बड़ी बाल्टियां, घड़े, भगौने अपने सामने फैलाकर इमली से रगड़-रगड़कर उन्हें चमका रही हैं और वह उसमें झांक-झांककर देख रहा है। जैसे ही उसे अपना चेहरा दिखने लगता है, वह चिल्लाता है, "हो गया है मां, बस, हो गया! अब इसमें मेरा मुंह दिख रहा है!"
दादी नर्मदा काकी को गंदे बर्तन मांजने के लिए डांटे जा रही हैं, "कितनी बार कहा कि घर के बर्तन ऐसे मांजा कर कि आदमी मुंह देख ले उसमें अपना, पर इसके तो कुछ समझ ही नहीं आता!"
पर नर्मदा काकी हैं कि डांट खाकर भी हंसे जा रही हैं। तभी पापा आते हैं और हंसकर कहते हैं, "थोड़ी-सी इमली रगड़कर आमि का मुंह भी चमका दो... गंदा घूमता रहता है सारे दिन!"
मां को छोड़कर वह पापा के साथ लटक लेता है। पर दो चित्र हैं जो उसकी याद में, दिल में, दिमाग में खुदे पड़े हैं। जब भी बचपन की बातें याद करता है, न जाने कितनी आधी-अधूरी, धुंधली बातों के बीच में ये ऐसे उभरकर आते हैं मानो, फिर से उसकी आंखों के सामने घट रहे हों! क्यों, सो तो वह कभी नहीं समझ पाया।
शाम का समय। मां हमेशा की तरह घर के किसी काम में लगी हैं। पापा आंगन में खाट पर लेटे हैं और वह दादी की गोद में लदा हुआ है। तभी छोटी बुआ दरवाजे से ही चिल्लाती हुई घुसती हैं, "भाभी, क्या तारीफ की है मेहमानों ने तुम्हारे हाथ के बने खाने की! तुम सुनतीं तो बस...!"
"तुमने बुलाया था क्या जो सुनतीं," पापा ने जैसे शिकायत की।
"बहू के हाथ में सवाद ही बहुत है... कुछ भी बनाए..." वह दादी की गोद से छिटककर मां के पास आकर उनका हाथ पकड़कर पूछता है, "मां के हाथ में सवाद बहुत है तो मैं मां का हाथ खा जाऊं दादी?"
मां अपना हाथ खींचकर उसे अलग कर देती हैं और दादी हंसती हुई कहती हैं, "मसखरी तो कोई इससे करा ले!"
बुआ फिर तारीफ करने लगती हैं तो पापा कहते हैं, "बीवी किसकी है!"
"मां किसकी है!" वह भी पापा की नकल करता है और मां की पीठ पर लदकर दोनों बांहें उनके गले में डाल देता है।
"देखो तो कैसे इतरा रहे हैं बाप-बेटे दोनों! अरे जब इस घर में आई थी बहू तो रोटी बेलनी भी नहीं आती थी...सिखया तो सब मैंने ही है।"
दादी का वाक्य उसने पूरा किया तो दादी ने उसे पीटने के लिए हाथ बढ़ाया, "देख नरेन, तू समझा दे अपने बेटे को, मेरे से..."

मन्नू भंडारी

किसी घर का बनना-बसना जिंदगी का वह हिस्सा है, जहां छोटी-छोटी खुशियां और संवेदनाएं फिलर का काम करती हैं। मशहूर कथाकार मन्नू भंडारी की कहानी 'बन्दी' का एक अंश, जिसमें 'घर' हमारे सामने आकर खड़ा हो जाता है।

देहरादून से माधवी खेतान

उम्र का हिसाब मांगती है जिंदगी...

हिंदी फिल्मों की मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले ने कई हजार फिल्मी और गैर-फिल्मी गाने गाए। आज भी उनकी आवाज के करोड़ों प्रशंसक पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। उनके जन्म दिन पर उनकी एक दुर्लभ तस्वीर।

सिरसा से गौरी जैन

पापा, आई लव यू!

एक मेहनती और ईमानदार नौजवान बहुत पैसे कमाना चाहता था, क्योंकि वह गरीब था और बदहाली में जी रहा था। उसका सपना था कि वह मेहनत करके खूब पैसे कमाए और एक दिन अपने पैसे से एक कार खरीदे। जब भी वह कोई कार देखता तो उसे अपनी कार खरीदने का मन करता। कुछ साल बाद उसकी अच्छी नौकरी लग गई। उसकी शादी भी हो गई और कुछ ही वर्षों में वह एक बेटे का पिता भी बन गया। सब कुछ ठीक चल रहा था, मगर फिर भी उसे एक दुख सताता था कि उसके पास उसकी अपनी कार नहीं थी। धीरे-धीरे उसने पैसे जोड़कर एक कार खरीदी। अपनी कार का उसका सपना अब पूरा हो गया था, जिससे वह बहुत खुश था। वह कार की अच्छी तरह देखभाल करता था और उससे शान से घूमता था। एक दिन रविवार को वह कार को रगड़-रगड़कर धो रहा था। यहां तक कि गाड़ी के टायरों को भी चमका रहा था। उसका पांच वर्षीय बेटा भी उसके साथ था। बेटा भी पिता के आगे-पीछे घूम-घूमकर कार को साफ होते देख रहा था। कार धोते-धोते अचानक उसने देखा कि बेटा कार के बोनट पर किसी चीज से खुरच-खुरचकर कुछ लिख रहा है। यह देखते ही उसे बहुत गुस्सा आया। वह अपने बेटे को पीटने लगा। उसने उसे इतनी जोर से पीटा कि बेटे के हाथ की एक उंगली ही टूट गई। दरअसल, उसे अपनी कार बहुत प्रिय थी और वह बेटे की इस शरारत को बर्दाश्त नहीं कर सका। बाद में जब उसका गुस्सा थोड़ा शांत हुआ तो उसने सोचा कि जाकर देखूं कि कार में कितनी खरोंच लगी है। कार के पास जाकर देखने पर उसके होश उड़ गए। उसे खुद पर बहुत गुस्सा आया। वह फूट-फूटकर रोने लगा। कार पर उसके बेटे ने खुरचकर लिखा था- 'पापा, आई लव यू!'

-किन्नौर से बलदेव ठाकुर

परिणय

ब्राह्मण

-सनाढ्य, आदिनाड़ी 39/5'-3'' M.Sc, Biochemistry, PGDCA, अविवाहित अतिसुन्दर कन्या हेतु Professionally Qualified समकक्ष सेवारत अविवाहित वर चाहिये। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वरीयता। 7251074746, 6395254766, lakhan4kk@yahoo.com

♥**अतिशीघ्र विवाह (40-55)** बेसहारा गरीब महिलाएँ (30-39) विधवा, तलाकशुदा, बांझ महिलाएँ बच्चे स्वीकार्य (21-29) अविवाहित निर्धन कन्यायें, ब्राह्मण, अग्रवाल, त्यागी, 07464956134, 07536821403.

-सनाढ्य ब्राह्मण उपाध्याय गोत्र 18-08-1987, 5'4", 6:50 AM अलीगढ़, एम.ए. अंग्रेजी, एम.एड., नैट, सीटैट पास मंगली, कन्या हेतु सरकारी प्राइवेट सेवारत वर चाहिए। 8923639468, 9897216945

-अतिशीघ्र 55,48,बेसहारा, 45 सरकारी, 40 अनमैरिड, 36 बाँझ, 35 विधवा, 28 ग्रेजूएट अंपग अनेको रिश्ते, अन्तरजातीय बच्चा स्वीकार (महिला रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क) - 09760299484, 09219114621.

- Respectable Army family seeks alliance for b'ful, slim, MBA (HR) girl wkg in reputed MNC in NCR. DOB Mar 85/ 5'4". 9899650181, malay911@gmail.com

-गौड़ ब्राहमण भारद्वाज 27/ 5'-2" एम.एस.सी., बी.एड., टीईटी प्राईवेट शिक्षिक, सुन्दर, सुशील, गृहकार्यदक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। मोबाइल- 8004118778, 9335502747

-ब्राहमण 25/ 5'-3", M.Pharmacy, सुन्दर, गोरी, घर के हर कार्य में निपुण पिता का दवाईयों का व्यवसाय कन्या हेतु वर चाहिए, जातिबंधन नहीं- 8827422140, 7224082670

-ब्राहमण 29/ 5'-3",12वीं सुंदर, सुशील गृहकार्यदक्ष मध्यमवर्गीय परिवार की घरेलू कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए, तलाकशुदा मान्य। बच्चे न हों। शिक्षा/ जातिबंधन नहीं- 08349313661, 09754481310

-25/5'4"/ B.Com, MBA,IIM प्रोजेक्ट मैनेजर MNC. 28/5'6"/ B.Tech, IIT रुड़की क्लास-1 आफिसर इण्डियन रेलवे युवतियों हेतु वर। गवर्मेंट, प्राइवेट, बिजनेसमैन सभी ब्राह्मण मान्य। 7310231894, 9889274389

-51/ 5'-4"/ M.Com, Dip/ Govt. SBI/ Bank PO मासिक आय- 76,786/-, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, बच्चेवाले, घर जमाई, रिटायर्ड सभी जाति मान्य है। 09179811439

-40/5'4" MA, B.ed/ Govt. Teacher वधु हेतु वर चाहिए सामान्य, विधुर, तलाकशुदा, घरजमाई मान्य जातिबंधन नही सभी जाति मान्य शीघ्र विवाह हेतु संपर्क- 6399278560, 6399282540

-वशिष्ठ ब्राह्मण, 37/5'3", (UPPCSJ) सिविल जज 15LPA सुन्दर, निसंतान विधवा (नाममात्र शादी) हेतु समकक्ष वर तलाकशुदा विधुर, अन्य उच्च जाति भी विचारणीय। शीघ्र विवाह। 9411040011

-38/5'4" M.com/ Bank Clerk आय -4LPA वधु हेतु वर चाहिए सभी सामान्य, विधुर, तलाकशुदा, घरजमाई मान्य, जातिबंधन नही शीघ्र विवाह हेतु संपर्क करें- 8445558903, 8445348042

- 35वर्षीय-5'4'' रंग साफ प्रईमरी विद्यालय में अध्यापिका पद पर कार्यरत, वार्षिक आय 5-6लाख हेतु वर चाहिए उच्च जाति बन्धन नहीं, विदुर, तलाकशुदा भी मान्य सम्पर्क- 8273044805,7037794977

-ब्राह्मण 46/ 5'4" B.A. Govt Post Office Clerk मासिक आय 62390/-PM हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, अनमैरिड, विधुर सभी मान्य, जाति बंधन नहीं, सम्पर्क- 06232265556, 07610425553.

निविदा सं.	कार्य विवरण	धरोहर धनराशि रू.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय	ई–निविदा द्वारा निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि एवं समय	निविदा की वैधता	प्रि–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय
1	2	3	4	5	6	7	8
2	वार्षिक दर अनुबन्ध पर, Three Core Copper Conductor Flexible PVC Insulated & Sheathed Flat Cable without earth continuity conductor for Submersible Motor-Pump generally conforming to IS: 694:1990 (Reaffirmed 1995) now IS: 694:2010 or its latest amendment(s) की आपूर्ति।						
		58,000.00	11.09.19 from 11:00 a.m.	27.09.19 upto 5:00 p.m.	28.09.19 at 11:00 a.m.	90 days	16.09.19 at 11:00 a.m.
	अर्हताः–Only manufacturers of Three Core Copper Conductor Flat Cable or agency authorised by such manufacturer having BIS license for IS: 694:1990 now IS: 694:2010 or its latest amendment(s) are allowed to take part in this tender.						
9	वार्षिक दर अनुबन्ध पर, रैचेट पाइप थ्रेडर कनफॉर्मिंग टू IS: 16176:2014/ISO Certified की आपूर्ति।						
		60,000.00	11.09.19 from 11:00 a.m.	27.09.19 upto 5:00 p.m.	28.09.19 at 11:00 a.m.	90 days	16.09.19 at 11:00 a.m.
	अर्हताः–रैचेट पाइप थ्रेडर IS: 16176:2014 हेतु बी.आई.एस. लाईसेन्स धारक / आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट धारक निर्माता फर्म ही निविदा में प्रतिभाग कर सकती हैं।						
12	वार्षिक दर अनुबन्ध पर, 24x7 Operation & Maintenance including Monitoring of SIMATIC PLC & WINCC Supervisory Control and Data Acquisition system (SCADA) & Electrical Installation of Srinagar Water Treatment cum Pumping Plant & RBF Station, development of operation logics based on WINCC SCADA reports, Maintenance of Instrumentation & SCADA system including T&P, labour and material complete for three years.						
		81,600.00	11.09.19 from 11:00 a.m.	27.09.19 upto 5:00 p.m.	28.09.19 at 11:00 a.m.	90 days	16.09.19 at 11:00 a.m.
	अर्हताः– Only Tenderers who himself is a qualified engineer i.e. have degree/diploma in field of Electrical/ Electronics or any firm who have appointed qualified degree/diploma in field of Electrical/Electronics on their payroll at least since past 2 years & experience of 5 yrs can participate in this tender. Tenderer must have experience of operation and maintenance of SIMATIC PLC, WINCC SCADA & Automatic Pump motor control panels for not less than Five years in Hilly state India. The tenderer should be a system integrator of the Simatic PLC & WINCC automation products are allowed to take part in this tender.						
17	वार्षिक दर अनुबन्ध पर, आई.एस.आई. मार्कड स्टेबल ब्लीचिंग पाउडर ग्रेड–I कनफॉर्मिंग टू IS: 1065/1989, नवीनतम संशोधन अनुसार के साथ फार ड्रिंकिंग वाटर परपज की आपूर्ति।						
		59,000.00	11.09.19 from 11:00 a.m.	27.09.19 upto 5:00 p.m.	28.09.19 at 11:00 a.m.	90 days	16.09.19 at 11:00 a.m.
	अर्हताः– स्टेबल ब्लीचिंग पाउडर, IS: 1065/1989, नवीनतम संशोधन अनुसार हेतु बी.आई.एस. लाईसेन्स धारक निर्माता फर्म अथवा निर्माता फर्म की अधिकृत एजेन्सी ही निविदा मे प्रतिभाग कर सकती हैं।						

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** एवं विभागीय वैबसाईट **http://ujs.uk.gov.in** पर ऑन लाइन देखी / प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

एयरबेसों की सुरक्षा पुख्ता कर रही वेस्टर्न एयर कमांड

वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ ने कमांड के सभी एओसी और कमांडरों संग दो दिन मैराथन बैठक की

मोहित धुपड़

चंडीगढ़। भारत-पाक के बीच मौजूदा हालात के चलते सेना के साथ-साथ वायुसेना भी पूरी तरह से सतर्क है। वायुसेना अपनी उच्चस्तरीय ऑपरेशनल तैयारियों को पूरा करने में जुटी है।

एयरबेसों व लड़ाकू विमानों और हेलीकाप्टरों को कैसे सुरक्षित रखना है, इस पर भी एयरफोर्स अफसर पूरी तरह गंभीर है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने वेस्टर्न एयर कमांड के सभी एयरबेसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ कमांड को हर परिस्थिति से निपटने केलिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

वेस्टर्न एयर कमांड के तहत आने वाले सभी एयरफोर्स स्टेशनों के एओसी और स्टेशन कमांडों को वायुसेना प्रमुख ने अपनी उच्चस्तरीय ऑपरेशनल तैयारियों को भी पूरा रखने को कहा है। इन अफसरों के साथ वायुसेना प्रमुख ने दो दिन मैराथन बैठक की। इसमें मौजूदा परिवेश में एयरफोर्स को किस तरह सतर्क रहना है और अपने अभियानों को कैसे धार देनी है, विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल रघुनाथ नांबियार भी मौजूद रहे।

इसलिए पाकिस्तान के निशाने पर है कमांड

भविष्य में जो भी हालात बनते हैं और उनमें एयरफोर्स जो भी ऑपरेशनंस करती है। उसमें वेस्टर्न एयर कमांड की भूमिका सबसे अहम रहेगी। यह एयरफोर्स की सबसे महत्वपूर्ण कमांड है। यहां से एयरफोर्स पाकिस्तान के साथ-साथ चीन पर भी नजर रखता है। 'कश्मीर ऑपरेशन 1947-48', भारत-चीन युद्ध 1962, इंडो-पाक युद्ध 1965 व 1971, श्री लंका में ऑपरेशन पवन 1986 और करगिल में ऑपरेश न सफेद सागर -1999 इसमें शामिल हैं। इसके अलावा कमांड के तहत वायुसेना के कई महत्वपूर्ण और अति संवेदनशील एयरफोर्स स्टेशन है, जो हमेशा पाकिस्तान के निशाने पर रहते हैं।

मद्रास हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस का इस्तीफा

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस विजया के. ताहिलरमानी ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मेघालय हाईकोर्ट में तबादले को लेकर उनका पुनर्विचार का अनुरोध ठुकरा दिया था, जिसके बाद ताहिलरमानी का यह निर्णय सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इस्तीफा भेजा है। उन्होंने इसकी प्रति सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को भी भेजी है। एजेंसी

'जल्द नई सुबह होगी...हमारा कल ज्यादा उजला'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसरो के वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा भरे शब्द

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। 'हमारी टीम ने कड़ा परिश्रम किया, हम बहुत दूर तक गए। इस दौरान हमने जो कुछ सीखा, वह हमेशा हमारे साथ रहेगा। हम जब इस यात्रा और प्रयास को मुड़ कर देखेंगे तो संतोष महसूस करेंगे। आज जो सीख मिली है, वह हमें बेहतर और मजबूत बनाएगी। बहुत जल्द नई सुबह होगी, हमारा कल ज्यादा उजला होगा।'

चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर से संपर्क टूटने पर निराश वैज्ञानिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित कर प्रेरणा से भर दिया। दरअसल, लैंडिंग के आखिरी पलों में विक्रम से संपर्क टूटने के कारण इसरो के वैज्ञानिकों में उपजी निराशा उनके साथ मौजूद पीएम मोदी ने महसूस कर ली थी। देर रात कार्यक्रम से लौटने के बाद उन्होंने संदेश दिया कि वह सुबह आठ बजे वैज्ञानिकों को संबोधित करेंगे। सुबह इसरो मुख्यालय पहुंचे पीएम ने अपने संबोधन की शुरुआत तीन बार भारत माता की जय के साथ की। उन्होंने कहा, 'आप वे लोग हैं जो मां भारती और उसकी जय के लिए जीते हैं। आप वे लोग हैं जो मां भारती की जय के लिए जूझते हैं... जो मां भारती के लिए जज्बा रखते ... इसलिए मां भारती का सिर ऊंचा रखने के लिए पूरा जीवन खपा देते हैं। साथियों, मैं कल रात की आपकी मनःस्थिति को समझ रहा था। आपकी आंखें बहुत कुछ कह रही थीं। आपके चेहरे की उदासी मैं पढ़ सकता था। इसलिए, मैं आपके बीच ज्यादा देर नहीं रुका। मुझे पता है कि आप कई रातों से सोये नहीं हैं, फिर भी मेरा मन हुआ कि एक बार सुबह आपसे बात करूं। एक बड़ी सफलता के साथ आगे बढ़ते हुए अचानक सब नजर आना बंद हो गया। मैंने भी उस पल को आपके साथ जिया है। जब कम्युनिकेशन बंद होने का संदेश आया और आप सब हिल गए, मैं देख रहा था। मन में प्रश्न था, क्यों हुआ? कैसे हुआ? और वैज्ञानिक का मन भी तो वही होता है। वो हर बात क्यों और कैसे से शुरू करता है। उम्मीदें थीं... मैं देख रहा था आपको लगता था अरे यार कुछ तो होगा...क्योंकि उसके पीछे आपका परिश्रम था। पल पल आपने बड़ी बारीकी से यह मिशन बनाया था।'

बंगलूरू में शनिवार सुबह इसरो चीफ के सिवन के साथ भावुक पलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

भारत के स्वभाव में है लौटने की क्षमता और लगन

हजारों वर्षों के अपने गौरवशाली इतिहास में हमने ऐसे भी पल देखे, जिन्होंने हमें धीमा किया, लेकिन हमारे साहस को तोड़ नहीं सके। हम बाउंस-बैक करते रहे हैं और शानदार चीजों को अंजाम दिया है। अंतिम परिणाम बेशक महत्वपूर्ण होता है, लेकिन यात्रा और परिणाम के लिए प्रयास महत्व रखते हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं प्रयास और यात्रा दोनों परिणाम जितने ही महत्वपूर्ण हैं।

हमारी इच्छाशक्ति मजबूत

आज चंद्रमा को छूने, आगोश में लेने की हमारी इच्छाशक्ति व संकल्प और मजबूत, प्रबल और दृढ़ हुए हैं। कोई कवि-साहित्यकार आज की घटना को लिखता होगा तो वो जरूर लिखेगा कि शायद आखिरी कदम पर चंद्रयान उसे गले लगाने के लिए दौड़ पड़ा। हमें याद रखना होगा कि चंद्रयान की यात्रा शानदार रही, जानदार रही। पूरे मिशन के दौरान, देश कई बार आनंदित हुआ, गर्व से भरा है।

विज्ञान में विफलता नहीं होती

हर मुश्किल, हर संघर्ष, हर कठिनाई हमें कुछ नया सिखा कर जाती। नए आविष्कार और नई तकनीक के लिए प्रेरित करते हैं और इसी से आगे की सफलता तय होती है। ज्ञान का सबसे बड़ा शिक्षक विज्ञान है। विज्ञान में विफलता नहीं होती, केवल प्रयोग और प्रयास होते हैं। हर प्रयोग और प्रयास ज्ञान के नए बीज बोकर जाते हैं। नई संभावनाओं की नींव रखकर जाते हैं।

सफलता का विश्वकोष

भारत दुनिया की अहम अंतरिक्ष महाशक्तियों में से एक है तो उसके पीछे आप और दशकों से इसरो में काम करने वाले वैज्ञानिकों का योगदान रहा है। आप ही लोग हैं, जिन्होंने पहले प्रयास में मंगल ग्रह पर भारत का झंडा फहराया था। इससे पहले दुनिया में ऐसी उपलब्धि किसी के नाम नहीं थी। हमारे चंद्रयान ने ही दुनिया को चांद पर पानी की जानकारी दी। जब इसरो के पास सफलता का विश्वकोष हो, तो रुकावट के एक दो लम्हों से आपकी उड़ान आउट ऑफ टैजेक्ट्री नहीं हो सकती।

लैंडिंग के समय संपर्क टूटना हमेशा बड़ी चुनौती

इस्राइल का चंद्र मिशन लैंडर भी इसी साल हुआ था क्रैश

नई दिल्ली। फाइन ब्रेकिंग के बाद लैंडर का कंट्रोल रूम से संपर्क टूटना सामान्य बात है। विक्रम के साथ हुआ घटनाक्रम पहला नहीं है। इसी 11 अप्रैल को इस्राइली चंद्र मिशन बेरेशीत चांद की सतह को छूने से 500 मीटर पहले ऐसी ही तकनीकी समस्या से जूझा था। अंततः यह चांद की सतह पर क्रैश हो गया था। नासा के मंगल मिशन का भी लैंडिंग के दौरान करीब सात मिनट तक संपर्क प्रभावित रहा, जिससे अमेरिकी वैज्ञानिक सकते में आ गए थे। तकनीकी सीमाओं की वजह से लैंडिंग के अंतिम पलों में संपर्क टूटने या बाधित होने की समस्या सभी लैंडर मिशन में स्थायी रूप से बनी है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक इसरो को विक्रम के साथ पेश आई स्थितियों का निष्कर्ष निकालने में कुछ महीने लगेंगे। हालांकि अब तक के अनुभवों से पता चलता है कि लैंडिंग के समय संचार बना रहना सबसे बड़ी चुनौती है। इस्राइल का बेरेशीत मिशन करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ था। चंद्रयान-2 से कम कीमत की वजह इसका छोटा आकार और सीमित कार्यक्षमता थी। चंद्रयान-2 की तरह यह भी 49 दिन में चांद पर उतरने के चरण तक पहुंचा था। टेलीमेट्री डाटा के अनुसार चंद्रमा की सतह को छूने से 500 मीटर पहले इसका जायरोस्कोप इंजन विफल हो गया। इस इंजन का काम यान को संतुलित रखना और गति नियंत्रित करना था। संपर्क न होने की वजह से यह करीब 500 किमी प्रतिघंटे की अनियंत्रित रफ्तार से चांद सतह से जा टकराया। एजेंसी

ऐसे खुलेगा राज

चांद की कक्षा में घूम रहे ऑर्बिटर की मदद से विक्रम की तस्वीर और उसकी लोकेशन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

- वैज्ञानिक विक्रम के टेलीमेट्री डाटा रिकॉर्डर के आंकड़ों से ये पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर 2.1 किमी की ऊंचाई पर क्यों वह अपने रास्ते से भटक गया।
- डाटा रिकॉर्डर विमान के ब्लैक बॉक्स जैसा ही यंत्र होता है।
- रिकॉर्डर लैंडर संपर्क टूटने के पहले लगातार डाटा भेज रहा था।

कठिन है चांद की डगर

अब तक विश्व में 109 चंद्र मिशन...61 रहे सफल

अमेरिका : 13वें मिशन में सफल

अमेरिका पहला देश था, जिसने चंद्रमा के लिए यान भेजने की शुरुआत की। 17 अगस्त 1958 को पहला मिशन पायनियर प्रक्षेपण के समय विफल हो गया। उसके 12 मिशन लगातार विफल रहे। 28 जुलाई 1964 में उसका 13वां मिशन रेंजर 7 सफल हुआ। यह ईंपैक्टर मिशन था यानी इसका काम केवल चंद्रमा की सतह पर जाकर टकराना था। भारत का पहला ईंपैक्टर मिशन चंद्रयान-1 के जरिए ही सफल हो चुका है। अमेरिका ने कुल 59 मिशन भेजे, जिनमें से 41 सफल रहे।

रूस : सबसे पहले चंद्रमा पर

अमेरिका के पहले प्रक्षेपण के पांच हफ्ते बाद रूस ने लूना ई1 मिशन बनाया, लेकिन यह प्रक्षेपित ही नहीं हुआ। उसके पहले पांच मिशन प्रक्षेपण के समय ही फेल हो गए। छठवां ईंपैक्टर मिशन लूना-2 सफल रहा। यह 14 सितंबर 1959 को चंद्रमा से जा टकराया।

चीन और जापान

चीन ने अपना पहला चंद्र मिशन 24 अक्तूबर 2007 में भेजा जो सफल रहा। उसने अब तक 9 चंद्र मिशन भेजे जिनमें एक ही विफल रहा है। वहीं जापान ने सात मिशन भेजे, जिनमें दो विफल रहे। इसी तरह इस्राइल का एक मिशन था, जो विफल रहा, यूरोपीय यूनियन का एक मिशन था, वह सफल रहा।

चंद्रयान-1 : भारत को पहले प्रयास में मिली थी सफलता

भारत ने चंद्रयान-1 के जरिए पहले चंद्र मिशन में सफलता पाई थी। यह मिशन 21 अक्तूबर 2008 को भेजा गया। इसके ऑर्बिटर ने चंद्रमा की परिक्रमा सफलता से की, तो ईंपैक्टर 14 नवंबर 2008 को चंद्रमा की सतह से टकराया।

इसरो के पूर्व प्रमुख माधवन नायर भी बोले- 95% कामयाबी

बंगलूरू। इसरो के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर ने शनिवार को वैज्ञानिकों की तारीफ करते हुए कहा कि चंद्रयान-2 ने अपने उद्देश्यों का 95% हासिल कर लिया है। इसमें बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। नायर ने कहा, ऑर्बिटर अंतरिक्ष में है और अपना काम बखूबी कर रहा है। मैं उस क्षण को महसूस कर सकता हूं, जब आप चांद की सतह से 2.1 किमी ऊपर विक्रम के उतरने का इंतजार कर रहे होते हैं। यह बेहद जटिल वक्त था। लोगों ने उत्सुकतापूर्वक अपनी अंगुलियों को जकड़ लिया था, हमने बेहतर किया है।

अंतिम 10 सेकंड में भटका : नायर ने कहा, मिशन के सतह पर उतरने के आखिरी 10 सेकंड उस वक्त महत्वपूर्ण हो गए, जब विक्रम अपने मार्ग से भटक गया और गति पर उसका काबू नहीं रहा।

समर्पण...छह माह के बच्चे को घर पर छोड़कर महिला वैज्ञानिक ने किया काम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मिशन चंद्रयान-2 के प्रति वैज्ञानिकों का समर्पण दर्शाती एक घटना का राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा समिट में जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वे श्रीहरिकोटा में आयोजित कार्यक्रम में महिला वैज्ञानिकों से बातचीत कर रहे थे। यहां एक महिला वैज्ञानिक ने बताया कि उनका छह महीने का एक बच्चा है। वे इसरो हेडक्वार्टर में मिशन पर काम कर रही हैं, और बच्चे को बंगलूरू में अपने माता-पिता के पास छोड़कर काम पर आती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम कल्पना कर सकते हैं कि यह वैज्ञानिकों का अपने लक्ष्य और देश के प्रति समर्पण का सर्वोत्कृष्ट स्तर है। इसरो में जितने पुरुष वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं, उतनी ही संख्या महिला वैज्ञानिक-इंजीनियर की भी है। उन्होंने कहा, मिशन 3.84 लाख किमी दूर स्थित चंद्रमा तक सफलता से पहुंचा और सिर्फ दो किमी पहले संपर्क टूटा। यात्रा और बची दूरी का अनुपात निकालें तो शून्य दशमलव लगाने में काफी समय लग जाएगा।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बताया अपना अनुभव

कहा- सिवन बनेंगे रोल मॉडल

उन्होंने कहा कि 50 या 100 वर्ष बाद आने वाली पीढ़ी चंद्रयान-2 मिशन के वैज्ञानिकों और विशेष तौर पर इसरो प्रमुख सिवन को अपना रोल मॉडल मानेगी। उनके द्वारा किया गया प्रेरणा भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा देने का काम करेगा।

आखिरी पल...उत्सुकता, तनाव और उम्मीद

शुक्रवार रात चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग से ठीक पहले विक्रम से संपर्क टूटा, तब बंगलूरू में इसरो सेंटर में मौजूद वैज्ञानिकों के चेहरों पर तनाव और उम्मीद साफ दिख रहे थे।

दुनिया ने माना लोहा

'चंद्रयान-2' की सॉफ्ट लैंडिंग के दौरान कुछ सेकंड पहले भले ही हमारा संपर्क लैंडर विक्रम से टूट गया लेकिन दुनिया ने इसरो का लोहा मान लिया। पूरी दुनिया से इसरो वैज्ञानिकों को बधाई संदेश मिले। वैश्विक मीडिया ने भारत को अंतरिक्ष महाशक्ति बताया और हमारे वैज्ञानिकों के कौशल की सराहना की...

मोदी और टीम इसे मुमकिन करेगी

मुझे मोदी और उनके वैज्ञानिकों की टीम पर भरोसा है। चंद्रयान-2 को भले ही अंतिम समय पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन वैज्ञानिक एक दिन इसे जरूर मुमकिन कर देंगे। - लोटे शेरिंग, भूटान के प्रधानमंत्री

पूरी दुनिया इसरो से सीखेगी

पूरी दुनिया इसरो के इस अभियान से सीखेगी और इस उन्नत तकनीक को अपनाएगी। हम भी भारत के साथ अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं। - प्रविंद जगनाथ, पीएम, मॉरीशस

समूचे दक्षिण एशिया के लिए गौरव का क्षण

मिशन भविष्य में एक अहम लक्ष्य की ओर एक सार्थक व सफल कदम है। समूचे दक्षिण एशिया के लिए यह गौरव का क्षण है। भरोसा है कि आप जल्द सफलता का स्वाद चखेंगे। - महिंदा राजपक्षे, राष्ट्रपति श्रीलंका

विश्व मीडिया ने चंद्रयान-2 पर क्या लिखा

- **द वायर्ड : अभी खत्म नहीं हुआ मिशन :** भारत का 'चंद्रयान-2' सबसे महत्वाकांक्षी मिशन है। लैंडर विक्रम व रोवर प्रज्ञान से संपर्क टूटने से झटका जरूरी लगेगा लेकिन इससे मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है।
- **न्यूयॉर्क टाइम्स : दशकों की मेहनत से अंतरिक्ष में आगे बढ़ रहा भारत :** भारत भले ही पहली कोशिश में विफल हुआ लेकिन उसके वैज्ञानिकों की दशकों की मेहनत से वह अंतरिक्ष में आगे बढ़ रहा है। अंतरिक्ष को लेकर उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षा इन वैज्ञानिकों के बल पर जरूर पूरी होगी। वह दिन जरूर आएगा जब भारत चांद के इस हिस्से पर उतरेगा और अछूती दुनिया के साथ खड़ा होगा।
- **गार्जियन : भारत वहां जा रहा जहां सौ साल में मानव बसेंगे :** फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस के भारत में तैनात वैज्ञानिक मैथ्यू वेइस के हवाले से लिखा कि भारत अंतरिक्ष में उस ओर बढ़ रहा है जहां आने वाले 20, 50 और 100 सालों में इंसानों को बसाया जा सकेगा।
- **वॉशिंगटन पोस्ट : इसरो कम खर्च में चांद तक पहुंचा:** मिशन बेहद किफायती रहा। इसरो ने महज 14.1 करोड़ डॉलर खर्च किए जो नासा के अपोलो मिशन का बहुत छोटा हिस्सा है। हालांकि चंद्रयान-2 पूर्ण रूप से सफल नहीं हुआ लेकिन यह पूरे भारत के लिए गर्व का मिशन रहा। सोशल मीडिया पर वैज्ञानिकों को लोगों ने जिस तरह बधाई दी और उत्साहवर्धन किया वह देखने योग्य है।

अब इसरो का पूरा ध्यान ऑर्बिटर पर

विक्रम से संपर्क टूटने के बाद अब इसरो का पूरा ध्यान ऑर्बिटर का बेहतर इस्तेमाल करने पर है। चांद से करीब 100 किलोमीटर ऊपर चक्कर काट रहा ऑर्बिटर सही ढंग से काम कर रहा है। इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने शनिवार को कहा कि पहले ऑर्बिटर को एक वर्ष काम करना था लेकिन उसमें उपलब्ध ऊर्जा और ईंधन का इस्तेमाल कर यह 7.5 वर्ष तक काम कर सकता है। इसमें 0.3 मीटर रेजुलेशन का कैमरा लगा है, जो अब तक चंद्रमा पर भेजे गए मिशन में सर्वश्रेष्ठ है। सिवन ने कहा कि इसरो पहले से निर्धारित अपने मिशन पर काम करता रहेगा। अक्तूबर में कार्टोसैट-3 और इसके एक हफ्ते बाद रीसैट-2बीआर-1 का प्रक्षेपण तय कार्यक्रम के मुताबिक ही किया जाएगा। इसके अलावा भारत अपने पहले मानव मिशन गगनयान पर पहले की तरह ही काम करता रहेगा। इसके तहत 2022 में तीन भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजा जाना है।

सितारों ने भी दी बधाई

...आप पर गर्व

गौरव कभी हार का सामना नहीं करता, इसरो आप हमारा गौरव हैं, हमारी जीत... आप पर गर्व है। - अमिताभ बच्चन

सिर्फ संबंध टूटा है, संकल्प नहीं साहस अभी भी ऊंचा है। - लता मंगेशकर

आपने जो किया...शानदार

सबसे तेज दिमाग वाले वैज्ञानिकों के देश का हिस्सा होना ही गर्व की बात है। इसरो के वैज्ञानिकों को सलाम आप जो कर रहे हैं वह शानदार है। - करन जौहर, निर्माता

कई बार हम अपनी मनचाही मंजिल पर नहीं पहुंच पाते लेकिन हमने पूरी उम्मीद और लगन के साथ प्रयास किया यह अहम है। - शाहरुख खान

वैज्ञानिकों को सलाम...

विज्ञान में हमेशा विजयश्री की गारंटी नहीं होती लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए। बिना प्रयोग के विज्ञान संभव नहीं, हम कई बार सफल होते हैं और कई बार कुछ नया सीखते हैं। इसरो के वैज्ञानिकों को सलाम... हमें भरोसा कि बहुत जल्द चंद्रयान 3 की राहें खुलेंगी। - अक्षय कुमार

मुझे विश्वास है कि हमें सफलता जरूर मिलेगी। इसरो के वैज्ञानिकों पर हमें गर्व है आप हमारा असली हीरो हैं। आप यूं ही बढ़ते रहिए। - तापसी पन्नू

सफलताएं आती जाती रहती हैं लेकिन उसे हासिल करने का जज्बा हमेशा रहता है। इसरो पर गर्व है। पीएम ने जिस तरह वैज्ञानिकों का ढांढस बढ़ाया वह देखना सुखद था। - फरहान अख्तर

जल्द लहराएंगे परचम

चंद्रयान 2 विफल नहीं हुआ, हम बहुत जल्द सफलता का परचम चांद पर फहराएंगे। यह हमारे लिए सीखने का बेहद कीमती क्षण है। - कमल हासन

वैज्ञानिकों को पीएम की प्यार वाली झप्पी हमारे दिल पर अलग छाप छोड़ गई। पीएम मोदी के रहने से हमें भरोसा है कि हम अकेले नहीं हैं। यह बताती है कि हम सुरक्षित हैं। -परेश रावल

अभी खत्म नहीं हुआ है मून मिशन, जानें क्या कह रहे हैं वैज्ञानिक
पढ़ने के लिए QR Code स्कैन करें amarujala.com पर

किसान के बेटे...दुश्वारियों के बीच आगे बढ़े

चेन्नई। चंद्रयान-2 मिशन का नेतृत्व करने वाले इसरो के अध्यक्ष कैलासावडिवू सिवन 14 अप्रैल 1957 को कन्याकुमारी के मेला सरक्कलविलाई गांव में एक गरीब किसान के घर जन्मे। उन्हें अपने परिवार का पहला ग्रेजुएट कहा जाता है। उनकी सफलता का महत्व समझने के लिए यह तथ्य जान लेना काफी होगा कि बचपन में अक्सर उनके पास पहनने के लिए जूता या चप्पल भी नहीं होता था।

आर्थिक रूप से कमजोर तबके से आने वाले सिवन की पढ़ाई गांव के सरकारी तमिल माध्यम स्कूल में हुई। उन्होंने 1980 में मद्रास तकनीकी संस्थान से इंजीनियरिंग पूरी की। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर्स करने के बाद वे इसरो से जुड़ गए। वहीं 2006 में उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी की। उनके चाचा शंमुगावेल के अनुसार सिवन बचपन से ही काफी मेहनती और पढ़ाई में जुटे रहने वाले थे। सरकारी स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने कभी ट्यूशन का सहारा नहीं लिया। एजेंसी

साराभाई स्पेस सेंटर के डायरेक्टर भी रहे... सिवन अंतरिक्ष विभाग के सचिव और आयोग के अध्यक्ष भी हैं। वे विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर में निदेशक का पद भी संभाल चुके हैं। कई अंतरिक्ष मिशन में अहम योगदान और इसरो के लिए क्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के लिए उन्हें रॉकेटमैन भी कहा जाता है।

3-इन-1 था मिशन

चंद्रयान-2 एक प्रकार से 3-इन-1 मिशन था...इसमें ऑर्बिटर के साथ लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान भी भेजे गए थे। एक ही मिशन से इसरो का प्रयास चंद्रमा की कक्षा, सतह से नीचे और बहिर्मंडल, तीनों पर शोध करना था। ऑर्बिटर 20 अगस्त 2019 को ही चंद्रमा की कक्षा में सफलता से दाखिल होकर करीब 120 किमी ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहा है और बहिर्मंडल व सतह की तस्वीरें भी भेज चुका है। ऑर्बिटर में 0.3 मीटर रिजोल्यूशन का अत्याधुनिक कैमरा लगा है, जो अब तक किसी भी चंद्र मिशन में नहीं लगाया गया। इसके जरिये चंद्रमा की सतह पर मौजूद एक फीट जितनी बड़ी वस्तु की भी तस्वीर ली जा सकती है। इसरो ने चंद्रयान-2 को बेहद जटिल मिशन बताया और कहा कि यह इसरो के अब तक के सभी मिशन में तकनीकी तौर पर बहुत आगे है। यही वजह है कि 22 जुलाई के प्रक्षेपण के बाद से पूरी दुनिया इसकी प्रगति देख रही है और काफी अपेक्षाएं रखती है।

रिकॉर्ड : साथ भेजे 104 उपग्रह

इसरो में सिवन को पीएसएलवी मिशन में शामिल किया गया। यह मिशन इसरो द्वारा किए जाने वाले भावी प्रक्षेपण मिशन का आधार बना। उनकी विशेषज्ञता की वजह से भारत ने 2017 में अंतरिक्ष में एक साथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित करने में सफलता पाई। 2018 में चेयरमैन बनने के बाद उन्होंने चंद्रयान-2 मिशन पर तेजी से काम किया। मिशन सफल होता तो वे भारत को विश्व के चार चुनिंदा देशों की सूची में शामिल करवाने वाले इसरो के अध्यक्ष के तौर पर इतिहास में दर्ज हो जाते।

सिवन को मिले अवार्ड

- इसरो मेरिट अवार्ड 2007
- डॉ बिरेन रॉय स्पेस साइंस एंड डिजाइन अवार्ड 2011
- आउट स्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड इसरो, 2016
- चेन्नई यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि, 2014

पाक सेना ने भारतीय चौकियों पर हमले के लिए बच्चों-बुजुर्गों को जुटाया

नापाक करतूत : पीओके के लोगों को किया जमा

अमर उजाला ब्यूरो

पुंछ। विशेष दर्जा खत्म करने से तिलमिलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए रोज नई हरकतें कर रहा है। पाकिस्तानी सेना सीमापार से आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए खुलेआम उनकी मदद कर रही है। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना अपने कब्जे वाले कश्मीर में लोगों पर जबरन भारत पर हमले के लिए दबाव बना रही है।

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना आतंकियों के साथ मिलकर बंदूक के बल पर पीओके के हजारों लोगों को जबरन घरों से निकालकर नियंत्रण रेखा के पास भेज रही है। पाक सेना उनसे भारतीय चौकियों पर हमला करवाना चाहती है ताकि उसकी आड़ में घुसपैठ हो सके और जम्मू-कश्मीर का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठा सके। ताजा मामला पुंछ नगर से मात्र 9 किमी दूर चक्कां दा बाग की नियंत्रण रेखा का है। यहां राह-ए-मिलन के पार जीरो लाइन से 400 मीटर दूर तेत्रिनोट में पाक सेना ने शुक्रवार दोपहर से करीब पांच हजार लोगों को जमा कर रखा है। इनके रुकने के लिए पाकिस्तानी सेना बड़े-बड़े तंबू भी लगवाए हैं। इसमें बच्चे-बुजुर्ग भी हैं।

सेना ने पीओके में दर्जनों एंबुलेंस तैनात की हैं। ताकि कार्रवाई में घायल होने या मारे जाने वालों को हटाया जा सके। मालूम हो कि पाक पीएम इमरान खान ने बीते शुक्रवार को लोगों से सड़क पर उतरकर भारत के खिलाफ प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। हालांकि, पीओके में इसका कोई असर नहीं हुआ। इसे देखते हुए पाक ने सेना, आईएसआई और आतंकियों को लोगों को सड़कों पर लाने की जिम्मेदारी दी।

पीओके में नियंत्रण रेखा के करीब पाकिस्तानी सेना ने लोगों को जमा किया।

सेना प्रमुख के साथ पीओके पहुंचे इमरान खान

इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर को लेकर चौतरफा घिरा पाकिस्तान अब पीओके को लेकर दहशत में है। यही कारण है कि पाकिस्तानी पीएम इमरान खान ने सेना प्रमुख के साथ पाक के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार को पीओके की सीमा पर पहुंचे इमरान के साथ रक्षा मंत्री परवेज खटक, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, कश्मीर पर विशेष समिति के अध्यक्ष सैयद फखर इमाम और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भी थे। इमरान ने सैन्य कार्रवाई में मारे गए जवानों के परिजनों और सीमा पर तैनात सैनिकों से भी मुलाकात की। एजेंसी

द्रास सेक्टर में गश्त के दौरान पैर फिसलने से जवान शहीद

नौशेरा। द्रास सेक्टर में शुक्रवार सुबह गश्त के दौरान पैर फिसलने से खाई में गिरने से एक जवान की मौत हो गई। ड्यूटी के दौरान शहीद हवलदार सुरेश कुमार (35) सेना की फर्स्ट जैकलाई बटालियन में तैनात थे और नौशेरा तहसील के हंजाना के रहने वाले थे। शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ शव का अंतिम संस्कार किया गया।

शनिवार सुबह सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद शव को मुख्य बाजार से होते हुए उसके पैतृक गांव हंजाना ले जाया गया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भतीजे ने शव को मुखाग्नि दी। शव को जब उनके भाई सूबेदार नरेंद्र ने कंधा दिया तो पूरा गांव रो पड़ा। उन्होंने कहा, यह गर्व की बात है कि उनके भाई ने देश की खातिर जान दी। शहीद के पिता स्व. भीष्म दास भी सेना की फर्स्ट जैकलाई में थे। **गर्भवती पत्नी की तबीयत बिगड़ी :** पति के शहीद होने की सूचना मिलते ही गर्भवती पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। सैन्य व सिविल चिकित्सकों की टीम ने उनकी जांच की। ब्यूरो

न्यूज डायरी

एयर इंडिया को छह एयरपोर्ट पर ईंधन की आपूर्ति शुरू

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने शनिवार को कर्ज के तले दबी एयर इंडिया को जेट ईंधन की आपूर्ति शुरू कर दी है। 6 एयरपोर्ट में आपूर्ति शुरू कर दी। 22 अगस्त को कोच्चि, मोहाली, पुणे, पटना, रांची व विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर ईंधन की आपूर्ति रोक दी थी। एजेंसी

दुष्कर्म मामले में तैराकी कोच गांगुली ट्रांजिट रिमांड पर

पणजी। दिल्ली की एक अदालत ने गोवा पुलिस को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में तैराकी कोच सुरजीत गांगुली को ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की अनुमति दे दी। ट्रांजिट रिमांड के बाद सुरजीत गोवा पुलिस की हिरासत में 15 सितंबर तक रहेगा, जहां उनसे मामले की पूछताछ की जाएगी। एजेंसी

असम में छह महीने और लागू रहेगा अफस्पा कानून

गुवाहाटी। सरकार ने असम में कानून-व्यवस्था से जुड़े ताजा हालातों को देखते हुए आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट-1958 यानी अफस्पा को छह महीने और लागू रखने का निर्णय लिया है। अफस्पा को 28 अगस्त से ही अगले छह महीने के लिए प्रभावी घोषित कर दिया गया है। इस कानून के तहत सुरक्षा बलों को अभियान चलाने, किसी को बिना पूर्व नोटिस दिए कभी भी और कहीं भी गिरफ्तार करने का विशेष अधिकार मिल जाता है। एजेंसी

पहली महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती में पहले दिन 1100 रजिस्ट्रेशन

अंबाला। इंडियन आर्मी का खड्गा स्टेडियम देश की पहली महिला मिल्ट्री जीडी भर्ती का गवाह बना। पहले दिन के लिए हुए 1100 रजिस्ट्रेशन में से खड्गा स्टेडियम में चार जिलों की करीब 400 बेटियां पहुंची। एजेंसी

ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

क्या आपको लगता है कि इसरो का चंद्रयान-2 मिशन अंतरिक्ष में भारत लिए नए रास्ते खोलेगा?

(1) हां (2) नहीं

पिछले पोल का रिजल्ट

क्या आपको लगता है कि रोबोटिक्स की वजह से दुनिया में रोजगार के अवसर घटेंगे?

हां	78.85%
नहीं	21.15%

amarujala.com पर ये भी देखें...

वीडियो: जब पीएम मोदी से गले लगकर रो पड़े इसरो अध्यक्ष के सिवन

वीकेंड विशेष खबरों के लिए इस कोड को स्कैन करें

खबरें विस्तार से पढ़ने के लिए स्मार्टफोन के कैमरे या QR Code स्कैनर से स्कैन करें

पाकिस्तानी सेना ने फिर तोड़ा संघर्ष विराम नागरिकों को निशाना बनाकर दागे गोले

नापाक हरकत का भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब, इलाके में दहशत का माहौल

अमर उजाला ब्यूरो

पुंछ। कुछ दिन की खामोशी के बाद पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए शनिवार को कृष्णा घाटी सेक्टर में सेना की चौकियों पर गोलाबारी की। रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया। सुबह से चली गोलाबारी दोपहर बाद तक जारी रही। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग घंटों घरों में ही रहे। पाकिस्तानी सेना ने शाम को शाहपुर सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

शनिवार सुबह पौने आठ बजे पाकिस्तानी सेना ने कृष्णा घाटी सेक्टर के अप्पर सलोत्री, सलोत्री, बलनोई आदि क्षेत्रों में भारतीय चौकियों और ग्रामीणों को निशाना बनाकर यूनिवर्सल मशीनगन और मोर्टार से गोलाबारी शुरू कर दी। सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। दोपहरबाद तक दोनों तरफ से गोलाबारी जारी थी। शाम साढ़े पांच बजे पाकिस्तानी सेना ने शाहपुर सेक्टर में भी मोर्टार दागे। देर शाम तक किसी नुकसान की जानकारी नहीं थी। पाकिस्तान ने रविवार और सोमवार को शाहपुर सेक्टर के कस्बा, कीरनी, गुंतरियां में भारी गोलाबारी की थी। इसमें एक जवान शहीद हो गया था।

सोपोर में आतंकी हमला, बच्ची समेत चार घायल

सोपोर आतंकी हमले में घायल ढाई साल की बच्ची उस्मा जान।

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में आतंकियों ने एक घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की। गोलीबारी में ढाई साल की बच्ची समेत परिवार के चार सदस्य घायल हो गए।

370 हटाए जाने के बाद इस तरह का पहला आतंकी हमला है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, हमला शुक्रवार देर रात बारामूला से 16 किमी दूर सोपोर के डांगेरपोरा गांव में हुआ। फायरिंग में ढाई साल की बच्ची उस्मा जान और परिवार के तीन अन्य लोग मो. अशरफ डार, मो. रमजान डार और अर्शीद हुसैन घायल हो गए। हमले के बाद आतंकी वहां से भाग निकले। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी की हालत स्थिर है। पुलिस का मनाना है कि सुरक्षाबलों की सख्ती के चलते लोगों के बीच दहशत फैलाने के लिए आतंकियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले 29 अगस्त को बाइक सवार आतंकियों ने श्रीनगर के पारिमपोरा में 65 वर्षीय दुकानदार गुलाम मोहम्मद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। ब्यूरो

एनएसए ने कहा- इलाज के लिए दिल्ली भेजें

इस बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और घायल बच्ची उस्मा को इलाज के लिए दिल्ली (एम्स) लाने को कहा है।

पाक की सीनाजोरी

इस्लामाबाद। संघर्ष विराम का उल्लंघन करने वाला पाकिस्तान अब सीनाजोरी पर उतर आया है। उसने भारतीय सैनिकों पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाते हुए भारतीय राजनयिक गौरव अहलूवालिया को शनिवार को तलब किया और अपना विरोध जताया। कहा कि भारतीय गोलाबारी से हमारे चार नागरिक जख्मी हुए हैं।

अमेरिका का भारत-पाक के बीच सीधी वार्ता का समर्थन

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाक के बीच कश्मीर और अन्य संबंधित मुद्दों पर सीधी वार्ता का समर्थन करता है। अमेरिका ने कहा वह ये समर्थन इसलिए कर रहा है ताकि दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम हो। दक्षिण-मध्य एशिया के कार्यवाहक सहायक मंत्री एलिस जी. वेल्स ने यह जानकारी दी। वेल्स ने एक ट्वीट में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता का अमेरिका हर सूरत में समर्थन करता है। साथ ही उन्होंने भारत-अमेरिकी रिश्तों को सबसे अहम बताया। हाल में यूएससीएमओ नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान भी भारत और पाक के बीच बातचीत के इसी संदेश पर जोर दिया गया था। उधर, अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने भारत से कश्मीर में राजनेताओं की नजरबंदी व पाबंदियों में ढील देने का आग्रह किया है।

कक्षा छह के पेपर में दलितों के अछूत होने संबंधी प्रश्न पर विवाद

नई दिल्ली। कक्षा छह की परीक्षा में दलितों के अछूत होने संबंधी एक प्रश्न को लेकर तमिलनाडु में विवाद खड़ा हो गया है। यह प्रश्न पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। इसे केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) स्कूलों में से एक का बताया जा रहा है। हालांकि केवीएस ने पेपर को फर्जी करार दिया है। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई ने कहा कि स्कूलों के आंतरिक परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार करने में उसकी कोई भूमिका नहीं होती है।

केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई का अपने यहां का प्रश्न पत्र होने से किया इनकार

डीएमके अध्यक्ष स्टालिन ने ट्वीट किया कि यह बहुत ही चौंकाने वाला है। परीक्षा में जाति से संबंधित ऐसे सवाल पूछे गए हैं जो जातिवाद के अलावा सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हैं। इस प्रश्न पत्र को तैयार करने वाले के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। दरअसल, बहु विकल्पीय प्रश्न में पूछा गया था कि दलित शब्द का मतलब क्या है? इसके उत्तर में विकल्प दिए गए थे, विदेशी, अछूत, उच्च वर्ग और मध्य वर्ग। एजेंसी

मप्र कांग्रेस में मचे घमासान से निपटेगी अनुशासन समिति

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश कांग्रेस में मचा घमासान थमता न देख पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसे अनुशासन समिति को सौंप दिया है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का फैसला फिलहाल लटक गया है। कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर राज्य के प्रभारी दीपक बावरिया ने इस पूरे मामले पर शुक्रवार रात अपनी रिपोर्ट दी थी।

रिपोर्ट आने के बाद शनिवार शाम सोनिया ने राज्य के सीएम कमलनाथ को बुलाकर उनका पक्ष जाना। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मामला अनुशासन समिति को देने का फैसला लिया है। ब्यूरो

खुशी के पल चेन्नई में शनिवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में पासिंग आउट परेड के दौरान खुशी का इजहार करते कैडेट्स।

सीबीआई जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र काम करने देने की जरूरत : मनमोहन

कहा, 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बेहतर रणनीति बनाएं

जयपुर। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, कैग, सीबीआई, सतर्कता आयोग, सूचना आयोग व अन्य आयोग जैसे संस्थानों को संविधान के तहत स्वतंत्र तौर पर काम करने देना चाहिए।

देश की एकता के लिए सरकार को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और ऐसा माहौल प्रदान करना चाहिए जहां विपरीत विचारों का सम्मान किया जाए। आर्थिक सुस्ती को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए मनमोहन ने कहा कि मौजूदा समय में हमारी अर्थव्यवस्था में मंदी दिखाई पड़ती है। जीडीपी की वृद्धि दर गिरी है, निवेश दर स्थिर है, किसान परेशान हैं, बैंकिंग सेक्टर संकट में है और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने सलाह दी कि टैक्स आतंकवाद को रोकना चाहिए, स्वतंत्र आवाजों का सम्मान करना चाहिए। भारत को 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'बेहतर रणनीति' बनानी होगी। आर्थिक सुधार मौजूदा समय की मांग है। एजेंसी

रिश्वत लेते फंसे...त्रिपुरा विवि के कुलपति का इस्तीफा, मंजूर

नई दिल्ली। त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजयकुमार लक्ष्मीकंत्राओ धारूरकर ने स्टिंग ऑपरेशन में फंसने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। शनिवार को उन्होंने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को इस्तीफा भेजा। प्रो. धारूरकर का एक स्टिंग वीडियो निजी चैनल पर चला था। इस वीडियो में कुलपति कांट्रैक्टर से रिश्वत ले रहे थे। इस पर मंत्रालय कुलपति से जवाब मांगता, उससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा भेज दिया।

कुलपति पर कांट्रैक्टर से काम के बदले दस फीसदी का हिस्सा मांगने का आरोप है। रिश्वत के तहत करीब 60 लाख रुपये मांगने का दावा किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने कुलपति का इस्तीफा मंजूर कर लिया। इस्तीफा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विजिटर यानी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। ब्यूरो

चंद्रयान-2

उपराष्ट्रपति ने इसरो को दी बधाई कहा-निराश होने की बात नहीं

1.3 अरब लोगों की उम्मीदें अब भी कायम : नायडू

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा कि इसरो का संपर्क चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम से भले ही टूट गया हो लेकिन देश के 1.3 करोड़ लोगों की उम्मीदें अभी भी कायम हैं। उन्होंने कहा, इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है। ऑर्बिटर अब भी अपने मिशन में लगा हुआ है। नायडू ने कहा, चंद्रयान-2 से जुड़े सभी वैज्ञानिकों व अन्य को मैं सलाम करता हूं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से अंतरिक्ष में नए आयाम को छूने में हम सफल हुए हैं। देश को इसरो पर गर्व है। एजेंसी

चंद्रयान-2 को चांद के इतने करीब पहुंचाने के लिए पूरा देश इसरो पर गर्व कर रहा है। देश हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ खड़ा है। - **अमित शाह, गृह मंत्री**

वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत से चंद्रयान 2 को चांद के करीब पहुंचाया। यह प्रेरणा देने वाला है। - **एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती...

चांद पर पहुंचने की हमारी कोशिश एक दिन सफलता की सीढ़ी जरूर चढ़ेगी। हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और उनका साहस रंग लाएगा, बहुत जल्द भारत चांद पर पहुंचेगा। - **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

पूरा देश आज वैज्ञानिकों पर गर्व कर रहा है। उनका समर्पण, तपस्या और नज़रिया हम सबको प्रेरित करता है। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

बड़े व महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों की रखी नींव : राहुल

चंदयान-2 के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई। आपने इसके लिए अद्भुत काम किया, आपका जुनून और समर्पण हर देशवासी के लिए प्रेरणा है। आपकी मेहनत जाया नहीं जाएगी, आपने भारत के अन्य बड़े और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों की नींव रखी है। - **राहुल गांधी**

इसरो वैज्ञानिकों ने बड़ी मेहनत से काम किया, हमें उन पर गर्व है। पूरा राष्ट्र इसरो के साथ खड़ा है। आप ऐसे ही हमें गौरवान्वित करते रहें। - **ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

विफलता जीवन का हिस्सा... इसके बिना सफलता नहीं

इसरो की टीम पर गर्व है, विफलता जीवन का एक हिस्सा है, इनके बिना सफलता नहीं मिलती। पूरा देश आपके साथ खड़ा है और आपकी मेहनत व समर्पण पर पूरा भरोसा कर रहा है। - **प्रियंका गांधी**

हम सफलता हासिल करेंगे...

हमारा अगला कदम और गौरवशाली होगा और हम सफलता हासिल करेंगे। हमारे वैज्ञानिकों का इतिहास बताता है कि हमारी लड़ाई और संघर्ष जारी रहा है। - **सीताराम येचुरी, माकपा**

लोगों को अंतरिक्ष और विज्ञान व तकनीक में आस्था जागृत करने के लिए टीम इसरो का धन्यवाद। हमें गर्व है कि आप चंद्रयान-2 से चांद के इतने करीब लेकर गए। - **एमके स्टालिन,** डीएमके प्रमुख

एनआरसी से हिंदुओं को बाहर किए जाने पर संघ ने जताई चिंता

पुष्कर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपने सहयोगी संगठनों के साथ पुष्कर में तीन दिवसीय बैठक के पहले दिन असम में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) की अंतिम सूची से असली भारतीय नागरिकों को बाहर रखे जाने पर चिंता जताई गई।

संघ की तीन दिवसीय बैठक शुरू

सूत्रों का कहना है संघ के सहयोगी संगठन सीमा जागरण मंच ने एनआरसी से जुड़ी जानकारी दी कि असम के पड़ोसी राज्यों से आकर वहां बसे करीब 19 लाख लोगों को सूची से बाहर रखा गया है। इनमें ज्यादातर हिंदू हैं। इस पर आरएसएस ने चिंता जताई। भाजपा भी कह चुकी है कि वह नागरिकों की रक्षा के लिए कानून लाएगी। बैठक में संघ से जुड़े 35 सहयोगी संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष और पार्टी महासचिव राम माधव भी इसमें शामिल हुए। एजेंसी

बैठक के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत, जेपी नड्डा व अन्य।

अनुच्छेद 370 हटाने की तारीफ

बैठक में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने और इसके बाद वहां के हालात पर भी प्रजेंटेशन दिया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सदस्यों ने मोदी सरकार के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह संगठन की विचारधारा के तहत लिया गया निर्णय है।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद एक भी गोली नहीं चली : जितेंद्र सिंह

कोच्चि। पीएमओ में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद चार हफ्ते हुए घाटी में एक गोली नहीं चली। वहीं इसके रहते तीन दशक में 42 हजार मासूमों की जान गई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाला यह अनुच्छेद दरअसल आतंकवाद की मदद करता था।

परमवीर चक्र विजेताओं व युद्ध में शामिल रहे जवानों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह ने कहा, देश अपने जवानों के प्रति ऋणी है और उनके साथ बुरा करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, कश्मीर में आतंकवाद के दौर में सेना व अर्द्धसैनिक बलों ने पूरे संयम के साथ काम किया है। इस दौरान हुई हमारे जवानों व नागरिकों की मौत देश के लिए बड़ा नुकसान है। एजेंसी

आवास बनाने में पंजाब सबसे आगे

पीएमएवाई-जी के तहत यूपी और सिक्किम भी तेजी से बना रहे हैं घर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 2020 तक घरों का निर्माण करने में कांग्रेस शासित पंजाब अव्वल है। दूसरे और तीसरे नंबर पर क्रमशः सिक्किम और यूपी हैं। इन राज्यों में भी सबसे तेज गति से घर बन रहे हैं। इस वित्त वर्ष में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 44 लाख, जबकि 2022 तक दो करोड़ 95 लाख घर बनाने का लक्ष्य रखा है।

पंजाब 14000 आवास के लक्ष्य को हासिल करने से महज 57 घर दूर है। दूसरे नंबर पर सिक्किम है, जहां 1095 घर बनाने लक्ष्य को हासिल करने में केवल 71 घर बनने बाकी हैं। तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है, यहां 14 लाख घर बनाने थे। इनमें से 12 लाख 45 हजार 728 घर बनकर तैयार हो गए हैं। इसमें सिर्फ मध्यप्रदेश ही सुस्त रफ्तार से काम कर रहा है। उसे 17 लाख से ज्यादा घर बनाने थे लेकिन 13 लाख से ज्यादा ही बन पाए हैं।

14000 आवास का लक्ष्य हासिल करने से महज 57 घर दूर है पंजाब

राजस्थान को 2020 तक 10 लाख 51 हजार से ज्यादा ग्रामीण आवास बनाने थे। इसमें से छह लाख 46 हजार 875 घर बनकर तैयार हो गए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ को 9,39, 335 घर बनाने का लक्ष्य दिया गया था इसमें से राज्य ने अब तक 713955 ग्रामीण आवास बना दिए हैं।